

पेज 11


राष्ट्रीय दैनिक

संस्थापक अमर कर्मयोगी स्व. श्री तिलकराज जी भाटिया

॥ फानूस बनके जिसकी हिफाजत हवा करे, वो शमां क्या बुझे जिसे रोशन खुदा करे ॥

# जगत क्रान्ति

वर्ष : 47 अंक : 138

जीन्द

बुधवार, 20 मई, 2026

पृष्ठ 12 | मूल्य ₹3

हरियाणा का सर्वमान्य लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

E-paper : http://jagatkranti.co.in

E-mail: jagatkrantijind@gmail.com

जीन्द (हरियाणा) से प्रकाशित


# भारत और नॉर्डिक देशों ने असाधारण प्रगति की : मोदी

- भारत और नॉर्डिक क्षेत्रों के बीच आठ मुद्दों पर सहमति
- हरित विकास, प्रौद्योगिकी और निवेश बढ़ाने पर बनी सहमति
- भारत-नार्डिक शिखर सम्मेलन में बनी सहमति

जगत क्रान्ति ⏭ नई दिल्ली/हि.स.



तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में देशों ने हरित विकास, प्रौद्योगिकी, रक्षा, शिक्षा और समुद्री अर्थव्यवस्था समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। सम्मेलन में भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) तथा भारत-ईएफटीए व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) का लाभ उठाकर व्यापार और निवेश बढ़ाने पर सहमति बनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज ओस्लो में आयोजित तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। इसमें पांचों नॉर्डिक देशों डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन, स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन, नॉर्वे के प्रधानमंत्री योनास गार स्टोरे, फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब और आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रून फ्रॉस्टाडॉटिर भी शामिल हुई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य भारत के विशाल दायरे और नॉर्डिक नवाचार के बीच सेतु बनाकर भविष्य को सशक्त बनाना रहा। प्रधानमंत्री मोदी तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन के लिए ओस्लो में अपने नॉर्डिक समकक्षों के साथ शामिल हुए। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच, भारत और नॉर्डिक देशों के बीच साझेदारी स्थिरता और सतत विकास की एक मज़बूत शक्ति बनी हुई है। नेताओं ने इन प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ावा देने के लिए भारत-नॉर्डिक संबंधों को हरित प्रौद्योगिकी और नवाचार रणनीतिक साझेदारी के

➜ शेष पेज 7 पर

## अमेरिका ने भारत के लिए अपाचे हेलीकॉप्टर सहायता सौदे को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (हि.स.) :** अमेरिका के विदेश विभाग ने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टर, सपोर्ट सेवाएं और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) को मंजूरी दे दी है। इसकी अनुमानित लागत 198.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। अमेरिकी विदेश विभाग के राजनीतिक-सैन्य मामलों के ब्यूरो की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, भारत सरकार ने एएच-64ई अपाचे हेलीकॉप्टरों के रखरखाव और संचालन सहायता सेवाएं, अमेरिकी सरकार और ठेकेदारों की इंजीनियरिंग, तकनीकी एवं लॉजिस्टिक सहायता सेवाएं, तकनीकी डेटा एवं प्रकाशन, कर्मियों का प्रशिक्षण तथा अन्य संबंधित लॉजिस्टिक और प्रोग्राम सहायता सेवाओं की खरीद का अनुरोध किया है। अमेरिका ने कहा कि यह प्रस्तावित बिक्री भारत-अमेरिका

➜ शेष पेज 7 पर

# 252 करोड़ रुपये की परचेज को मंजूरी



- हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में फैसला
- पुलिस, बिजली निगमों, एचवीपीएनएल तथा परिवहन विभाग के प्रस्तावों पर मुहर

जगत क्रान्ति ⏭ राकेश गुप्ता

**चण्डीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में विभिन्न विभागों के लिए लगभग 252 करोड़ रुपये की खरीद संबंधी प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न कंपनियों के साथ नेगोशिएशन कर कई वस्तुओं की दरों में उल्लेखनीय कमी सुनिश्चित कर सरकारी धन के प्रभावी उपयोग पर बल दिया। बैठक में हरियाणा पुलिस के लिए सुरक्षा उपकरणों की खरीद को स्वीकृति दी गई। इसके अलावा, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम तथा उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के लिए लगभग 175 करोड़ रुपये की लागत से 50 स्क्वेयर एमएम आकार के 18000 रैबिट कंडक्टर की खरीद को भी मंजूरी दी गई। साथ ही, एचवीपीएनएल के लिए लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से 5 प्रकार के 132/66 केवी सीएंडआर पैनल्स की खरीद को भी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में हरियाणा परिवहन विभाग की साधारण बसों, एसी बसों, मिनी बसों तथा ड्राइवर ट्रेनिंग स्कूल की बसों के दो वर्ष के बीमा संबंधी प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री ने सरकारी बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस को पिछले वर्ष की दरों पर ही बीमा करने के लिए सहमत करवाया।

## दो बहनों की आत्महत्या मामले में एनसीडब्ल्यू ने लिया संज्ञान



**नई दिल्ली (हि.स.) :** राष्ट्रीय महिला आयोग ने जोधपुर में दो बहनों के साथ कथित रूप से लंबे समय तक सामूहिक दुष्कर्म, ब्लैकमेल, यौन शोषण एवं बाद में आत्महत्या किए जाने संबंधी मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। अध्यक्ष विजया रहाटकर ने राजस्थान के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर मामले में तत्काल, निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने सात दिनों के भीतर विस्तृत एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

आयोग ने एफआईआर में लगाए गए प्रावधानों, सभी आरोपितों की गिरफ्तारी, जांच की वर्तमान

➜ शेष पेज 7 पर

# बब्बर खालसा समर्थित मॉड्यूल से जुड़े दो गुर्गे गिरफ्तार

- दो हैंड ग्रेनेड बरामद, सरकारी संस्थानों पर था निशाना

जगत क्रान्ति ⏭ चंडीगढ़/हि.स.

काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। विदेशी हैंडलरों के दो गुर्गों को गिरफ्तार करके उनके पास से दो हैंड ग्रेनेड बरामद किये गए हैं। पुलिस महानिदेशक पंजाब गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान अजनाला, अमृतसर के बाजीगर मोहल्ला निवासी अजय तथा फत्तेवाल कलां निवासी जोधबीर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने हैंड ग्रेनेड बरामद करने के अलावा उनकी काले रंग की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बरामद किए गए ग्रेनेड एक बड़ी साजिश का हिस्सा थे, जिनका उद्देश्य सरकारी संस्थानों एवं बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर पंजाब की शांति और कानून व्यवस्था को भंग करना था।

उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि विदेशी हैंडलरों ने अपने साथियों को हैंड ग्रेनेड उपलब्ध करवाए हैं और उन्हें आगे अपने किसी अन्य कार्यकर्ता के साथ अमृतसर के लोहारका रोड क्षेत्र में संपर्क स्थापित करने के लिए कहा गया है। इस पुख्ता सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने नाका लगाकर संदिग्ध अजय और जोधबीर सिंह को रोका और उनकी तलाशी ली। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए गए। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में आगे-पीछे के संबंध स्थापित करने के लिए आगे की जांच जारी है, ताकि नेटवर्क में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा सके।

# ग्राम पंचायतें करें तालाबों का रखरखाव : सीएम सैनी

- तालाबों में साफ पानी और सौंदर्यीकरण पर करें फोकस

जगत क्रान्ति ⏭ राकेश गुप्ता



**चण्डीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए कि तालाबों के रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों को समय-समय पर निरीक्षण करने तथा किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर उसे तत्काल दूर करवाने के निर्देश भी दिए गए। मंगलवार को चण्डीगढ़ में हरियाणा तालाब और अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में तालाबों के प्रबंधन एवं रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए।

तालाबों के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उनमें गंदा पानी न पहुंचे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अमृत सरोवर योजना के तहत तालाबों की नियमित सफाई करवाई जाए तथा इस कार्य में पूर्ण पारदर्शिता रखते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन गांवों में जोहड़ आबादी के बीच आ गए हैं, वहां उनकी सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने तालाबों के किनारों को मजबूत करने, गाद निकालने और किनारों पर उगी घास की सफाई करवाने के निर्देश दिए। साथ ही तालाबों के आसपास लोगों के सैर के लिए पक्की पगडंडी, बैठने के लिए बेंच तथा सोलर लाइट लगाने की व्यवस्था करने को कहा।

उन्होंने कहा कि गांवों के गंदे पानी को सीधे तालाबों में न डाला जाए। इसके लिए थ्री-पॉन्ड सिस्टम विकसित किया जाए ताकि पानी को साफ करने के बाद ही तालाबों में छोड़ा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े तालाबों में मछली पालन को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए ऑनलाइन ऑक्शन पोर्टल के माध्यम से तालाबों की बोली लगाई जाए और उससे प्राप्त राशि को तालाबों के रखरखाव पर खर्च किया जाए। उन्होंने आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए सभी ड्रेनों की सफाई करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में कुल 20,039 तालाब हैं, जिनमें से 19,129 ग्रामीण क्षेत्रों तथा 910 शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। अब तक 6,777 तालाबों की सफाई का कार्य पूरा किया जा चुका है और शेष तालाबों की सफाई का कार्य भी शीघ्र पूरा किया जाएगा।

# नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम के निर्देश



जगत क्रान्ति ⏭ नई दिल्ली/हि.स.

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा के लिए मंगलवार को उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, सुरक्षा तथा निष्पक्षता के साथ आयोजित कराने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा मंत्री ने कहा कि पिछली परीक्षा प्रक्रिया में जो भी कमियां सामने आई थीं, उन्हें पूरी तरह दूर किया जाना चाहिए ताकि पुनर्परीक्षा का संचालन त्रुटिरहित और विश्वसनीय तरीके से हो सके। उन्होंने अधिकारियों को सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत सुरक्षित, निर्बाध और फुलप्रूफ परीक्षा कराने के निर्देश दिए। प्रधान ने राज्यों में जिला मजिस्ट्रेटों और पुलिस अधीक्षकों के साथ समन्वय बैठकें आयोजित करने को भी कहा, ताकि परीक्षा केंद्रों की निगरानी मजबूत हो और सभी व्यवस्थाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्रों पर सतर्कता और सुरक्षा से किसी तरह का समझौता नहीं होना चाहिए। साथ ही छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिवहन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) देश में मेडिकल

➜ शेष पेज 7 पर

# पहला सुखोई-30 लड़ाकू विमान अगले साल देगा एचएएल

- बाकी ग्यारह विमान अगले साल बेड़े में होंगे शामिल

जगत क्रान्ति ⏭ नई दिल्ली/हि.स.



हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने भारतीय वायु सेना के लिए खरीदे गए एक दर्जन नए सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों की आपूर्ति करने की समय सीमा निर्धारित कर दी है। इस नए सौदे का पहला जेट वित्त वर्ष 2027-28 के दौरान सौंपा जाएगा। बाकी ग्यारह विमान अगले साल वित्त वर्ष 2028-29 में वायु सेना के बेड़े में शामिल होंगे। इन विमानों की आपूर्ति होने पर वायु सेना की लड़ाकू क्षमता मजबूत होने के साथ ही हाल के दशकों में टूट-फूट और दुर्घटनाओं के कारण हुई विमानों की कमी पूरी हो सकेगी।

वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही के लिए कंपनी की वित्तीय समीक्षा के दौरान एचएएल के अधिकारियों ने भारतीय वायु सेना के लिए किये गए सौदे के 12 सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों की आपूर्ति के बारे में पुष्टि की। रक्षा मंत्रालय ने 12 दिसंबर, 2024 को इन 12 ट्विन-इंजन, मल्टीरोल प्लेटफॉर्म की खरीद के लिए एचएएल के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इन विमानों और संबंधित उपकरणों की खरीद के लिए यह सौदा 13,500 करोड़ रुपये का है। इन विमानों में 62.6 फीसदी स्वदेशी सामग्री होगी और इनका निर्माण एचएएल के नासिक

➜ शेष पेज 7 पर

# पंजाब के गांवों में भूमिगत होंगी बिजली केबल

- मुख्यमंत्री मान के गांव से होगी शुरूआत
- राज्य को खंभा मुक्त बिजली सप्लाई देने की तैयारी

जगत क्रान्ति ⏭ चंडीगढ़/हि.स.



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को अपने पैतृक गांव सतौज में बिजली की तारों को अंडरग्राउंड करने के प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत सतौज में 384 बिजली के खंभे हटा दिए जाएंगे और सड़कों को खोदे बिना जमीन के अन्दर केबलें बिछाई जाएंगी। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इस प्रोजेक्ट को आधुनिक बुनियादी ढांचे, निर्विघ्न बिजली सप्लाई और सुरक्षित गांवों पर आधारित रोशन पंजाब की शुरुआत बताया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि आज पंजाब के गांवों के लिए ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि गांवों को बिजली की तारों के जाल और अनावश्यक खंभों से मुक्त करने का व्यापक प्रोजेक्ट यहीं से शुरू किया जा रहा है। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत सतौज में बिजली की ऊपर से गुजरने वाली तारों को करीब 8 करोड़ रुपए की लागत से जमीनदोज किया जाएगा। यह देश का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है और इस पहल से पंजाब पूरे देश के लिए मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में उभरेगा।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत 7 किलोमीटर हाई टेंशन (एच.टी.) लाइनें, 9.5 किलोमीटर लो टेंशन (एल.टी.) लाइनें और 800 उपभोक्ताओं के घरों को जोड़ने वाली 41 किलोमीटर सर्विस केबल जमीनदोज बिछाई जाएगी। सतौज के 66 के.वी. ग्रिड से गांव से जुड़े तीन 11 के.वी. फीडर और इससे जुड़े 28 ट्रांसफार्मरों की सारी हाई टेंशन लाइनें जमीन के अन्दर हो जाएंगी। इसके बाद 28 ट्रांसफार्मरों से मीटर बॉक्सों तक की सारी लो टेंशन लाइनें भी जमींदोज की जाएंगी। बिजली की ऊपरी तारों के खतरों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि बिजली के खंभों और ऊपरी तारों से पशुओं और लोगों खासकर बच्चों को करंट लगने का खतरा बना रहता है। ट्रैक्टर, कंबाइन और अन्य वाहनों के ऊपरी तारों से संपर्क में आने पर अक्सर हादसे होते हैं। गांवों को निर्विघ्न बिजली सप्लाई मिलेगी, जमींदोज तारों से हादसों में कमी आएगी, बिजली की तारों से फसलों में आग लगने की घटनाएं रुकेंगी और बारिश व तेज हवाएं अब बिजली सप्लाई में बाधा नहीं डाल सकेंगी।

# जम्मू-कटरा रेलखंड पर ढलान को स्थिर करने की तैयारी

- ढलान और सुरंगों की मरम्मत को 238 करोड़ की मंजूरी

जगत क्रान्ति ⏭ नई दिल्ली/हि.स.



भारतीय रेलवे ने उत्तर रेलवे के जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा रेलखंड पर ढलान को स्थिर करने, सुरंगों की मरम्मत और पुलों के सुरक्षा कार्यों के लिए 238 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस रेलखंड की दीर्घकालिक सुरक्षा और विश्वसनीयता को मजबूत करना है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह देश के सबसे दुर्गम इलाकों में सुरक्षित और भरोसेमंद रेल संपर्क सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कटिंग, पुल और सुरंगों का विस्तृत आकलन करने के बाद सुरक्षा एवं पुनर्वास कार्यों को मंजूरी दी गई है।

परियोजना के तहत ढलान को स्थिर करना, सुरंगों से पानी रिसने की समस्या का समाधान, पुलों के सुरक्षा कार्य तथा संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा से जुड़े अन्य उपाय शामिल हैं। रेलवे के अनुसार, इन कार्यों से जम्मू-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा रेलखंड की संरचनात्मक मजबूती और परिचालन सुरक्षा में

➜ शेष पेज 7 पर

**भारत और नॉर्वे** | दोनों देशों में संस्थागत साझेदारी, स्टार्टअप और उद्योग, शैक्षणिक सहयोग को देंगे बढ़ावा

# विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में द्विपक्षीय समझौते

जगत क्रान्ति ⏭ नई दिल्ली /हि.स.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नॉर्वे यात्रा के बीच विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में भारत और नॉर्वे में कई द्विपक्षीय समझौते किए गए। वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के अंतर्गत वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए सोमवार को ओस्लो में नॉर्वे के प्रमुख अनुसंधान, शैक्षणिक और औद्योगिक संगठनों के साथ कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर सीएसआईआर के महानिदेशक और डीएसआईआर के सचिव डॉ. एन. कलाइसेल्वी के



नेतृत्व में डीएसआईआर, सीएसआईआर की ओर से नॉर्वे के सहयोगी संस्थानों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौतों का उद्देश्य अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी के विकास के क्षेत्रों में भारत-नॉर्वे संबंधों का विस्तार करना तथा इसके साथ दोनों देशों में संस्थागत साझेदारी, स्टार्टअप और उद्योग सहभागिता, शैक्षणिक सहयोग तथा सतत विकास संबंधी पहलों को बढ़ावा देना है।

सीएसआईआर और नॉर्वे की अनुसंधान परिषद (आरसीएन) के बीच समझौता ज्ञापन का उद्देश्य अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास, नवाचार और क्षमता विकास में सहयोग को बढ़ावा देना है। इस समझौते में जलवायु, स्वच्छ ऊर्जा, महासागरों और स्वास्थ्य सहित वैश्विक चुनौतियों और सतत विकास लक्ष्यों से संबंधित क्षेत्रों में संयुक्त कार्यशालाओं, सहयोगात्मक अनुसंधान और विकास परियोजनाओं, वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के आदान-प्रदान से जुड़ी यात्राओं, विशिष्ट कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की व्यवस्था और समय-समय पर उनकी समीक्षा के लिए तंत्र बनाने की परिकल्पना की गई है।

यह समझौता जैव-आधारित प्रक्रियाओं और सामग्रियों, नवाचार केंद्रों, समुद्री ऊर्जा (जिसमें अपतटीय पवन और हाइब्रिड प्रणालियां शामिल हैं), कार्बन कैप्चर, भंडारण और उपयोग तथा

➜ शेष पेज 7 पर

# ई-फार्मेसी के विरोध में कल दवा विक्रेताओं की हड़ताल

- खुली रहेंगी जनऔषधि की दुकानें

जगत क्रान्ति ⏭ नई दिल्ली/हि.स.

ई-फार्मेसी के विरोध में बुधवार को केमिस्ट, फार्मासिस्ट और दवा वितरकों का प्रतिनिधित्व करने वाले ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स देशभर में हड़ताल पर रहेंगे। संस्था का कहना है कि यह विरोध ई-फार्मेसी और इंस्टेंट मेडिसिन डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स के लिए बने नियमों में मौजूद खामियों की तरफ केंद्र सरकार का ध्यान खींचने के लिए यह हड़ताल किया जा रहा है। एआईओसीडी का दावा है कि इन कमियों की वजह से ऑनलाइन फार्मेसी कंपनियां पर्याप्त निगरानी के बिना काम कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि देशभर में करीब 7-8 लाख मेडिकल स्टोर हैं, जो बंद रह सकते हैं।

वहीं स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि सभी फार्मेसी चेन और अस्पताल फार्मेसी स्टोर, जन औषधि स्टोर, अमृत फार्मेसी स्टोर कल खुले रहेंगे। इसके अलावा कई राज्य और केमिस्ट एसोसिएशन भी हड़ताल से हट चुके हैं।

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के महासचिव राजीव सिंघल ने बताया कि यह हड़ताल लोगों को परेशान करने के लिए नहीं बल्कि सरकार को अपनी बात पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। एसोसिएशन ने इस बारे

➜ शेष पेज 7 पर

# मेयर राजीव जैन ने लापरवाही पर ठेकेदार को लगाई फटकार

■ बत्रा कॉलोनी में गली निर्माण पर लेवल सही नहीं मिला
■ गली को उखड़वाकर दोबारा निर्माण के दिए निर्देश

जगत क्रान्ति ⏭ सोनीपत



नवनिर्वाचित मेयर राजीव जैन ने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों में लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोमवार शाम उन्होंने पार्षद संजीव वलेचा के साथ बत्रा कॉलोनी में चल रहे गली निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गली का लेवल सही नहीं पाए जाने पर उन्होंने मौके पर ही ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई और गली को दोबारा उखाड़कर नए सिरे से निर्माण कराने के निर्देश दिए। इसके बाद जेसीबी मशीन की मदद से गली को हटाकर पुनः निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया।

स्थानीय निवासियों द्वारा शिकायत मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। मंगलवार को गली के सही ढंग से निर्माण होने पर लोगों ने राहत की सांस ली और मेयर राजीव जैन का आभार व्यक्त किया। मेयर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में चल रहे सभी विकास कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को नियमित फील्ड विजिट करने और कार्यों की प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए। साथ ही पार्षदों से भी अपने-अपने क्षेत्रों में चल रहे कार्यों पर नजर रखने और जन शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर जनता को वास्तविक लाभ पहुंचाना है। इसके अलावा, मेयर राजीव जैन ने पार्षद संजीव वलेचा के साथ सारंग रोड अंडर ब्रिज का भी निरीक्षण किया, जहां डिस्पोजल लाइन फटने के कारण पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो रही थी। उन्होंने मौके पर सफाई कर्मचारियों को बुलाकर सीवरेज ढक्कन खुलवाए, जिससे जल निकासी तेज हो गई और समस्या का आंशिक समाधान हुआ।

## नपा सड़क निर्माण एवं सीवरेज विभाग की कार्यप्रणाली से रोष

रादौर/योगेश कुमार

शहर का विकास 2 विभागों के बीच सिमट कर रह गया है। एक ओर जहां नगरपालिका किसी सड़क का निर्माण करती है, वहीं दूसरी ओर सीवरेज विभाग उस सड़क को उखाड़ देता है। जिससे दोनों विभागों के कार्यों को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। स्थानीय निवासी राजपाल, दिनेश, गौतम, राकेश, सुरेश, कमल, राजकुमार आदि ने बताया कि नगरपालिका द्वारा श्मशान घाट रोड पर बनाए जाने के समय सीवरेज के मेन हॉल सड़क के नीचे दबा दिए गए थे। अब सीवरेज विभाग के कर्मचारियों ने सीवरेज की सफाई करने के लिए सड़क को उखाड़ना शुरू कर दिया है। जिस कारण सड़क जगह जगह से उखाड़ी गई है। इससे सरकारी पैसे का दुरुपयोग हो रहा है।



उन्होंने बताया कि नगरपालिका को सड़क बनाते समय पहले ही सड़क पर सीवरेज के मेन हॉल की व्यवस्था करनी चाहिए थी। परंतु ठेकेदार ने काम खत्म करने की जल्दबाजी में सीवरेज के मेन हॉल ही बंद कर दिए। उसके बाद नगरपालिका अधिकारियों ने भी सड़क को पास कर लापरवाही का सबूत दिया है। अब सीवरेज विभाग के कर्मचारी सीवरेज की सफाई करने के लिए सड़क को उखाड़ने पर लगे हुए है। उन्होंने सड़क निर्माण के समय दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर सेमिनार का आयोजन



जगत क्रान्ति ⏭ योगेश कुमार

**रादौर :** स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में मंगलवार को कक्षा नौवीं व दसवीं के छात्रों के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सत्र का मुख्य उद्देश्य किशोरों में भावनात्मक भलाई, स्वस्थ जीवन शैली की आदतों व मानसिक फिटनेस के महत्व के प्रति जागरूकता पैदा करना था। सिविल अस्पताल, यमुनानगर की एक टीम ने मनोरोग, आयुष व खेल सहित विभिन्न विभागों के माध्यम से जानकारीपूर्ण सत्रों का संचालन किया। विशेषज्ञों ने छात्रों के साथ खुलकर बातचीत की। तनाव, चिंता, सहपाठियों के दबाव, स्वस्थ आहार व भावनात्मक संतुलन से जुड़े उनके सवालों के जवाब दिए। इस अवसर पर छात्रों ने तंबाकू व अन्य हानिकारक पदार्थों से दूर रहने का संकल्प भी लिया। दामला के कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर डॉ. धीरज के साथ रिंकू सिंह, अयोध्या, सुश्री प्रीति विश्वास, विक्रांत ने सार्थक चर्चा व व्यावहारिक मार्गदर्शन के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया। वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में सकारात्मक विचारों, उचित आहार, नियमित व्यायाम व माता-पिता व शिक्षकों के साथ बातचीत के महत्व पर विशेष जोर दिया। स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति नागपाल सेठी ने मेहमानों का स्वागत उपहार भेंट कर किया। उन्होंने छात्रों को एक स्वस्थ, खुशहाल जीवन की ओर ले जाने व उनका मार्गदर्शन करने के लिए मेडिकल टीम के प्रयासों की सराहना की।

## अग्रवाल वैल्फेयर सोसायटी ने किया उमेश गर्ग का अभिनंदन



■ उमेश गर्ग के नेतृत्व में लायंस क्लब करेगा और अधिक तरक्की : पवन गुप्ता

जगत क्रान्ति ⏭ पंकज शर्मा

**शाहाबाद :** अग्रवाल वैल्फेयर सोसायटी द्वारा सोसायटी के वरिष्ठ सदस्य उमेश गर्ग के लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट 321 ए- 2 का गवर्नर चुने जाने के उपलक्ष्य में एक निजी होटल में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। सोसायटी के प्रधान पवन गुप्ता, महासचिव संदीप ऋषि, कोषाध्यक्ष नवीन मित्तल सहित सदस्यों ने उमेश गर्ग का फूलों मालाएं पहनाकर स्वागत किया। सोसायटी के प्रधान पवन गुप्ता, महासचिव संदीप ऋषि ने कहा कि उमेश गर्ग का डिस्ट्रिक गवर्नर चुना जाना न सिर्फ लायंस क्लब बल्कि पूरे समाज एवं नगरवासियों के लिए भी गौरव की बात है। पवन गुप्ता ने कहा कि उमेश गर्ग के योग्य नेतृत्व में लायंस क्लब और तरक्की करेगा।

उमेश गर्ग ने अभिनंदन के लिए सोसायटी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को साधुवाद दिया एवं विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी वह समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रह कर कार्य करते रहेंगे। कोषाध्यक्ष नवीन मित्तल ने सभी अतिथियों का कार्यक्रम में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया एवं शांति पाठ द्वारा कार्यक्रम का समापन करवाया।

इस मौके पर सोसायटी के उपप्रधान राकेश गर्ग, गुरचरण सिंगला, रजनीश गर्ग, दीपक गुप्ता, डा. पीयूष अग्रवाल, देवेन्द्र सिंगला,दीपक गोयल, राजकुमार गोयल, संदीप गोयल, यशपाल सिंगला, ललित मोहन गुप्ता आदि मौजूद थे।

## मेडिएटर तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल को दिए दिशा निर्देश



जगत क्रान्ति ⏭ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी की सचिव डॉ. रेनू सोलखे ने माननीय उच्चतम न्यायालय के समाधान समारोह जो कि 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को किया जाएगा के संदर्भ में मंगलवार को जिला एडीआर सेंटर के सभा कक्ष में मीटिंग का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी की सचिव डॉ. रेनू सोलखे ने बताया कि देश भर के विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान और मध्यस्थता के माध्यम से निपटाने के उद्देश्य से उच्चतम न्यायालय ने 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को समाधान समारोह के आयोजन करने की पहल की है। इसी संदर्भ में मेडिएटर्स तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम का एक पैनल गठित किया है। मीटिंग में डॉ. रेनू सोलखे ने उपस्थित मेडिएटर तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सदस्यों को समाधान समारोह के बारे में उचित दिशा निर्देश दिए।

## आग लगाने वालों के काटे जाएंगे चालान : ईओ

■ छबील लगाने वाले यूज करें कांच, कागज, स्टील के गिलास व डस्टबीन

जगत क्रान्ति ⏭ चन्द्रमणी अत्री



**कुरुक्षेत्र :** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ईओ राजेश कुमार ने सफाई शाखा के अधिकारियों व सुपरवाईजर की मीटिंग लेते हुए उन्हें आदेश दिए कि यदि कोई आग लगाता हुआ मिले तो तुरंत उसका चालान किया जाए और यदि कहीं आग लगी दिखाई दे तो उसे बुझाए या फायर बिग्रेड की मदद लें। उन्होंने कहा कि गर्मी होने के कारण आग की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। ऐसे में आग से जहरीली गैस निकलती हैं, जो हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है और कई बीमारियों का कारण बनती हैं। वहीं प्लास्टिक व पॉलीथिन जलाने और भी ज्यादा खतरनाक सिद्ध होता है। आग लगाने के बाद जो अवशेष रह जाते हैं, जिसमें राख और रसायन मिट्टी जमीन की तो उपजाऊ शक्ति खत्म करते हैं और भूजल को भी दूषित करते हैं। ऐसे में हम सभी की जिम्मेवारी बनती है कि किसी भी कूड़े कचरे या अन्य वस्तुओं में आग न लगाए। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए अब गर्मी में लोगों के द्वारा मीठे पानी की छबील लगाई जाएगी और उस दौरान प्लास्टिक के गिलास में पानी पिलाया जाता है, लेकिन देखने में आया है कि आयोजनकर्ताओं के द्वारा डस्टबीन नहीं रखा जाता और प्लास्टिक के गिलास सड़क पर गिरे हुए दिखाई देते हैं। इससे जहां सड़क पर गंदगी दिखाई देती हैं। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार, सुपरवाईजर अनूप सिंह, राजेश, विशाल, आईईसी एक्सपर्ट वीरेंद्र भारद्वाज, नवनीत सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## पेट्रोल और डीजल के दामों की बढ़ौतरी से हर वस्तु होगी महंगी

जगत क्रान्ति ⏭ सतबीर धीमान

**नरवाना :** शहर के कई कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार ने पांच राज्यों के चुनावों के तुरंत बाद जिस प्रकार पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी की है इससे हर क्षेत्र में हर वस्तु महंगी होगी। कांग्रेस नेताओं ने इस प्रकार दामों में बढ़ोतरी करने की कडी आलोचना की। नप के पूर्व प्रधान भारतभूषण गर्ग ने कहा कि पहले ही गरीब लोगों को कई मुश्किलों से गुजरना पड़ रहा है और निरंतर खाने की वस्तुए महंगी होती जा रही है। इससे और महंगाई बढ़ेगी। नरवाना हलके के पूर्व प्रत्याशी सतबीर दबलैन ने कहा कि सरकार को पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी नहीं करनी चाहिए इससे हर वस्तु के दाम बढ़ते हैं। प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी के सदस्य एडवोकेट सुशील कौशिक ने कहा कि सरकार गरीब वर्ग के लोगों की परवाह नहीं कर रही। देश के प्रधानमंत्री अपने को गरीब परिवार से होने का तो दावा करते हैं लेकिन गरीबों की परवाह कोई नहीं। उन्होंने गरीब परिवार के लोगों की मदद की अपील की।





## समाज उत्थान व जागृति का सशक्त साधन है पत्रकारिता : डॉ. गोयल

■ आदि पत्रकार देवर्षि नारद जयंती पर पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन

जगत क्रान्ति ⏭ सतबीर धीमान



**नरवाना :** ब्रह्मांड के आदि पत्रकार देवर्षि नारद जयंती पर केएम राजकीय कॉलेज में पत्रकार मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में पत्रकारिता का बदलता स्वरूप, चुनौतियां और समाधान विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स. अमरजीत सिंह मधोक ने की तथा बतौर मुख्य वक्ता डॉ. अभिषेक गोयल ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भारतीय पैराभारोत्तोलन रणनीति एवं योजना के निदेशक गौरव बेदी मौजूद रहे। डॉ. अभिषेक गोयल ने कहा कि पत्रकारिता केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के उत्थान, जागृति और जन-कल्याण का एक सशक्त साधन है। देवर्षि नारद को आदि-पत्रकार माना जाता है, जिनका हर संवाद लोक कल्याण के लिए समर्पित था। ऐसे में पत्रकार का धर्म है कि वह बिना किसी दबाव या स्वार्थ के केवल सच को सामने लाए।

आज के युग में जब सूचनाओं की बाढ़ है, नारद मुनि की तरह हम सत्य कहें और धर्म का आचरण करें के सिद्धांत का पालन करना चाहिए। पत्रकारिता का उद्देश्य केवल कमियां उजागर करना नहीं, बल्कि समाधान की ओर समाज का ध्यान आकर्षित करना भी है। आज की भागदौड़ भरी मीडिया में सनसनीखेज खबरों के बजाये नैतिक और विश्वसनीय पत्रकारिता समय की सबसे बड़ी मांग है। अपनी लेखनी और वाणी को समाज की भलाई के लिए समर्पित करें। पत्रकार को हमेशा लोककल्याण और देश समाज के हित में पत्रकारिता करनी चाहिए। उसकी कलम अटकनी, भटकनी, झुकनी और रुकनी नहीं चाहिए।

गौरव बेदी ने पत्रकारों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि निष्पक्ष एवं जिम्मेदार पत्रकारिता समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पत्रकारों को सम्मानित किया तथा आपसी संवाद के माध्यम से पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर जिला प्रचार प्रमुख दिनेश, सह जिला प्रचार प्रमुख गौरवदीप, अमरजीत जिला सोशल मीडिया प्रमुख, शिवम सह जिला सोशल मीडिया प्रमुख, निखिल नगर प्रचार प्रमुख, धर्मवीर खंड प्रचार प्रमुख, अजीत, देव दत्त, रोहताश, डॉ. सुरेंद्र मलिक जिला सेवा प्रमुख भी मौजूद रहे।

## महंत बाबा कैलाश गिरी महाराज ने छोड़ा शरीर



**बवानीखेड़ा/कोकचा :** कस्बा बवानी खेड़ा के बाबा सोमवार पुरी डेरे के महंत बाबा कैलाश गिरी महाराज ने मंगलवार सुबह शरीर छोड़ दिया। वे करीब 72 वर्ष के थे और गिरी पथ से जुड़े हुए थे। उनकी अंतिम यात्रा पूरे कस्बे में निकल गई और बाद में डेरे में उन्हें समाधि दी गई। समाधि संस्कार उनके गुरु भाई विद्यानंद गिरी द्वारा किए गए। जानकारी के अनुसार बाबा कैलाश गिरी 2003 में बवानी खेड़ा के बाबा सोमवार पुरी डेरे में आए थे। वे अक्सर कस्बे की सुख समृद्धि के लिए तपस्या लीन रहते थे। उन्होंने करीब 5 वर्ष तक खड़ी तपस्या व 10 वर्ष तक गर्मी में 251 धुनों की तपस्या व 10 वर्ष तक सर्दी के मौसम में 251 मटकों की जलधारा तपस्या की थी। बाबा सदैव सामाजिक कार्यों में भी आगे रहते थे। उन्होंने सोमवार पुरी डेरे में शेरावाली माता की प्रतिमा, बाबा श्याम की प्रतिमा सहित विभिन्न देवताओं की प्रतिमा स्थापित की थी। वह गौ रक्षक थे और और करीब आठ दस गाय डेरे में रखते थे। वे पशु पक्षी प्रेमी भी थे उनके डेरे में बंदर, कुत्ते खरगोश सहित विभिन्न जीव थे। वे निर्धन लड़कियों की शिक्षा का खर्च उठाते थे और गरीब कन्याओं की शादियों में आर्थिक मदद करते थे। डेरे के सेवक उमेद फौजी ने बताया कि बाबा के डेरे में जो भी श्रद्धालु जाता था वह खाली हाथ नहीं लौटता था। बाबा उसे प्रसाद स्वरूप खाने को अवश्य कुछ ना कुछ देते थे। वे देसी जड़ी बूटियां से निर्मित दवाईयां से शुगर, पत्थरी आदि बीमारियों का भी उपचार करते थे। उनके समाधि संस्कार में बाबा गुमान दास, विचारनाथ सहित अनेक साधु व श्रद्धालु शामिल हुए।

## एचवीएसी बसें अब केवल हरियाणा पर्यटन विभाग के ढाबों पर रुकेंगी

**चण्डीगढ़ :** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज ने निर्देश दिए हैं कि राज्य परिवहन की सभी एचवीएसी बसें अब केवल हरियाणा पर्यटन विभाग के अधिकृत ढाबों पर ही जलपान के लिए रोकी जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना है तथा परिवहन व्यवस्था में अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निजी ढाबों पर बसें रोकने पर कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने सभी महाप्रबंधकों को निर्देश जारी कर दिए हैं और चालकों व परिचालकों को नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं।



## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में वृद्ध जनों की जांच की

जगत क्रान्ति ⏭ चरखी दादरी



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चरखी दादरी के तत्वावधान में स्थानीय चंपापुरी गली नंबर 9 में राधा कृष्ण ओल्ड एज होम वृद्ध आश्रम परिसर में वृद्धजनों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं प्राधिकरण की चेयरपर्सन डां गगनदीप कौर सिंह तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला के दिशा निर्देश अनुसार नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन किया गया जिसमें नागरिक अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रवेश कुमार ने उपस्थित वृद्धजन की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया तथा जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया। इस अवसर पर प्राधिकरण के जिला मुख्य दंडाधिकारी संजीव काजला ने नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में उपस्थित हुए और उन्होंने चिकित्सा दल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना प्राधिकरण की प्राथमिकता है। राधा कृष्ण ओल्ड एज होम के संचालक पूर्व नौसेना अधिकारी राजेश कुमार ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक माह आयोजित होने वाली स्वास्थ्य जांच से वृद्ध जनों को को निरंतर लाभ मिल रहा है। डॉ. प्रवेश कुमार ने अप्रैल के चेत मास के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि इस मौसम में हल्का व सुपाच्य भोजन देना चाहिए। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार रक्षक रोहताश शर्मा तथा नागरिक अस्पताल का स्टाफ रीना, राम भतेरी, अमनदीप, कोमल, अमित, सन्नी, राजेश, इत्यादि उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य विभाग चलाएगा विशेष टीकाकरण अभियान

■ एनीमिया, एचपीवी तथा टीबी की बीमारी से बचाएगी वैक्सीन

जगत क्रान्ति ⏭ सतबीर धीमान



**नरवाना :** एसडीएम जगदीशचंद्र की अध्यक्षता में उपमंडल में विशेष टीकाकरण अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक बैठक हुई। बैठक में डॉक्टर कपिल शर्मा, बीडीपीओ तरुण सुथार, बीईओ संतोष शर्मा, सीडीपीओ सुपरवाइजर रितु सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम जगदीशचंद्र ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपमंडल में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है और इसकी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

विभागीय जानकारी के अनुसार टीकाकरण अभियान के तहत एनीमिया, सेक्स रेशों, एचपीवी तथा टीबी जैसी भयानक बीमारियों से बचने के लिए वैक्सीनेशन किया जा रहा है। यहां यह भी स्पष्ट है कि ये टीके 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों को लगाए जा रहे हैं।

टीकाकरण सभी सरकारी अस्पतालों तथा स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क किया जा रहा है। एसडीएम जगदीशचंद्र ने कहा कि टीकाकरण के प्रति आमजन विशेषकर लड़कियों के अविभावकों में कुछ भ्रांतियां है और वे टीकाकरण के प्रति उदासीन रवैया अपना रहे हैं। एसडीएम ने साफ तौर पर कहा कि टीकाकरण भयानक और जानलेवा बीमारियों की रोकथाम के लिए जरूरी है, लिहाजा अविभावकों को किसी भी दुष्प्रचार का शिकार नहीं होना चाहिए और अपने बच्चों को टीकाकरण का लाभ दिलवाने के लिए स्वेच्छा से आगे आना चाहिए।

एसडीएम ने कहा कि स्वस्थ शरीर मानव की सबसे बड़ी पूंजी है इसलिए आमजन, अविभावक, शिक्षक, जनप्रतिनिधि अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करें और टीकाकरण अभियान को सफल बनाकर मानवता का कार्य करें।

## समाजसेवी पवन हबाना ने लिया श्रीश्री 108 निरंजन दास महाराज का आशीर्वाद

जगत क्रान्ति ⏭ पंकज शर्मा



**शाहाबाद :** जगतगुरु श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें पावन प्रकाश पर्व पर श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला द्वारा आयोजित तीसरे विशाल संत सम्मेलन में विशेषतौर पर पहुंचें पदम्श्री श्रीश्री 108 संत निरंजनदास जी महाराज गद्दीनसीन डेरा सचखंड बल्ला का समाजसेवी पवन हबाना ने आशीर्वाद लिया। पवन हबाना ने संत निरंजनदास जी महाराज का स्वागत किया। पवन हबाना ने बताया कि पदम्श्री श्रीश्री 108 संत निरंजनदास जी महाराज द्वारा रविदासीय धर्म और दलित समुदायों के उत्थान, शिक्षा के क्षेत्र में योगदान, स्वास्थ्य एवं समाजसेवा के लिए कार्य किए जा रहे है जोकि सराहनीय है।

पवन हबाना ने कहा कि सभी पदम्श्री श्रीश्री 108 संत निरंजनदास जी महाराज के पद्चिन्हों पर चलकर समाज के कल्याण में योगदान दें। पवन हबाना ने कहा दुनिया भर में फैले रविदासीय समुदाय के अध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में पदम्श्री श्रीश्री 108 संत निरंजनदास जी महाराज ने वंचित वर्गो के उत्थान व मानवता की सेवा के लिए अनेक अस्पताल खोले है तथा उनके इन कार्यो को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री अवॉर्ड से नवाजा है। पवन ने कहा कि हमें गुरुओं का मान-सम्मान करना चाहिए और संतों-ऋषियों के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए।

## सांसद कुमारी सैलजा आज नरवाना में : पार्षद आशुतोष शर्मा

⏭ कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आमजन से करेगीं मुलाकात

जगत क्रान्ति ⏭ सतबीर धीमान



**नरवाना :** पूर्व केंद्रीय मंत्री, अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव व सिरसा लोकसभा से सांसद कुमारी सेलजा बुधवार 20 मई को नरवाना विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेगीं। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पार्षद आशुतोष शर्मा ने बताया कि सांसद कुमारी सैलजा बुधवार दोपहर बाद 2 बजे पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस हरियल चौंक पहुंचेंगी। सांसद सेलजा पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याएं सुनेंगी। इस दौरे के दौरान उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चौधरी बृजेंद्र सुरजेवाला, जगरूपसिंह सुरजेवाला सहित क्षेत्र के अन्य प्रमुख कांग्रेस नेता और भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। पार्षद आशुतोष शर्मा ने क्षेत्रवासियों व कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याओं को सांसद के समक्ष रखें।

## चंद्रप्रकाश को कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष बनाए जाने से पिछड़ा वर्ग खुश : झांवरी

जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी (ब्यूरो)



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस ओबीसी डिपार्मेंट का अध्यक्ष कांग्रेस विधायक चंद्रप्रकाश को नियुक्त करने से अति पिछड़ा वर्ग के लोगों में भारी उमंग और उत्साह है। निश्चित तौर से हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को बहुत मजबूती मिलेगी, क्योंकि चंद्र प्रकाश जमीन से जुड़े हुए नेता हैं और एक प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर उनका कार्य करने का अच्छा अनुभव रहा है। जिस प्रकार से चंद्रप्रकाश ने आदमपुर से पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के गढ़ को तोड़कर के जीत हासिल कर कांग्रेस को मजबूत करने का कार्य किया था। उसी प्रकार हरियाणा कांग्रेस में पिछड़ा वर्ग डिपार्टमेंट का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से पूरे हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को बहुत ज्यादा मजबूती मिलेगी। उक्त विचार हरियाणा कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जगदीश जांगड़ा जनवरी ने कहे। उन्होंने चंद्रप्रकाश की नियुक्ति पर कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ओबीसी डिपार्मेंट के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल जय हिंद, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, विपक्ष के नेता एवं पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस नेतृत्व का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। वे 36 बिरादरी के लोगों की आवाज वे तत्परता से हरियाणा विधानसभा में उठते रहते हैं।

म्हारा हरियाणा

जीन्द, बुधवार, 20 मई, 2026

www.jagatkranti.co.in

जगत क्रान्ति

## हीट वेव से निपटने को जिला प्रशासन तैयार : नेहा सिंह

**सोनीपत :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि बढ़ते तापमान और संभावित हीट वेव को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार है। आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सभी विभागों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में ओआरएस, दवाइयों, पेयजल और बिजली बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जबकि स्कूलों में बच्चों के लिए पर्याप्त पानी, वेंटिलेशन और सावधानियों के निर्देश दिए गए हैं। सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल व छायादार स्थान उपलब्ध कराने के भी आदेश दिए गए हैं। उपायुक्त ने आमजन से अपील की कि वे प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करें और गर्मी के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतें।

# ऊर्जा संरक्षण को जन अभियान बनाने की दिशा में पहल







- मुख्यमंत्री ने साइकिल चलाकर दिया ईंधन बचत का संदेश
- स्वस्थ जीवनशैली का दिया संदेश, आमजन से की मुलाकात

जगत क्रान्ति ⏭ राकेश गुप्ता

**चण्डीगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और विकसित भारत के संकल्प को जन अभियान बनाने की दिशा में हरियाणा सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार सुबह साइकिल से सफर कर प्रदेशवासियों को ईंधन बचत, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री चंडीगढ़ स्थित सुखना लेक पहुंचे, जहां उन्होंने मॉर्निंग वॉक करने आए लोगों से मुलाकात की और स्वस्थ भारत-स्वस्थ हरियाणा का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोल-डीजल की बचत, सुरक्षित यात्रा, इलेक्ट्रिक वाहनों के अधिक उपयोग और अनावश्यक ईंधन खपत कम करने की अपील अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने इस आह्वान को गंभीरता से लेते हुए राज्य स्तर पर मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। इसके तहत सरकारी कार्यों में वर्चुअल मीटिंग्स को बढ़ावा देने, वर्क फ्रॉम होम जैसे विकल्प अपनाने तथा ऊर्जा बचत को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से आमजन को भी इस मुहिम से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष से भी अपील की कि वे राजनीति से ऊपर उठकर इस राष्ट्रीय संकल्प को मजबूत करने में सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि जिस प्रकार कोरोना काल में देश ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री के आह्वान का पालन किया, उसी तरह आज ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के लिए भी सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

### ईंधन संरक्षण को लेकर राज्यव्यापी अभियान शुरू

**चण्डीगढ़ :** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए राज्यव्यापी अभियान शुरू किया है। इसके तहत स्वच्छ गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी उपायुक्तों और विभागों से दैनिक कार्यप्रणाली में ईंधन दक्षता उपाय अपनाने की अपील की है। उन्होंने सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग, पैदल चलने और साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बैठकों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को प्राथमिकता दी जाए तथा अनावश्यक यात्राओं को कम किया जाए। साथ ही भविष्य में इलेक्ट्रिक और ईंधन दक्ष वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने की बात भी कही गई है।

# हरियाणा सरकार ने एलपीसी प्रारूप में किया संशोधन

- पेंशन मामलों के समयबद्ध निपटान की पहल
- अधिकारियों-कर्मचारियों की सर्विस रिकॉर्ड व्यवस्था होगी अधिक पारदर्शी

जगत क्रान्ति ⏭ राकेश गुप्ता

**चण्डीगढ़ :** हरियाणा सरकार ने आईएएस और एचसीएस अधिकारियों सहित सभी सरकारी कर्मचारियों के सर्विस रिकॉर्ड के बेहतर प्रबंधन और पेंशन मामलों के समयबद्ध निपटान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लास्ट पे सर्टिफिकेट (एलपीसी) के प्रारूप में संशोधन किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडल आयुक्तों, उपायुक्तों, बोर्ड-निगमों, विश्वविद्यालयों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं।

निर्देशों में बताया गया है कि कई बार अधिकारियों के स्थानांतरण या सेवानिवृत्ति के समय सेवा सत्यापन, अवकाश वेतन तथा पेंशन अंशदान से संबंधित चालान समय पर उपलब्ध नहीं हो पाते, जिससे पेंशन मामलों के निपटान में देरी होती है। इसी समस्या को देखते हुए वित्त विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2026 को जारी अधिसूचना के तहत पंजाब ट्रेजरी नियमावली (भाग-दो) में परिभाषित एलपीसी प्रारूप में संशोधन किया गया है।

नई व्यवस्था के तहत अब प्रत्येक विभाग को अधिकारी के स्थानांतरण या कार्यमुक्ति के समय ही सेवा को प्रमाणित करना अनिवार्य होगा, ताकि सर्विस रिकॉर्ड का निरंतर और अद्यतन रखरखाव सुनिश्चित किया जा सके। अब सभी एलपीसी केवल संशोधित प्रारूप में ही जारी किए जाएंगे। निर्धारित प्रारूप के क्रम संख्या-10 पर सेवा सत्यापन का विवरण सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, आईएएस और एचसीएस अधिकारियों से संबंधित प्रत्येक एलपीसी की प्रति मुख्य सचिव कार्यालय की सर्विसेज ब्रांच-4 को भी भेजी जाएगी। साथ ही बोर्डों एवं निगमों में कार्यरत इन अधिकारियों के अवकाश वेतन एवं पेंशन अंशदान के चालान भी मुख्य सचिव कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पेंशन एवं सेवानिवृत्ति मामलों का निपटान समय पर सुनिश्चित किया जा सके।

## श्रद्धालुओं ने तख्त सचखंड हजूर साहेब सहित कई पवित्र स्थलों के किए दर्शन

जगत क्रान्ति ⏭ विनोद गांधी

**हिसार :** नांदेड़ साहिब धार्मिक यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने महाराष्ट्र के पवित्र धार्मिक स्थल तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब में माथा टेककर गुरु घर का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा साहिब में अरदास कर देश, प्रदेश और समाज की खुशहाली एवं शांति की कामना की। तख्त सचखंड श्री हजूर साहेब के दर्शन के अलावा श्रद्धालुओं को सिख इतिहास और धार्मिक महत्व से जुड़े कई प्रमुख तीर्थ स्थलों के भी दर्शन करवाए गए। इस दौरान संगत साहिब गुरुद्वारा, माता साहिब गुरुद्वारा, शिकरी घाट, हीरा घाट, माल टेकड़ी, नगीना घाट और बांदा घाट सहित विभिन्न पवित्र स्थानों पर श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर गुरु परंपरा से जुड़े इतिहास को नजदीक से जाना। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को इन स्थलों की धार्मिक महत्ता एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की जानकारी भी दी गई। श्रद्धालुओं ने कहा कि यह यात्रा उनके जीवन की यादगार और आध्यात्मिक अनुभवों से भरपूर यात्रा रही। गुरुद्वारों में कीर्तन, अरदास और सेवा भाव के माहौल ने सभी को गहरी आत्मिक शांति का अनुभव करवाया। श्रद्धालुओं ने बताया कि ऐसी धार्मिक यात्राएं न केवल आस्था को मजबूत करती हैं बल्कि समाज में भाईचारे, सेवा और एकता का संदेश भी देती हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के रहने, भोजन, आवागमन और दर्शन की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से की गई, जिससे सभी श्रद्धालुओं ने सहजता और श्रद्धा के साथ धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। श्रद्धालुओं ने आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों और प्रबंधकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम युवाओं को अपनी संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक विरासत से जोडने् का कार्य करते हैं।

## भगवान गणेश को समर्पित वरद चतुर्थी आज

**गुरुग्राम :** सनातन धर्म में भगवान गणेश को प्रथम पूज्य माना जाता है। प्रत्येक माह में 2 चतुर्थी आती हैं, लेकिन माघ माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी का विशेष महत्व है, जिसे गणेश जयंती, माघी गणेश चतुर्थी, तिलकुंद चतुर्थी और वरद चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था।

मदनपुरी स्थित बाबा अमरनाथ मंदिर के पुजारी शंकर शास्त्री ने कहा कि इस बार ज्येष्ठ अधिक माह की चतुर्थी तिथि की शुरुआत मंगलवार को दोपहर 2 बजकर 18 मिनट हो चुकी है और आज बुधवार की प्रातः 11 बजकर 6 मिनट पर समापन होगा। उदया तिथि के अनुसार आज बुधवार को वरद चतुर्थी मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यता है कि वरदा विनायक चतुर्थी के दिन गणपति बप्पा की उपासना करने से जीवन में सुख, समृद्धि और सफलता प्राप्त होती है।

## न्यूज एक्सप्रेस

### नीव फाउंडेशन ने छह राज्यों में शुरू किया समर रिलीफ अभियान




**फरीदाबाद :** देश के कई हिस्सों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के बीच, नीव फाउंडेशन ने भीषण गर्मी से प्रभावित लोगों, बाहरी श्रमिकों, लावारिस पशुओं और पक्षियों के लिए बड़े स्तर पर समर रिलीफ अभियान इस गर्मी में शुरू किया है। यह अभियान राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र सहित छह राज्यों में चलाया जा रहा है। इस पहल पर बात करते हुए वंडर सीमेंट के डायरेक्टर और नीव फाउंडेशन के संस्थापक विवेक पटनी ने कहा भारत में गर्मियां लगातार ज्यादा कठिन होती जा रही हैं। खासकर उन लोगों के लिए जो दिनभर खुले में काम करते हैं। इस अभियान के जरिए हमारा उद्देश्य उन लोगों तक तुरंत और आसान राहत पहुंचाना है जो कठिन मौसम के बावजूद हमारे शहरों को चलाए रखते हैं। कई बार सबसे जरूरी मदद सबसे सरल होती है- चाहे वह एक गिलास पानी हो कुछ देर की छांव हो या मुश्किल समय में बुनियादी सहयोग।

### घटते लिंगानुपात पर सरकार सख्त, चार डॉक्टर निलंबित

**चंडीगढ़ :** हरियाणा सरकार ने घटते लिंगानुपात को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के चार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने लिंगानुपात सुधार कार्यक्रमों की निगरानी और क्रियान्वयन में लापरवाही तथा खराब प्रदर्शन के चलते यह कार्रवाई की है। साथ ही अवैध लिंग जांच और कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम में किसी भी तरह की ढिलाई न बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी है और निलंबन अवधि के दौरान उन्हें अलग-अलग सिविल सर्जन कार्यालयों से संबद्ध किया गया है।

### 30 जून तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर ब्याज में राहत



**करनाल/निर्मल :** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों को राहत देते हुए नई अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने कहा कि यदि संपत्ति मालिक 30 जून 2026 तक लंबित प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराते हैं और पोर्टल पर सेल्फ सर्टिफिकेशन करते हैं, तो बकाया राशि पर लगने वाले 100 प्रतिशत ब्याज में छूट मिलेगी। यह अधिसूचना 15 मई 2026 से लागू हो चुकी है। आयुक्त ने नागरिकों से अपील की कि वे समय रहते टैक्स जमा कर इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी संपत्ति का स्व-प्रमाणीकरण अवश्य करवाएं।

### गांव की जनता करेगी विकास कार्यों की जांच : डॉ. चौहान



**करनाल/निर्मल :** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी में 26 मई तक सामाजिक अंकेक्षण पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं में पारदर्शिता और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि प्रशिक्षु टीमों द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जांच की जा रही है। इसमें योजनाओं के दस्तावेजों का सत्यापन और लाभार्थियों से संवाद शामिल है। उन्होंने कहा कि 20 मई को ग्राम सभाओं में सामाजिक अंकेक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी, जिसमें ग्रामीण स्वयं विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे और अनियमितताओं पर जवाबदेही तय की जाएगी।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में प्रशिक्षण शिविर शुरू



**सोनीपत :** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के सफल आयोजन के लिए आयुष विभाग द्वारा योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 18 मई से शुरू हुए तीन दिवसीय शिविर का दूसरा दिन सोमवार को संपन्न हुआ। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राम अवतार ने बताया कि हैबिटेट क्लब सोनीपत में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित इस प्रशिक्षण में शारीरिक शिक्षा प्रवक्ताओं, पीटीआई और डीपीई को योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक विभिन्न ब्लॉकों से करीब 185 प्रतिभागी इसमें शामिल हो चुके हैं। इसके साथ ही पुलिस लाइन, जिला कारागार और केंद्रीय पुलिस बल खेवड़ा-बहालगढ़ में भी योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि 21 जून को योग दिवस का व्यापक और सफल आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

## दिव्यांग बच्चों की मुस्कान में दिखे स्वयं श्री कृष्ण

जगत क्रान्ति ⏭ अजय राजपूत



**पानीपत :** जियो गीता महिला मंडल पानीपत एवं श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आज दिव्यांग (मूक-बधिर) बच्चों के लिए एक विशेष धार्मिक मूवी शो का आयोजन किया गया। स्थानीय पीवीआर सिनेमा में आयोजित इस शो के दौरान बच्चों को श्री कृष्ण अवतारम फिल्म दिखाई गई। जो बच्चे सुन और बोल नहीं सकते थे। उन्होंने अपनी आंखों से इस पावन चलचित्र को देखकर इसका भरपूर आनंद लिया। बच्चों के चेहरों की चमक और अनोखी खुशी को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानों स्वयं भगवान श्री कृष्ण उनकी मुस्कान और आंखों में बस गए हों।

इस सेवामयी अवसर पर बच्चों के लिए केवल सिनेमा की ही व्यवस्था नहीं थी, बल्कि जियो गीता परिवार की ओर से उन्हें सुरुचिपूर्ण भोजन और स्नैक्स भी परोसे गए। बच्चों ने बड़े चाव से इसका आनंद लिया और पूरी टीम को अपनी मूक दुआएं दीं।

वहीं, गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज के जन्मोत्सव मास के उपलक्ष्य में एक नए जियो गीता महिला मंडल, शिव शक्ति अंसल, पानीपत का विधिवत गठन भी किया गया। इस पुनीत कार्य में शिव शक्ति मंदिर अंसल से जुड़े प्रबुद्ध भाईयों और सदस्यों ने हिस्सा लिया।

उन्होंने जियो गीता महिला मंडल व श्री कृष्ण कृपा सेवा समिति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना पूर्ण सहयोग दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला मंडल की सभी सम्मानित सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बच्चों की पूरे वात्सल्य भाव से सेवा की।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी



जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी/ब्यूरो

पक्का कर्मचारी, 26000 रूपयें वेतन, एक्सग्रेसिया, 400 की आबादी पर स्थाई कर्मचारी की भर्ती की मांग को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा (सीटू) के आह्वान पर 15 मई से जारी ग्रामीण सफाई कर्मियों की हड़ताल आज पांचवे दिन भी जारी रही। आज की हड़ताल व रोष सभा की अध्यक्षता यूनियन नेता गोबिन्द ने किया व संचालन सुमित मुढ़ाल ने किया। रोष सभा व हड़ताल को संबोधित करते हुए सीटू व यूनियन नेताओं ने बोलते हुए कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते आज महंगाई आसमान छू रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायाब सैनी ने 2024 में मंत्री कृष्ण बेदी के आह्वान पर हजारों सफाई कर्मचारियों के बीच वाल्मिकी जयंती पर ग्रामीण सफाई कर्मीयों को 26000 रूपयें न्यूनतम वेतन लागू करने का वायदा किया।

वहीं 2025 में कबीर जयंती के उपलक्ष्य पर मंत्री कृष्ण बेदी के आह्वान पर ही आयोजन में 2100 रूपयें वेतन बढ़ौतरी लागू करने व हर साल इसी प्रकार बढ़ौतरी का वायदा मुख्यमंत्री नायाब सैनी ने किया था। मगर अफसोस की बात हैं कि मंत्री कृष्ण बेदी व मुख्यमंत्री ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के बीच किए वायदे को भुला दिया हैं। जिसका जवाब प्रदेश का ग्रामीण सफाई कर्मचारी 24-25 मई को मुख्यमंत्री का चहेता मंत्री कृष्ण बेदी के आवास पर दो दिवसीय महापड़ाव डालकर उनसे जवाब मांगेगा।

रोष प्रदर्शन को सीटू नेता कामरेड अनिल कुमार, भीम सिंह, दलित अधिकर मंच नेता सुखदेव पालवास, यूनियन नेता सुमित, गोविंद, प्रदीप, मंजीत, बजे सिंह, नरेश, राजेंद्र, अनिल आदि नेताओं ने अपने विचार रखे।

## 'युवा सांसद व युवा ग्राम पंचायत' पर शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न

जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी/ब्यूरो



राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहारू में ो डाइट भिवानी के तत्वावधान में 'युवा सांसद व युवा ग्राम पंचायत' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में ब्लॉक लोहारू, बहल एवं सिवानी के चयनित 5-5 विद्यालयों से 2-2 अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी, चरखी दादरी एवं डाइट प्राचार्य धर्मेंद्र के नेतृत्व एवं अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने सभी अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'युवा सांसद व युवा ग्राम पंचायत' जैसी गतिविधियाँ बच्चों को संविधान, संसदीय प्रणाली और पंचायती राज व्यवस्था की व्यावहारिक समझ देंगी।

यह पहल भविष्य के जिम्मेदार नागरिक तैयार करने में मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉ. ओम प्रकाश पंवार ने उपस्थित होकर योजना की संपूर्ण रूपरेखा, उद्देश्य एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। डाइट भिवानी प्रभारी मोनिका ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की बारीकियों पर प्रकाश डाला तथा इसे विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों व नेतृत्व क्षमता विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। विद्यालय प्राचार्य पूनम भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में इस योजना को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया।

## विज ने राकेश खुल्लर को दी श्रद्धांजलि, परिवार को बंधाया ढांढस



**चण्डीगढ़ :** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर के भाई स्वर्गीय राकेश खुल्लर के अंतिम संस्कार में पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि किसी अपने का निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति होती है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से कैबिनेट मंत्री ने की भेंट



जगत क्रान्ति ⏭ विनोद गांधी

**हिसार :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न जनहित एवं विकास संबंधी विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इस दौरान प्रदेश में सड़क अवसंरचना को और अधिक सुदृढ़ बनाने, आधुनिक परिवहन सुविधाओं के विस्तार तथा बेहतर कनेक्टिविटी को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ।

इसके अतिरिक्त प्रदेश से गुजरने वाले विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग के कुछ स्थानों पर ऑवरब्रिज और अंडरपास बनाए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेश के समग्र विकास से जुड़े विषयों के संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, नई सड़क योजनाओं तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ने के प्रयासों पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर भी सार्थक संवाद हुआ।

उन्होंने कहा कि मजबूत सड़क और परिवहन व्यवस्था किसी भी प्रदेश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास की आधारशिला होती है। बेहतर कनेक्टिविटी से जहां व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिलता है, वहीं आम नागरिकों को भी आवागमन में बड़ी सुविधा प्राप्त होती है। केंद्र सरकार द्वारा देशभर में आधुनिक सड़क अवसंरचना के निर्माण को प्राथमिकता दिए जाने से विकास कार्यों को नई गति मिली है।

## शिकायत मिलते ही पहुंचे मेयर, एसपी से की बात, पुलिस की कार्रवाई

जगत क्रान्ति ⏭ विनोद गांधी



**हिसार :** शहर के भगत सिंह नगर क्षेत्र में लंबे समय से एक व्यक्ति द्वारा स्थानीय लोगों को परेशान किए जाने की शिकायत पर मेयर प्रवीण पोपली ने तुरंत संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करवाई। मेयर की पहल के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और संबंधित व्यक्ति को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के निवासियों ने राहत महसूस की और मेयर का आभार जताया।

भगत सिंह नगर के निवासियों ने पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप ओड के माध्यम से मेयर प्रवीण पोपली को शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि एक व्यक्ति अपने घर से ईंटें फेंकता है, जिससे आसपास के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है।

लोगों का कहना था कि व्यक्ति की हरकतों के कारण महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग घरों से निकलते वक्त भय का माहौल महसूस कर रहे थे। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष लोकेश असीजा व क्षेत्रवासी मौजूद थे।

शिकायत मिलने के बाद मेयर प्रवीण पोपली ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन से संपर्क किया। मेयर ने प्रशासन से आग्रह किया कि क्षेत्र के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और मामले में तत्काल कार्रवाई हो।

मेयर के हस्तक्षेप के बाद पुलिस टीम बिना देरी किए मौके पर पहुंची। पुलिस ने संबंधित व्यक्ति के घर पहुंचकर दरवाजा खुलवाया और उससे पूछताछ की। बाद में पुलिस उसे आगे की जांच और पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई।

# ज्येष्ठ मास की प्रचंड गर्मी में लगातार बढ़ रहा पारा

■ निकट भविष्य में नहीं दिखाई दे रही मौसम में बदलाव होने की संभावना

जगत क्रान्ति ⏭ सुनील दीक्षित

**कनीना :** ज्येष्ठ माह में भीषण गर्मी का कहर बढ़ता जा रहा है। दिन का तापमान 44 डिग्री पहुंच रहा है वहीं रात के तापमान में भी आंशिक गिरावट से रातें गर्म महसूस हो रही हैं। प्रचंड गर्मी से उबाल खाते इस महीने को साल के 12 महिनों से बड़ा यानि 'ज्येष्ठ' जेठ माना जाता है। गर्मी बढ़ने के साथ-साथ ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ने लगी है। डॉ दीपांशु शर्मा ने बताया कि गर्मी से बचाव के लिए घरेलू व देसी पेय पदार्थों का उपयोग स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन माना गया है। आयुर्वेद शास्त्र में छाछ-राबड़ी की तुलना अमृत से की है। जो स्वास्थ्य के लिए अति लाभकारी है। इसमें शरीर के



भीतर के घातक पदार्थ मूत्र के द्वारा बाहर निकालकर फेंकने की ताकत होती है।

यह शरीर की रोग प्रतिकारक क्षमताओं को बढ़ाने की ताकत अपने अंदर समेटे हुए हैं। गर्मी में छाछ-रबड़ी का नियमित सेवन करने से शरीर तंदुरुस्त तथा बलिष्ठ बना रहता है। छाछ में विटामिन बी-12, कैल्शियम, पोटेशियम, फॉस्फोरस सहित अनेक पोषक तत्व रहते हैं, जो शरीर के लिए लाभदायक रहते हैं। जिसका पेट साफ नहीं होता, पेट से आवाज निकलती है। छाछ पीने से ये बीमारियां समाप्त होने लगती है। छाछ के सेवन से शरीर की 90 फीसदी कमियां बाहर निकल जाती है। उष्णता तुरंत कम होकर अच्छी व शांत नींद आने लगती है।

ताराचंद जोशी ने कहा कि इस वर्ष दो 'ज्येष्ठ' होने के कारण इसका महत्व और भी बढ़ गया है। ज्येष्ठ का महीना अत्यंत पवित्र और फलदायी माना जाता है। हिंदू पंचांग के मुताबिक इस पुरुषोत्तम मास में जलदान, पीपल की पूजा और व्रत रखने से सुख-समृद्धि के साथ आध्यात्मिक शांति मिलती है। मान्यता है कि भीषण गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना, छबील लगाना या जल कुंभ का दान करने से अक्षय पुण्य और वरुण देव की कृपा प्राप्त होती है। इस माह में आने वाले मंगलवार को बड़ा वार माना गया है।

इस दिन हनुमान जी की पूजा करने से आत्मविश्वास बढ़ता है ओर कष्ट दूर होते हैं। सूर्यदेव को जल अर्पित करने से स्वास्थ्य लाभ के साथ-साथ मान-सम्मान की प्राप्ति होती है। ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी को निर्जला एकादशी के रूप में मनाया जाता है एकादशी का व्रत रखने से साल भर की एकादशी का फल प्राप्त होता है।

## एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान में करनाल जिला अग्रणी : उपायुक्त



जगत क्रान्ति ⏭ इंद्री

वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में एचपीवी वैक्सीनेशन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने एचपीवी वैक्सीन लगवा चुकी 18 छात्राओं को सम्मानित किया और अभिभावकों से सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ चल रहे टीकाकरण अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और निशुल्क है तथा अब तक जिले में करीब 6500 बच्चियां इसका लाभ ले चुकी हैं। उपायुक्त ने कहा कि करनाल जिला इस अभियान में प्रदेश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और सभी को अफवाहों से बचते हुए अधिक से अधिक पात्र बच्चियों का टीकाकरण सुनिश्चित करना चाहिए।

## आयोग ने महेश शर्मा को हरियाणा का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया



जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी (ब्यूरो)

पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग ने हरियाणा में संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महेश शर्मा को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण अभियान, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान तथा हरित जागरूकता कार्यक्रमों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने कहा कि आयोग देशभर में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महेश शर्मा अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक कार्यों के माध्यम से आयोग की योजनाओं को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हरियाणा के ओएसडी राज नेहरू, ओएसडी पब्लिसिटी गजेन्द्र फौगाट, पर्यावरण आयोग के ओएसडी हरेन्द्र शर्मा, मीडिया ओएसडी कुलदीप भारद्वाज तथा आयोग के हरियाणा चेयरमैन राजेश भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## न्यूज एक्सप्रेस

### उन्हाणी में रागनी कंपीटिशन 23 को

**कनीना :** आगामी 23 मई, ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि के अवसर पर उन्हाणी गांव में रागनी कंपीटिशन का आयोजन किया जाएगा। सरपंच प्रतिनिधि जयप्रकाश ने बताया कि गांव के फलसा चौक पर रात्रि नौ बजे आयोजित इस समारोह में हरियाणवी लोक गायक कलाकार रमेश कलावड़िया एवं उनकी पार्टी द्वारा ऐतिहासिक व धार्मिक रागनियां प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान ठंडे मीठे पानी की छबील भी लगाई जाएगी।

### जनगणना कार्य में सहयोग करें आमजन : उपायुक्त

**जींद :** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि देश के विकास और योजनाओं की सही रूपरेखा के लिए जनगणना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे घर-घर चल रहे जनगणना अभियान में प्रगणकों को सही जानकारी देकर सहयोग करें, जो 30 मई तक चलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान बैंक, एटीएम, ओटीपी जैसी कोई भी वित्तीय जानकारी नहीं ली जाएगी, और नागरिक केवल अधिकृत पहचान पत्र देखकर ही जानकारी साझा करें। सभी आंकड़े गोपनीय रहेंगे और केवल सरकारी योजनाओं के लिए उपयोग होंगे।

### सेना भर्ती को कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तिथियां घोषित

**जींद :** सेना भर्ती कार्यालय, हिसार द्वारा भारतीय सेना में भर्ती के लिए कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 2026-27 की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। परीक्षा 1 जून से 12 जून 2026 के बीच देशभर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित होगी। प्रवक्ता के अनुसार अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड 15 मई 2026 को भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं, जिन्हें उम्मीदवार डाउनलोड कर सकते हैं। सभी उम्मीदवारों से निर्देशों का पालन करने और समय से परीक्षा केंद्र पहुंचने की अपील की गई है।

### विधानसभा के चौकीदार के निधन पर स्पीकर ने जताया शोक

**चण्डीगढ़ :** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने विधान सभा सचिवालय में कार्यरत चौकीदार रविन्द्र कुमार (50) के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। रविन्द्र कुमार का सोमवार शाम पंचकूला के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से किडनी संबंधी बीमारी के कारण उपचाराधीन थे। मूल रूप से यमुनानगर जिले के गांव तेलुपुरा निवासी रविन्द्र कुमार अपने पीछे पत्नी और तीन बेटियां छोड़ गए हैं। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि रविन्द्र कुमार विधान सभा परिवार के एक समर्पित एवं कर्मठ सदस्य थे। उनके निधन से सचिवालय को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में हरियाणा विधान सभा सचिवालय परिवार पूरी संवेदनशीलता के साथ उनके साथ खड़ा है। विधान सभा अध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### एसपी ने थाना बास का औचक निरीक्षण किया

**हांसी/राजीव बंसल :** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने थाना बास का औचक निरीक्षण



कर रिकॉर्ड व्यवस्था, मालखाना, बैरक, साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न रजिस्टरों जैसे एफआईआर, रोज़नामचा, हिस्ट्रीशीटर, बीट और सीसीटीएनएस रिकॉर्ड की जांच की तथा लंबित मामलों में तेजी से कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों को अनुशासन बनाए रखने और जनता से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान एसपी ने थाना परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

### सीएम विंडो शिकायतों का समयबद्ध हो निस्तारण : नेहा सिंह

**सोनीपत :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों का सभी



विभाग प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लघु सचिवालय में लगातार दूसरे दिन आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का निपटारा हो चुका है, उनकी एटीआर तुरंत पोर्टल पर अपलोड की जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। उन्होंने यूएलबी, पंचायत विभाग, आईसीडीएस सहित सभी विभागों को लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

### ईंधन संरक्षण को लेकर डीसी राहुल नरवाल के निर्देश

**हांसी/राजीव :** उपायुक्त राहुल नरवाल ने ईंधन संरक्षण एवं ऊर्जा बचत को लेकर



अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि बुधवार को सभी बैठकों का आयोजन यथासंभव वर्चुअल माध्यम से किया जाए और फिजिकल बैठकों से बचा जाए। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से सार्वजनिक परिवहन, कार पूलिंग और कम दूरी के लिए पैदल चलने या साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। डीसी ने कहा कि अनावश्यक यात्राओं से बचकर और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को प्राथमिकता देकर ईंधन की बचत सुनिश्चित की जा सकती है।

### वी ने लॉन्च किए प्रत्यास्थ इंटरनेशनल रोमिंग प्लान

**हिसार :** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने पोस्टपेड उपभोक्ताओं के लिए नए प्रत्यास्थ इंटरनेशनल रोमिंग (आईआर) प्लान्स की घोषणा की है, जिन्हें खासतौर पर अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को बेहतर मूल्य, सुविधा, एवं प्रत्यास्थता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 7 दिन, 14 दिन और 21 दिन के ये नए पैक कंपनी की ओर से इंटरनेशनल रोमिंग पेशकश की मौजूदा रेंज को और मजबूत बनाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय यात्रा लगातार जारी है, लोग व्यापार, मेडिकल टूरिज़्म, पढ़ाई या घूमने -फिरने के लिए विदेश यात्रा करते हैं, उन्हें रोमिंग के ऐसे विकल्प चाहिए होते हैं, जो उनकी यात्रा को आसान बना दें। इसी ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए वी अपने उपभोक्ताओं के लिए ज़्यादा प्रत्यास्थता, नियन्त्रण और बेहतर विकल्प लेकर आया है ताकि वे विदेश यात्रा के दौरान भी अपने प्रियजनों के साथ जुड़े रह सकें।

## किशोरियों को लेकर एचपीवी टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम



जगत क्रान्ति ⏭ राकेश गुप्ता

**हांसी :** उपायुक्त राहुल नरवाल के निर्देशानुसार स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल, हिसार चुंगी हांसी में किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एचपीवी टीकाकरण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई और अभिभावकों व शिक्षकों को इसके प्रति जागरूक किया गया। नागरिक अस्पताल हांसी के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह टीका किशोरियों को गंभीर बीमारियों से बचाने में प्रभावी है, विशेषकर 14 से 15 वर्ष की आयु में इसका लाभ अधिक होता है। अधिकारियों ने शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यार्थियों और अभिभावकों को जागरूक करें ताकि अधिक से अधिक किशोरियां इस टीकाकरण का लाभ ले सकें।

## मत्स्य पालन में अनुसूचित जाति हेतु अनुदान योजनाएं

**जींद :** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि अनुसूचित जाति के नागरिकों के लिए मत्स्य पालन क्षेत्र में विभिन्न अनुदान योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ पात्र व्यक्ति अवश्य उठाएं। उन्होंने बताया कि पंचायती तालाबों एवं सरकारी जलाशयों पर मछली पालन के लिए प्रथम वर्ष पट्टा राशि पर 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर या 50 प्रतिशत (जो भी कम हो) अनुदान दिया जाता है, जिसकी अधिकतम सीमा 2 लाख रुपये है। द्वितीय से पांचवें वर्ष तक 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर या 40 प्रतिशत अनुदान (अधिकतम 1.60 लाख रुपये) प्रदान किया जाता है। इसके अलावा खाद-खुराक, जाल खरीद तथा मछली बिक्री के लिए रेहड़ी व उपकरणों पर भी 60 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है, जिससे लाभार्थियों को अधिकतम आर्थिक सहायता मिल सके।

## विश्व कल्याण के लिए महंत रामदास ने शुरू की 'पंचधूनि' तपस्या

जगत क्रान्ति ⏭ सुनील दीक्षित

**कनीना :** भगवान परशुराम भवन स्थित शनि धाम, पहाड़ी के पास नूनी अव्वल में सनातन धर्म के उत्थान, हिंदू जागृति और विश्व कल्याण की भावना के साथ सेनि. कर्नल हजारी लाल ठाकुर की अध्यक्षता में तपस्या का शुभारंभ हुआ है। सनातन धर्म उत्थान समिति के सानिध्य में महंत रामदास महाराज ने ज्येष्ठ मास की चिलचिलाती धूप में 15 मई से 21 दिवसीय 'पाँच धुनी' तपस्या प्रारंभ की है। महंत ने लोक-कल्याण की भावना से ओतप्रोत होकर इस कठोर साधना को अब से हर साल करने का निर्णय लिया है। शुक्रवार से शुरू की गई कठोर तपस्या आगामी 4 जून तक निरंतर जारी रहेगी। सनातन धर्म उत्थान समिति के राष्ट्रीय संयोजक हेमंत मुनि ने बताया की 3 जून रात्रि से भजन-कीर्तन किए जाएगें। जिसमें प्रसिद्ध



भजन गायकों द्वारा धार्मिक भजनों की प्रस्तुती दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 4 जून को तपस्या की पूर्णाहुति के उपरांत एक विशाल भंडारे में महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। जो श्रद्धा भक्तों के सहयोग से संपन्न होगा। इस धार्मिक अनुष्ठान और व्यवस्था का संचालन संत फूलदास महाराज एवं संत गौरव नाथ महाराज की देखरेख और मार्गदर्शन में सुचारू रूप से किया जा रहा है। तपस्वी महंत का सानिध्य पाने के लिए प्रदेशभर से साधु-संत एवं ग्रामीण पहुंच रहे हैं। हेमंत मुनि ने कहा कि 21 दिन की तपस्या के बाद 4 जून को आयोजित होने वाले भंडारे में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेगें।

## शादी के दो बाद ही नव विवाहिता लापता

**कनीना/सुनील दीक्षित :** कनीना शहर थाना अंतर्गत एक गांव से नव विवाहित महिला लापता हो गई। इस बारे में जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मूल रूप से राजस्थान के झुंझुनू जिले का रहने वाला है तथा पिछले समय से कनीना के समीपवर्ती गांव में रह रहा है। हाल ही में 15 मई को उसकी शादी यमुनानगर के एक गांव में हुई थी। 16 मई को सुबह करीब चार बजे वह नई नवेली दुल्हन को अपने मामा के घर लेकर आया था। 17 मई को सुबह करीब साढ़े तीन बजे वह बिना बताए घर से चली गई। परिजनों की ओर से उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। कनीना शहर थाना पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## परिवहन मंत्री के निवास पर 24 को विरोध जताएंगे कर्मचारी : नरेंद्र दिनोद

जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी (ब्यूरो)

हरियाणा रोड़वेज वर्कर्स यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक भिवानी में डिपो प्रधान अनिल फौजी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन डिपो सचिव अनिल नागर ने किया। बैठक में राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, महासचिव सुमेर सिवाच, उप महासचिव पवन शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि परिवहन विभाग का निजीकरण किया जा रहा है। विभिन्न विभागों तरह कच्चे कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है तथा रोडवेज विभाग को बड़े पूंजीपतियों को सौंपे जाने की तैयारी की जा रही है। कर्मचारियों के अधिकारों में कटौती कर चार श्रम संहिताएं थोपी जा रही हैं, जिनसे हड़ताल एवं सामूहिक



सौदेबाजी जैसे अधिकारों पर हमला किया जा रहा है।

बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गए 24 मई को अंबाला स्थित माननीय परिवहन मंत्री के आवास पर रोडवेज कर्मचारियों द्वारा मास डेपुटेशन एवं प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। हड़ताल एवं सामूहिक सौदेबाजी के अधिकारों की रक्षा की जाए मई-जून माह में यूनियन का मेंबरशिप अभियान चलाया जाएगा मेंबरशिप पूरी होने पर आगामी डिपो सम्मेलन आयोजित किये जाएंगे। इस अवसर पर राजेश शर्मा, उप प्रधान रामकिशन, सोनू प्रजापति, सोनू लखेरा, जसवंत सिंह, गुलशन कुमार, नितेश, राजपाल थायल, प्रताप सिंह राठौड़ व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गीता हमें जीने की कला सिखाती है : अनिल विज

जगत क्रान्ति ⏭ अम्बाला

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि श्रीमद्भगवद गीता जीवन को सफलतापूर्वक जीने की कला सिखाती है और हर शहर में गीता गोपाल जैसी समाजसेवी संस्था होनी चाहिए। वे अम्बाला छावनी में गीता गोपाल चौक के पुनर्निर्माण कार्य के अनावरण और संस्था द्वारा दो एम्बुलेंस समर्पित करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गीता गोपाल संस्था समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के कार्यों में सराहनीय योगदान दे रही है। अनिल विज ने कहा कि शास्त्र हमें सकारात्मकता, सेवा भावना और भाईचारे का संदेश देते हैं तथा नकारात्मकता और हिंसा से दूर रहने



की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने समाज में धार्मिक और सकारात्मक विचारों के अधिक प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया।

## डीएवी स्कूल हांसी में क्विज प्रतियोगिता, उत्कर्ष बैच प्रथम



जगत क्रान्ति ⏭ राजीव बंसल

**हांसी :** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल में भारतीय त्योहारों और आर्य समाज विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कर्ष बैच ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रतिभा बैच द्वितीय और कल्पना बैच तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्राचार्य सुरेश बोदला ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, सभ्यता और आर्य समाज के सिद्धांतों की जानकारी मिलती है तथा मानसिक विकास को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम का संचालन कुमारी भावना द्वारा किया गया। क्विज प्रतियोगिता में उत्कर्ष बैच ने प्रथम स्थान, प्रतिभा बैच ने द्वितीय स्थान तथा कल्पना बैच ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कक्षा 8 उत्कर्ष बैच से सुहानी, यश, कनन और कुशल ने भाग लिया। प्रतिभा बैच कक्षा 7 से हिमांशी, गुरबाणी, हरमन, कार्तिक जांगड़ा ने भाग लिया। कल्पना बैच कक्षा 6 से मानवी, ज्योति, जिया और दिव्या ने भाग लिया।

## श्री काली देवी के विद्यार्थियों ने किया जीजेयू का शैक्षणिक भ्रमण

⏭ प्रिंटिंग विभाग का अवलोकन कर जानी आधुनिक तकनीक

जगत क्रान्ति ⏭ राजीव बंसल

**हांसी :** श्री काली देवी विद्या मंदिर, हांसी के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना और विभिन्न क्षेत्रों की कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। विद्यालय की प्राचार्या गीता मेहता ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे उन्हें न



केवल वास्तविक कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिलता है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध करियर संभावनाओं की जानकारी भी प्राप्त होती है।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के प्रिंटिंग विभाग का अवलोकन किया, जहाँ उन्हें आधुनिक मुद्रण तकनीकों, उन्नत मशीनों और प्रकाशन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। विभाग के विशेषज्ञों ने छात्रों को मुद्रण एवं प्रकाशन क्षेत्र में रोजगार के अवसरों और तकनीकी विकास की संभावनाओं से भी अवगत कराया। विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और उपयोगी अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यावहारिक अनुभव उनके करियर चयन और व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होंगे।

## सीजेएम नीलम कुमारी ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

जगत क्रान्ति ⏭ नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने आज वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीजेएम नीलम कुमारी ने निरीक्षण के दौरान केंद्र के विभिन्न कक्षों, रिकॉर्ड रजिस्टर, पीड़ित महिलाओं के ठहरने की व्यवस्था और उनके लिए उपलब्ध भोजन, चिकित्सा व काउंसिलिंग जैसी मूलभूत सुविधाओं की गहनता से जांच की। उन्होंने वहां उपस्थित स्टाफ और केंद्र प्रशासक वंदना यादव से बातचीत कर वर्तमान मामलों और उनके



समाधान की स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने निर्देश दिए कि पीड़ित महिलाओं को बिना किसी देरी के तुरंत चिकित्सा, मानसिक काउंसिलिंग और कानूनी मदद (लीगल ऐड) मुहैया कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से महिलाओं को हर प्रकार की कानूनी सहायता पूरी तरह से निःशुल्क प्रदान की जाती है। यदि किसी भी पीड़ित महिला को वकील की आवश्यकता हो, तो तुरंत डीएलएसए कार्यालय से संपर्क कर पैनल एडवोकेट नियुक्त करवाया जाए।

वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और संकट की स्थिति में उन्हें एक ही छत के नीचे आश्रय, पुलिस सहायता, कानूनी सलाह और चिकित्सा जैसी सभी जरूरी सेवाएं देने का एक बेहद महत्वपूर्ण माध्यम है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जैव विविधता संरक्षण से संभव है बड़ा बदलाव : डीएफओ

**सोनीपत :** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर वन विभाग एवं हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा शिव शक्ति स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



डीएफओ रेनू बाला ने विद्यार्थियों को जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयास जैसे पौधारोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक का कम उपयोग बड़े बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया तथा गांव रोहणा के किसान को पशुधन संवर्धन के लिए 2 लाख 77 हजार रुपये का चेक भी प्रदान किया गया।

# ट्राले ने बाईक को मारी टक्कर, बाईक सवारों में एक की मौत

जगत क्रान्ति ▸▸ ललित जिंदल

**सोहना :** सोहना-पलवल मार्ग पर ट्राले की टक्कर से एक बाईक सवार की मौत हो गई है। जबकि दूसरा घायल हो गया है। घायल युवक का इलाज गुरुग्राम में जारी है। वहीं पुलिस ने ट्राले को अपने कब्जे में ले लिया है। तथा मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को सोहना-पलवल मार्ग पर गांव हाजीपुर के समीप एक ट्राला चालक ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सड़क पर गिर पड़ी। जिस पर दो युवक बैठे थे। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी पहचान साहिल आयु 23 वर्ष गांव प्याला तहसील बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद के रूप में हुई है। जबकि घायल युवक की पहचान ओमप्रकाश निवासी सीकरी तहसील बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद के रूप में हुई है।

बताते है कि आरोपी ट्राला चालक अपने ट्राले को तेज गति से चलाकर ला रहा था। घटना के घटित होने पर मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। घायल युवक ओमप्रकाश को सोहना के नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया किन्तु हालत गंभीर होने के कारण उसको गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया गया है। वहीं आरोपी ट्राला चालक घटना को अंजाम देकर अपने ट्राले को छोड़कर भागने में कामयाब रहा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा ट्राले को अपने कब्जे में लेकर थाने में ले आयी। पुलिस ने मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। तथा आरोपी अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है।

# बिजली कर्मचारियों ने बहाया पसीना, कुछ राहत तो मिली

▸▸ **कई वार्डों में कर्मचारी कड़ी धूप में समस्या दूर करते नजर आए**

जगत क्रान्ति ▸▸ सुरेन्द्र माथुर



**नूंह :** नूंह शहर के कई वार्ड, कुटिया मोहल्ला व हिदायत कॉलोनी आदि में कई दिनों से हो रही बिजली समस्या की खबर प्रमुख अखबार दैनिक जगत क्रान्ति में छपने का असर हुआ है और सिटी जेई रौनक अपनी दर्जनभर कर्मचारियों की टीम को लेकर बिजली समस्या को चिलचिलाती धूप में कुटिया मोहल्ला व अन्य जगह पूरा पसीना बहाते नजर आ रहे थे तथा कुटिया मोहल्ले में उन्होंने 200 केवीए ट्रांसफार्मर पर एलटी साईड का लोड डिवाईड किया तथा तीनों फेसों को बराबर कर दिया और अन्य नए ट्रांसफार्मर की जरूरत होने पर आगे भी परपोजल तैयार की बात कही है।

इससे बिजली परेशानी झेल रहे संबंधित कॉलोनियों, वार्ड में मंगलवार को बिजली ने खूब दर्शन दिये और लोगों ने राहत की सांस ली। जेई रौनक ने बताया कि जिला में हीट वेव का कहर थामें नहीं थम रहा है और आम हो या खास सभी गर्मी की चपेट में आ रहे है। गर्मी के चलते बिजली के उपकरणों पर लोड अधिक होने से वह भी काम करने बंद हो गये है जिसके चलते बिजली विभाग के कर्मचारी पूरे दिन व रात फील्ड पर लगकर चिलचिलाती गर्मी में उपभोक्ताओं की समस्या के निदान में लगे हुए है।

उन्होंने शहरवासियों को इस गर्मी के मौसम में बिजली विभाग को पूरा सहयोग करने की भी अपील की है तथा चेतावनी भी दी कि बिजली चोरी ना करें, इससे लाईन लोसिस बढ़ता है तथा जो व्यक्ति बिजली चोरी करते पाया जाता है। उसके खिलाफ नियमों की अनदेखी करने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। वहीं, पत्र व पत्रकार द्वारा जनहित में उठाये गये मुद्दों पर क्षेत्रवासियों ने उनको साधुवाद कहते हुए इसी तरह से जनहित के मुद्दों को उठाते रहने का आह्वान किया है।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने एसडीएम कार्यालय के सामने दिया धरना



जगत क्रान्ति ▸▸ संजीव खेड़ी

**लाडवा :** लाडवा खंड के ग्रामीण सफाई कर्मचारी काम छोड़ मंगलवार को लाडवा एस.डी.एम.कार्यालय परिसर में धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मुरदाबाद के नारे भी लगाए। लाडवा एस.डी.एम. कार्यालय परिसर हरियाणा सरकार के मुरदाबाद के नारों से गूंज उठा। मंगलवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के बैनर तले लाडवा खंड के सफाई कर्मचारियों ने धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अगुवाई यूनियन के ब्लाक प्रधान जरनैल सिंह छलौंदी द्वारा की गई, जिसमें लाडवा ब्लाक के सभी सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर ब्लाक प्रधान जरनैल सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को केवल झूठे सपने दिखा रही है। उनकी मांगे पूरी नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई में उनके सामने अपना घर चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार से मांग है कि उनकी मांगे पूरी की जाए जो बिल्कुल जायज है। धरने में कर्मबीर, सुरेश कुमार, राजिंद्र, विजय कुमार सहित अनेक सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

# समाजसेवियों ने नागरिक अस्पताल में किए छह बैड दान

▸▸ **भविष्य में 20 बैड देने का दिया आश्वासन**

जगत क्रान्ति ▸▸ महाबीर मित्तल



**सफीदों :** सफीदों के नागरिक अस्पताल में समाजसेवियों ने मरीजों की सुविधा के लिए 6 नए बैड दान किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. सुनील ने की, जबकि अतिथियों के रूप में समाजसेवी प्रवीन गर्ग, अनिल गर्ग और राजेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवियों ने करीब डेढ़ लाख रुपये की लागत से तैयार गद्दों सहित 6 बैड अस्पताल प्रशासन को सौंपे। इस मौके पर एसएमओ डॉ. सुनील ने समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन बैड्स के आने से मरीजों को आरामदायक सुविधा मिलेगी और विशेष रूप से उन मरीजों को राहत मिलेगी जिन्हें लंबे समय तक अस्पताल में रहना पड़ता है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि अन्य लोग भी इस तरह की प्रेरणा लेकर समाजहित में आगे आएंगे। समाजसेवी प्रवीन गर्ग, अनिल गर्ग और राजेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि समाजसेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान देना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में वे नागरिक अस्पताल के लिए 20 और बैड दान करेंगे, ताकि अधिक से अधिक मरीजों को लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि समाज के लोग एकजुट होकर कार्य करें, तो किसी भी क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

# जल संरक्षण एवं नियम अनुपालन को लेकर निगम की सख्ती

जगत क्रान्ति ▸▸ एमके अरोड़ा

**गुरुग्राम :** नगर निगम गुरुग्राम ने शहर में जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा पेयजल के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। निगम प्रशासन द्वारा पानी के दुरुपयोग, अवैध एवं अनधिकृत कनेक्शनों तथा दोषपूर्ण मीटरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भारी जुर्माना लगाने के साथ-साथ पानी के कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी की जाएगी। नगर निगम द्वारा जारी जनहित सूचना में सभी उपभोक्ताओं से जल संरक्षण नियमों का पालन करने और अपने पानी के कनेक्शन एवं मीटरों को नियमानुसार अपडेट कराने की अपील की गई है। नगर निगम के अनुसार जिन उपभोक्ताओं के पानी के मीटर दोषपूर्ण पाए जाएंगे, उन पर 1000 रुपए की पेनल्टी लगाई जाएगी। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर मीटर को ठीक नहीं कराया गया, तो संबंधित उपभोक्ता का पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पेयजल का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ पहले 2000 रुपए का चालान किया जाएगा। यदि इसके बाद भी संबंधित उपभोक्ता दोबारा पानी का दुरुपयोग करता पाया गया, तो बिना किसी पूर्व सूचना के उसका पानी का कनेक्शन काट दिया जाएगा। नगर निगम द्वारा अवैध एवं अनधिकृत पानी के कनेक्शनों के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया जाएगा।

# नालंदा विवि महानतम शिक्षण केंद्रों में से एक : डॉ. पीके मिश्रा

जगत क्रान्ति ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में 14 देशों के 221 स्नातकों को उपाधि प्राप्त होने पर बधाई दी और उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को कड़ी मेहनत और लगन से हासिल किए गए मील का पत्थर के रूप में सराहा। डॉ. मिश्रा ने प्राचीन नालंदा महाविहार को इतिहास के महानतम शिक्षण केंद्रों में से एक बताते हुए कहा, कुछ विश्वविद्यालय केवल संस्थान होते हैं और कुछ ऐसे विश्वविद्यालय होते हैं जो सभ्यता के प्रतीक होते हैं। नालंदा इसी दूसरी श्रेणी में आता है।

उन्होंने नालंदा के उस मूल दर्शन पर बल दिया कि ज्ञान संवाद और मानव कल्याण की दिशा में निर्देशित होना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय के हरित 'नेट ज़ीरो' कैंपस की सराहना की, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया था। उन्होंने एशिया महाद्वीप में भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय ज्ञान के प्रसार में दूर-दूर तक योगदान देगा। साथ ही उन्होंने वर्तमान युग की चुनौतियों-कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव प्रौद्योगिकी, क्वांटम कंप्यूटिंग, जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक संघर्ष और समाज में बढ़ते ध्रुवीकरण-का विश्लेषण किया और चेताया कि तकनीक नैतिकता, करुणा और मानवीय उत्तरदायित्व का विकल्प नहीं बन सकती।

डॉ. मिश्रा ने कहा, सभ्यताओं का पतन तब नहीं होता जब वे जानकारी खो देती हैं, बल्कि तब होता है जब वे चिंतन और स्वतंत्र सोच की क्षमता खो देती हैं। उन्होंने नालंदा के अंतर्विषयक दृष्टिकोण, 'वाद' और संवाद की प्राचीन परंपराओं पर बल दिया। उन्होंने शिक्षित वर्ग के लिए नैतिकता, विवेक और चरित्र के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. मिश्रा ने 21वीं सदी को उपनिवेशवाद से मुक्त बौद्धिक काल बनाने और स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को वैश्विक विमर्श में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन, नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सचिन चतुर्वेदी, विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) श्री रुद्रेंद्र टंडन, विश्वविद्यालय के शासी निकाय और अकादमिक परिषद के सदस्य तथा विभिन्न देशों के दूतावासों और उच्चायोगों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# डीएचआर साहित्य उत्सव का भव्य सांस्कृतिक समापन

▸▸ **विविध कार्यक्रमों के साथ हुआ सफल आयोजन**

जगत क्रान्ति ▸▸ मालीगांव



पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अंतर्गत दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे (डीएचआर) द्वारा आयोजित डीएचआर साहित्य उत्सव 2026 का भव्य सांस्कृतिक समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह तीन दिवसीय उत्सव 15 से 17 मई तक आयोजित किया गया था, जिसका समापन 18 मई को प्रमाण-पत्र वितरण समारोह के साथ हुआ। यह आयोजन डीएचआर और रचनात्मक समूह 'पोएट्स ऑफ़ कम्युनिटी' के सहयोग से किया गया, जिसमें छात्रों, युवाओं और स्थानीय समुदाय के सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। उत्सव का उद्देश्य यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे की औद्योगिक विरासत को हिमालयी क्षेत्र की समृद्ध मौखिक और साहित्यिक परंपराओं से जोड़ना था। उत्सव के दौरान साहित्य, संगीत, कहानी-कथन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का जीवंत संगम देखने को मिला। विभिन्न कार्यक्रम कार्सियांग और दार्जिलिंग के अलग-अलग स्थलों पर आयोजित किए गए, जिनमें लेखकों, कलाकारों, विद्यार्थियों और साहित्य प्रेमियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उद्घाटन अवसर पर विक्टोरिया बॉयज़ स्कूल, कार्सियांग में लेखिका मेघा मित्तल द्वारा वाइ पोयट्री इज बोरिंग विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को कविता को एक आधुनिक अभिव्यक्ति के रूप में समझने के लिए प्रेरित किया गया। दूसरे दिन रेल एंड रिदम : द ओपन-डेक एक्सपीरियंस कार्यक्रम के तहत वाष्प इंजन से चलने वाली हेरिटेज टॉय ट्रेन में लाइव संगीत के साथ यात्रा का अनुभव कराया गया। इसके बाद 'कैफे डे सेंट्रल', कार्सियांग में लोककथाओं और कहानी सुनाने का सत्र आयोजित हुआ, जिसमें हिमालयी मौखिक परंपराओं को प्रदर्शित किया गया। समापन दिवस पर दार्जिलिंग के 'कैफे हाउस' में नेपाली, अंग्रेजी और हिंदी भाषाओं में साहित्यिक प्रस्तुतियाँ हुईं, जिसमें कविता, कहानी और स्पोकन-वर्ड के माध्यम से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और समकालीन मुद्दों पर विचार साझा किए गए। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए, जिनमें बच्चों, छात्रों और स्थानीय कलाकारों को उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए सम्मानित किया गया।

# भगवान परशुराम मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजन

▸▸ **सुन्दर-सुन्दर झाकियों ने नगर परिक्रमा की**

जगत क्रान्ति ▸▸ मयंद/अदलखा



**तावडू :** तावडू शहर के वार्ड नंबर 16 स्थित भगवान परशुराम मंदिर परिसर में पिछले दो दिनों से विभिन्न धार्मिक आयोजन के दौरान ईश्वर वंदना की गई। सोमवार को शहर में भगवान परशुराम सहित अन्य देवी देवताओं को सजाकर सुन्दर-सुन्दर झांकियों को पूरे शहर का भ्रमण कराया तथा वापिस मंदिर प्रांगण पर पहुंचे तथा मंगलवार को प्रातः प्रात हवन यज्ञ, कीर्तन तदुपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें कई सामाजिक व राजनीतिक लोग भी मौजूद रहे।

सोहना-तावडू के विधायक तेजपाल तंवर, कांग्रेस हरियाणा प्रदेश के कार्यकारिणी अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज, 84 के ब्राह्मण समाज प्रधान धर्मवीर, तावडू ब्राह्मण समाज के प्रधान सीताराम, विनोद भारद्वाज, सुखीराम भारद्वाज, तावडू नगर पालिका उप प्रधान धर्मेंद्र भारद्वाज, पार्षद राजेश शर्मा, राजेंद्र भारद्वाज, सुरेश तंवर, यशवीर सहरावत, सुरेश सहरावत, हुकम चंद गुलशन गाबा, अशोक शर्मा, मास्टर बृजमोहन शर्मा, प्रदीप धारीवाल, किरोड़ीमल शर्मा, अजय भारद्वाज सहित समाज की महिला और पुरुष व ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे। इस दौरान भंडारे में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा कार्यक्रम समिति द्वारा लोगों के लिए मीठे पानी की छबील भी लगाई हुई थी। आगंतुकों को सम्मान भी किया गया।

# अखिल भारतीय खटीक समाज के जिला अध्यक्ष बने मयंक खटीक



**भिवानी (ब्यूरो) :** अखिल भारतीय खटीक समाज को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से संगठन में नए पदाधिकारियों की नियुक्तियों का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा मयंक खटीक को अखिल भारतीय खटीक समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मयंक खटीक ने अपनी जिम्मेदारी पर खुशी जाहिर करते हुए शीर्ष नेतृत्व का सहृदय आभार व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मुंशीरामपाल, प्रधान राष्ट्रीय महासचिव अनिल सोनकर शास्त्री और प्रदेश अध्यक्ष समीर खटीक सहित तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। समाज की उन्नति, एकता और कल्याण के लिए दिन-रात काम करना ही प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि मुख्य कार्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को संगठन के साथ जोड़ने का रहेगा। वे जल्द ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर युवाओं की बैठकें लेंगे और उन्हें समाज हित के कार्यों से जोड़कर संगठन का विस्तार करेंगे।

# नशे के खिलाफ कार्रवाई, 85 मेडिकल स्टोर्स की जांच

- **अनियमितता मिलने पर एक मेडिकल स्टोर सील**
- **एमटीपी किट मिलने पर एफआईआर दर्ज**

जगत क्रान्ति ▸▸ दुआ/सुरेन्द्र माथुर



**नूंह :** जिला उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि जिले में नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा मेडिकल स्टोर्स की लगातार जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 700 मेडिकल स्टोर संचालित हैं, अब तक जिले में कुल 85 मेडिकल दुकानों की जांच की जा चुकी है। जांच के दौरान एक मेडिकल स्टोर पर दवाइयों के रिकॉर्ड में अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए दुकान को सील किया गया। वहीं एमटीपी किट मिलने के मामले में संबंधित के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई गई है।

उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना और जिले में अवैध दवा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। इसके लिए जागरूकता अभियान के साथ-साथ सख्त कार्रवाई भी लगातार जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर अभियान को गंभीरता से चलाया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी तथा आमजन से भी अपील की कि वे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना प्रशासन को दें। इस अवसर पर एसीयूटी अमितेज पांगती, एसडीएम कुंवर आदित्य विक्रम, आरटीए सचिव मुनीष सहगल, डीएसपी पृथ्वी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध खननकर्ताओं के अवैध रास्तों को जेसीबी से खोदा

▸▸ **ग्राम पंचायत झिमरावट में अवैध खनन रोकने के लिए लगाई फरियाद**

जगत क्रान्ति ▸▸ सुरेन्द्र माथुर



**नूंह :** जिला उपायुक्त अखिल पिलानी व नूंह पुलिस कप्तान डॉ. अर्पित जैन एक मिशन के तौर पर जिला की अरावली पहाड़ियों में अवैध खनन को रोकने में लगे हुए हैं तथा अरावली क्षेत्र में अवैध खननकर्ताओं द्वारा बनाये गये अवैध रास्तों को जेसीबी की सहायता से तोड़कर गड्ढे खोदे जा रहे हैं ताकि अवैध खननकर्ताओं के वाहन इनमें फंस जाये, लेकिन अवैध खननकर्ताओं पर अभी नकेल नहीं लगी है तथा अरावली क्षेत्र में यह लोग सक्रिय है तथा वाहनों को ग्रामीण आबादी क्षेत्रों से गुजारने से परहेज नहीं करते, जिससे जहां किसानों की फसल खराब हो रही है तो ग्रामीणों की जान माल का खतरा बना हुआ है।

इसी तरह, ग्राम पंचायत झिमरावट खण्ड पिनगवां के सरपंच व अन्यों ने जिला उपायुक्त व पुलिस कप्तान को अलग-अलग दी शिकायतों में आरोप लगाया है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की सरेआम अवेहलना करते हुए कुछ लोगों द्वारा ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से अरावली पहाड़ियों से अवैध खनन बहुत जोर शोर से हो रहा है। इस बाबत ग्राम पंचायत झिमराव ने डीसी, एसपी, पुलिस व माइनिंग विजिलेंस को काफी बार फोन पर मौखिक रूप से व लिखित तौर पर अवगत कराया है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। अवैध खनन करने वाले व ट्रैक्टर, जो पत्थर उठाकर(खनन माफिया) पूरे मेवात व पलवल जिले में सप्लाई करते (बेचते) है। जो खोदे गये रास्तों को तुरंत मिट्टी डालकर पुनः भर देते है करीब 40-50 ट्रैक्टर लगभग 2000 टन पत्थर रोजाना चोरी करके इलाके में बेचते है और आए दिन कोई ना कोई अप्रिय घटना घटती रहती है। ट्रैक्टर किसी जमींदार के खेत वा फसल को नहीं देखते है और जबरन चोर रास्ता बना देते है। उन्होंने क्षेत्र में अवैध खनन पर लगाम लगाने की फरियाद की है।

# हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत

**सिरसा (हि.स.) :** जिले के गांव खाईशेरगढ़ क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों को नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिए गए हैं। मृतकों की पहचान मृतकों की पहचान यूपी के बदायूं निवासी साहिल तथा सिरसा के मलकीत सिंह के रूप में हुई है। दोनों बाइक सवार सोमवार देर रात्रि को घर लौट रहे थे। गांव धुंकावाली से खाई शेरगढ़ मार्ग पर दोनों बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने तुरंत दोनों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# हेमा मालिनी की पहल से महिला सशक्तिकरण को मिल रहा बढ़ावा

▸▸ **'सखी अन्नपूर्णा किचन' बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल**

जगत क्रान्ति ▸▸ मथुरा



बलदेव के 'यमुना महिला स्वयं सहायता समूह' की महिलाओं द्वारा शुरू किया गया 'सखी अन्नपूर्णा किचन' सफलतापूर्वक संचालित होना शुरू हो गया है। इस किचन का उद्घाटन मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने किया था। यह पहल राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। समूह की अध्यक्ष कविता ने बताया कि इस किचन की शुरुआत उनके लिए गर्व का विषय है और स्थानीय लोगों से इसे अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोग लगातार जानकारी ले रहे हैं और ऑर्डर के लिए संपर्क भी कर रहे हैं।

सांसद हेमा मालिनी ने इस पहल को महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने का प्रभावी माध्यम बताते हुए कहा कि इससे लगभग 20 महिलाओं को प्रत्यक्ष रूप से और कई अन्य को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होती हैं तो समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करती हैं और पलायन को रोकने में मददगार साबित होती हैं। हेमा मालिनी ने कहा कि इस मॉडल को अन्य ब्लॉकों तक भी विस्तार देने की योजना है।

बलदेव के विधायक पूरन प्रकाश ने बताया कि इस किचन में महिलाएं अपने घरों पर स्वच्छ और पौष्टिक भोजन तैयार करेंगी, जिसे सरकार के सहयोग से ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा। खंड विकास अधिकारी नेहा रावत ने बताया कि यह अपने तरह का पहला मॉडल है, जिसमें स्वयं सहायता समूह आधारित घरेलू किचन व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस योजना में सभी कच्चा माल अन्य स्वयं सहायता समूहों से ही खरीदा जाएगा, जिससे पूरे स्थानीय इकोसिस्टम को लाभ मिलेगा। शुरुआत में थाली सेवा और बड़े ऑर्डर की सुविधा दी जा रही है, साथ ही सरकारी और निजी आयोजनों के लिए कैटरिंग सेवा भी विकसित की जा रही है। भविष्य में टिफिन और सब्सक्रिप्शन आधारित सेवा शुरू करने की योजना है।

# पिछड़ा वर्ग रोडवेज कर्मचारी महासभा ने की जीएम से शिष्टाचार भेंट

जगत क्रान्ति ▸▸ चन्द्रमणी अत्री



**कुरूक्षेत्र :** आज पिछड़ा वर्ग रोडवेज कर्मचारी महासभा हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी ने कुरुक्षेत्र डिपो के महाप्रबंधक समिंद्र सिंह से शिष्टाचार भेंट की। यह कार्यक्रम डिपो कमेटी के प्रधान सुरेश प्रजापति की अगुवाई में आयोजित किया गया। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष योगी सुभाष चौहान चिड़ाना ने महाप्रबंधक महोदय को सभी पदाधिकारियों से परिचय कराया। भेंट के दौरान कुरुक्षेत्र डिपो स्तर की लंबित समस्याओं को महाप्रबंधक महोदय के समक्ष रखा गया। साथ ही पिछड़ा वर्ग कर्मचारियों की पदोन्नति में 27 प्रतिशतआरक्षण, बैकलॉग के रिक्त पदों को भरने व अन्य मांगों पर चर्चा की गई।

महाप्रबंधक समिंदर ने डिपो की सभी समस्याओं सहित कर्मचारियों की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और नियमानुसार समाधान करने का आश्वासन दिया। महाप्रबंधक कुरुक्षेत्र डिपो की कार्य शैली को लेकर सभी ने उनका आभार व्यक्त किया। महासभा के नाम का स्मृति चिन्ह देकर और मिठाई खिलाकर जीएम साहब का अभिवादन किया गया। इस मौके पर राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र सैन, राजेंद्र स्वामी, राज्य महासचिव रामनिवास पांचाल, डिपो प्रधान सुरेश प्रजापति, दिलबाग सिंह, गुरुदेव सिंह, कुलबीर सिंह, जयभगवान पांचाल, सोमदत्त, रोहतास वर्मा, बलकार सिंह, सोनू प्रजापति, सुल्तान सिंह, राम सिंह, मुकेश कुमार, अरविंदर सिंह, परवीन कुमार, अरुण कुमार आदि कार्यकारिणी के सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## इंसानी जीवन बना खिलौना

इंसानी जीवन मूल्यों में किस हद तक गिरावट आई है कि कुछ लालची लोग मुनाफे के लिये दूसरे लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करते। अब चाहे सुकोमल व बीमारियों के संक्रमण की दृष्टि से संवेदनशील छोटे बच्चे ही क्यों न हों। निस्संदेह, जीवनदायिनी दूध में मिलावट, इंजेक्शन लगे फल-सब्जी तथा नकली दवाइयों का कारोबार जैसे घातक कृत्य से मुनाफा कमाने में लगे लोगों की मानवीय संवेदनाएं मर चुकी हैं। कल्पना करें कोई बीमार व्यक्ति सेहत के लिये दूध का सेवन करे और उसे रासायनिक पदार्थों से मिला दूध मिले तो वह स्वस्थ होने के बजाय बीमार ही हो जाएगा। ऐसा ही नकली-मिलावटी दवाइयों के बाबत कहा जा सकता है कि कोई बीमारियों से मुक्त होने हेतु दवा खरीदे और उसे नकली दवाइयां बेच दी जाएं। लेकिन इससे भी घातक वह कुकृत्य है जिसमें पंजाब में बायोमेडिकल कचरे की अवैध रीसाइक्लिंग से जुड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। दुखद ही है कि अस्पतालों और ब्लड बैंकों से एकत्र खतरनाक बायोमेडिकल कचरे को निर्धारित नियमों को ताक में रखकर रीसाइक्लिंग के लिये भेजा जा रहा था। जबकि सख्त नियमों के अंतर्गत प्रावधान है कि बायोमेडिकल कचरे को अनिवार्य रूप से नष्ट किया जाना चाहिए। खबरें तो ऐसी भी आई हैं कि बायोमेडिकल कचरे से रिसाइकल किया गया प्लास्टिक, मेडिकल उपकरण, यहां तक कि सस्ते खिलौने बनाने वालों तक पहुंच रहा है। उल्लेखनीय है कि बायोमेडिकल कचरे को उच्च गुणवत्ता वाले प्लास्टिक के रूप में पाया जाता है, जो सस्ती उपलब्धता के कारण उत्पादकों की लागत कम कर देता है। यहीं कुछ उत्पादों को साफ करके फिर से बाजार में उतारने की भी आशंका है। दरअसल, जानलेवा अवैध कारोबार का खुलासा तब हुआ, जब पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मिली शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक गोदाम से भारी मात्रा में बायोमेडिकल कचरा बरामद किया। निश्चित ही, इस घातक खेल में ऐसे लोग भी शामिल होंगे, जो मेडिकल कचरे को नष्ट करने के बजाय चंद रुपयों के लिये उसे बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। निस्संदेह, इस जानलेवा खेल के पीछे एक सुनियोजित सांठगांठ वाले गिरोह की भूमिका होगी। जिसके जरिये बायोमेडिकल कचरे को गोदामों से निकालकर स्क्रैप डीलरों के माध्यम से बेचा गया। पुलिस के छापे में गोदाम से खून से सने कॉटन पैड, प्रयोग की गई सिरिंज और खून के सैंपल वाली बोतलें समेत कई ऐसे मेडिकल वेस्ट मिले हैं जो घातक संक्रमण फैलाने का जरिया बन सकते हैं। कुछ लालची लोग मुनाफे के लिये यह जानलेवा काम कर रहे हैं, लेकिन सवाल यह कि नियामक तंत्र की मौजूदगी में ये खेल कैसे चल रहा था? उल्लेखनीय है कि पंजाब में अमृतसर, लुधियाना, मुक्तसर, मोहली, नकोदर और पठानकोट में छह बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट की सुविधाएं मौजूद हैं। इन सभी यूनिटों द्वारा हर दिन बीस हजार किलोग्राम बायोमेडिकल कचरे का निस्तारण किया जाता है। जिसकी निगरानी के लिये पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एक बारकोडिंग प्रणाली के जरिये जानकारी जुटाता है। इतना ही नहीं, कचरा ढोने वाले वाहनों की ट्रैकिंग और अन्य जानकारियां ऑनलाइन अपलोड की जाती हैं। सवाल यह उठता है कि इस अपवित्र कृत्य की कमजोर कड़ी कहां है? पुलिस सूत्रों ने इशारा किया है कि बायोमेडिकल कचरे पर मोहाली की एक अधिकृत कचरा संग्रहण कंपनी के बारकोड लगे थे। स्पष्ट है कि मानव स्वास्थ्य के लिये घातक कचरे को वैध निपटान प्रक्रिया से गुजारने के बजाय मुनाफे के लिये बाजार में बेच दिया गया। कहना कठिन है कि यह खतरनाक खेल कब से चल रहा था और न जाने कितने लोगों को घातक संक्रमण का शिकार बना दिया गया होगा। निस्संदेह, यदि प्रवर्तन एजेंसियां ईमानदारी से सख्त कार्रवाई करें तो अपराधियों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है। सूत्र बताते हैं कि इस प्रकरण में एक ऐसी कंपनी की कारगुजारी संदिग्ध है, जिसे बायोमेडिकल कचरे के अनुचित प्रबंधन मामले में पहले भी पकड़ा जा चुका है। यदि पहले ही दोषियों को सख्त दंड मिला होता तो शायद वे दुबारा ऐसा करने का दुस्साहस नहीं कर पाते। निस्संदेह, नियामक तंत्र की कोताही और हमारी कानून व्यवस्था के छिद्र ऐसे अपराधियों को फिर-फिर पनपने का मौका देते हैं।

# इटली और भारत : इंडो-भूमध्यसागरीय क्षेत्र के लिए एक रणनीतिक साझेदारी

भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है।

हमारा सहयोग इस साझा समझ को दर्शाता है कि 21वीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें। इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया है, ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपरकंप्यूटर तकनीक–जो उसे एक औद्योगिक महाशक्ति बनाती है–को भारत की तेज़ आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, बड़े पैमाने की क्षमता, नवाचार और 100 से अधिक यूनिकॉर्न तथा 2 लाख स्टार्ट-अप वाले उद्यमी इकोसिस्टम के साथ जोड़कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं। यह केवल दो व्यवस्थाओं का साधारण मेल नहीं है, बल्कि ऐसा साझा मूल्य निर्माण है जिसमें दोनों देशों की औद्योगिक ताकतें एक-दूसरे को और अधिक मजबूत बनाती हैं।

यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों दिशाओं में व्यापार और निवेश बढ़ाने का रास्ता खोलता है। हमारा लक्ष्य 2029 तक भारत और इटली के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाना है। इसमें रक्षा एवं एयरोस्पेस, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, मशीनरी, ऑटोमोबाइल पुर्जे, रसायन, दवाइयां, वस्त्र, कृषि-खाद्य क्षेत्र और पर्यटन समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रहेगा। 'मेड इन इटली' हमेशा से दुनिया भर में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है, और आज इसका स्वाभाविक तालमेल मेक इन इंडिया पहल के उच्च गुणवत्ता वाले लक्ष्यों के साथ दिखाई देता है। इसी संदर्भ में, भारत के लिए उत्पादन में इतालवी कंपनियों की बढ़ती



**नरेंद्र मोदी**
भारत के प्रधानमंत्री



**जॉर्जिया मेलोनी**
इटली गणराज्य मंत्रिपरिषद की अध्यक्ष

रुचि और इटली में भारतीय उद्योगों की बढ़ती मौजूदगी – जो अब दोनों पक्षों से मिलाकर 1000 से अधिक हो चुकी है – एक सकारात्मक संकेत है। यह हमारी सप्लाई चेन के एकीकरण को और मजबूत करेगी।

तकनीकी नवाचार हमारी साझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले दशकों में दुनिया एक बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजरेगी, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्वांटम कंप्यूटिंग, उन्नत विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में तेज प्रगति होगी। भारत का तेज़ी से बढ़ता नवाचार तंत्र और कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या, तथा इटली की उन्नत औद्योगिक क्षमता–इन क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को स्वाभाविक और रणनीतिक बनाती है। दोनों देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसे मजबूती देगी।

भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) पहले से ही दुनिया के कई देशों, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों, के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज हमारे समाज और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल रही है। इटली और भारत लंबे समय से इस दिशा में सहयोग कर रहे हैं, ताकि एआई का विकास जिम्मेदार और मानव-केंद्रित हो।

भारत और इटली एआई को समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम भी मानते हैं, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों के लिए। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आसान, बहुभाषी तकनीकों के जरिए एआई सामाजिक और डिजिटल खाइयों को कम कर सकता है, न कि उन्हें और बढ़ा सकता भारत के मानव विज़न- यानी तकनीक के केंद्र में मानव को रखने की सोच और इटली की मानव-केंद्रित 'एल्गोर-एथिक्स' की अवधारणा, जो उसकी मानवतावादी परंपरा पर आधारित है, पर आगे बढ़ते हुए हमारी साझेदारी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम बने।

हमारा दृष्टिकोण भारत की विशाल डिजिटल क्षमता को इटली की नैतिक और औद्योगिक विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है, ताकि तकनीक मानव गरिमा की सेवा कर सके।

सुरक्षित डिजिटल सहयोग, क्षमता निर्माण और मजबूत साइबर ढांचे से जुड़ी श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को साझा करके, हम एक ऐसा खुला, भरोसेमंद और समान डिजिटल वातावरण बनाना चाहते हैं, जिसमें हर देश एआई का उपयोग कर सके और उससे लाभ उठा सके। यही सोच इटली की जी7 अध्यक्षता और 2026 में नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के निष्कर्षों का मुख्य आधार है। एआई को इंसानों की ओर से इंसानों के लिए बनाई गई तकनीक मानने का अर्थ है यह स्पष्ट करना कि तकनीक न तो मनुष्य की जगह ले सकती है और न ही उसके मूल अधिकारों को कमजोर कर सकती है। इसका उपयोग जनमत को प्रभावित करने या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं होना चाहिए।

आज की तेजी से जुड़ी हुई दुनिया में स्वतंत्रता और मानव गरिमा की रक्षा का हमारा दृष्टिकोण इसी चुनौती पर आधारित है।

हमारा सहयोग अंतरिक्ष क्षेत्र तक भी फैला हुआ है। अंतरिक्ष अनुसंधान और सैटेलाइट तकनीक में भारत की उल्लेखनीय प्रगति तथा इटली की एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता, संयुक्त परियोजनाओं और नई पीढ़ी की तकनीकों के विकास के लिए बड़े अवसर प्रदान करती है।

राष्ट्रों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और स्थिरता बेहद आवश्यक हैं। इसलिए इटली और भारत रक्षा, सुरक्षा और रणनीतिक तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपने सहयोग को और मजबूत करना चाहते हैं। हमारा सहयोग महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, तथा आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क, मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध और मानव तस्करी जैसी चुनौतियों के खिलाफ मजबूती बढ़ाने में मदद करेगा।

ऊर्जा हमारी साझेदारी का एक और महत्वपूर्ण आधार है। दुनिया में ऊर्जा के विविध स्रोतों की ओर बढ़ रहे बदलाव के लिए नवाचार, निवेश और सहयोग की आवश्यकता है। भारत और इटली नवीकरणीय ऊर्जा से लेकर हाइड्रोजन तकनीक, तथा स्मार्ट ग्रिड से लेकर मजबूत बुनियादी ढांचे तक कई क्षेत्रों में साथ काम कर रहे हैं।

ग्रीन हाइड्रोजन निर्यात का वैश्विक केंद्र बनने की भारत की पहल अपार संभावनाएं रखती है। यह इटली की नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना में उन्नत तकनीक और यूरोप के लिए ऊर्जा प्रवेश द्वार के रूप में उसकी रणनीतिक भूमिका के साथ पूरी तरह मेल खाती है।इस संदर्भ में भारत की अगुवाई वाली प्रमुख पहलों- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) और ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस (जीबीए) में अन्य देशों के साथ हमारा सहयोग भी बेहद महत्वपूर्ण है।

भौतिक, डिजिटल और मानवीय संपर्क ही वह कड़ी है जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है। भारत और इटली दोनों वैश्विक अर्थव्यवस्था के दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों-इंडो-पैसिफिक और भूमध्यसागर के केंद्र में स्थित हैं। अब इन क्षेत्रों को अलग-अलग नहीं, बल्कि आपस में जुड़े हुए क्षेत्रों के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल, हम एक नए 'इंडो-मैडिटेरेनियन' क्षेत्र के उभरने को देख रहे हैं, जो व्यापार, तकनीक, ऊर्जा, डेटा और विचारों का एक महत्वपूर्ण गलियारा बन रहा है और हिंद महासागर को यूरोप से जोड़ता है। इसी आपस में जुड़े हुए क्षेत्र में हमारा संबंध स्वाभाविक रूप से एक विशेष रणनीतिक साझेदारी के रूप में विकसित होता है- ऐसी साझेदारी, जो दो महाद्वीपों को जोड़ती है और नई वैश्विक परिस्थितियों को आकार देती है।

इस संदर्भ में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) एक ऐसी दूरदर्शी योजना है, जिसका उद्देश्य आधुनिक परिवहन और बुनियादी ढांचे, डिजिटल नेटवर्क, ऊर्जा प्रणालियों और मजबूत सप्लाई चेन के माध्यम से हमारे क्षेत्रों को जोड़ना है। भारत और इटली अन्य साझेदार देशों के साथ मिलकर इस दृष्टि को वास्तविकता में बदलने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

हम अपने साझा चुनौतियों का समाधान दोनों देशों के गहरे संबंधों और लंबे सांस्कृतिक जुड़ाव के आधार पर कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में 'धर्म' का विचार उस जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है, जो हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करना चाहिए। वहीं 'वसुधैव कुटुंबकम्'- अर्थात 'पूरी दुनिया एक परिवार है' का सिद्धांत आज के आपस में जुड़े डिजिटल युग में और भी अधिक प्रासंगिक लगता है।

ये मूल्य इटली की मानवतावादी परंपरा से भी मेल खाते हैं, जिसकी जड़ें पुनर्जागरण काल में हैं। यह परंपरा हर व्यक्ति की गरिमा और संस्कृति की उस शक्ति पर जोर देती है, जो समाजों और लोगों को एकजुट कर सकती है। इसलिए हमारी साझा दृष्टि का उद्देश्य लोगों को केंद्र में रखते हुए भारत-इटली साझेदारी को मजबूत, आधुनिक और भविष्य उन्मुख आधार प्रदान करना है।

×××××

## ऑनस्क्रीन मार्किंग प्रणाली पर छात्रों का विश्वास बनाए सीबीएसई



**अरविंद रावल**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा वर्ष 2026 की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहली बार 'ऑनस्क्रीन मार्किंग प्रणाली' के माध्यम से डिजिटल रूप में किया गया है। इस नई व्यवस्था के तहत सभी विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं को स्कैन कर ऑनलाइन मूल्यांकन केंद्रों पर भेजा गया, जहां शिक्षकों ने डिजिटल माध्यम से मूल्यांकन कर अंक दर्ज किए। शिक्षा क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण तकनीकी बदलाव माना जा रहा है। सीबीएसई का उद्देश्य मूल्यांकन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्रुटिरहित और तेज बनाना है। डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली से उत्तर पुस्तिकाओं के भौतिक परिवहन की आवश्यकता समाप्त होगी, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। साथ ही ऑनलाइन माध्यम से कॉपियों को मूल्यांकन केंद्रों तक पहुंचाना अधिक सरल और सुरक्षित भी है। यह व्यवस्था पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी उपयोगी साबित हो सकती है। हालांकि इस वर्ष कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 3 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। इसके चलते छात्रों और अभिभावकों के बीच ऑनस्क्रीन मार्किंग प्रणाली को लेकर कई तरह की शंकाएं उत्पन्न हो गई हैं। नई प्रणाली के प्रति असमंजस और परिणामों में आई गिरावट के कारण इसकी आलोचना भी की जा रही है।

सीबीएसई बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परिणामों में गिरावट का कारण ऑनस्क्रीन मार्किंग प्रणाली नहीं है। बोर्ड ने छात्रों और अभिभावकों के संदेह दूर करने के लिए पुनर्मूल्यांकन शुल्क में भी राहत प्रदान की है, ताकि इच्छुक विद्यार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन आसानी से करा सकें। वर्तमान डिजिटल युग में शिक्षा और परीक्षा प्रणाली में तकनीकी बदलाव समय की आवश्यकता बन चुके हैं। आने वाले वर्षों में देशभर में मूल्यांकन कार्य इसी प्रकार की डिजिटल प्रणाली के माध्यम से किए जाने की संभावना है। ऐसे में आवश्यक है कि सीबीएसई बोर्ड इस नई ऑनस्क्रीन मार्किंग प्रणाली की विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए छात्रों और अभिभावकों के सभी संदेहों का प्रभावी समाधान करे। तभी यह व्यवस्था शिक्षा जगत में विश्वास और पारदर्शिता का मजबूत आधार बन सकेगी।

**गोपाल कॉलोनी, झाबुआ (म.प्र.)**

# भारत ने मध्यस्थता न्यायालय का फैसला अवैध ठहराया

**संदर्भ : सिंधु जल संधि**

**प्रमोद भार्गव**

भारत अब देशहित में कठोर फैसले लेने में चूक नहीं रहा है। भारत ने कश्मीर के पहलगाम में निर्दोश पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के परिप्रेक्ष्य में कड़ा रुख अपनाते हुए पांच बड़े कूटनीतिक प्रहार किए थे। इनमें सबसे महत्वपूर्ण सिंधु जल समझौते को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना था। इस बाबत भारत ने दूसरा कठोर फैसला लेते हुए नीदरलैंड के हेग में स्थित अंतरराष्ट्रीय स्थाई मध्यस्थता न्यायालय के उस फैसले को खारिज करते हुए अवैध ठहरा दिया, जो जम्मू-कश्मीर से जुड़ी जल विद्युत परियोजनाओं से संबंधित था। इन पर पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि के तहत आपत्ति जताई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने दो टूक कहा कि 'अवैध रूप से गठित तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय ने 15 मई 2026 को अधिकतम जल ग्रहण क्षेत्र से संबंधित एक फैसला दिया है, जो सिंधु जल संधि की सामान्य व्याख्या के मुद्दों पर दिए गए फैसलों का पूरक है। भारत इस तथाकथित फैसले को पूरी तरह खारिज करता है, ठीक उसी तरह जैसे उसने अवैध रूप से गठित मध्यस्थता न्यायालय के सभी पूर्व निर्णयों को दृढ़ता से खारिज किया हुआ है। इस संधि को स्थगित रखने का भारत का फैसला बरकरार है।'

22 मार्च 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कठोर निर्णय लिए थे, जिनमें से एक 19 सितंबर 1960 को अंतरराष्ट्रीय जल संरक्षण संधि है। इस संधि में 12 अनुच्छेद और 8 परिशिष्ट हैं। यह एक ऐसी कूटनीतिक चाल थी, जिससे पाकिस्तान को भीषण जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है। पाक कि आर्थिक समृद्धि में भी इस फैसले ने मठा घोलने का काम किया है। सिंधु जल संधि में भारत और पाकिस्तान के बीच नदियों का पानी बांटने का समझौता हुआ था। इस समझौते पर प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तानी राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए थे। यह संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता में हुई थी। इसके अंतर्गत पाकिस्तान से पूर्वी क्षेत्र की तीन नदियों व्यास, रावी व सतलज की जल राशि पर नियंत्रण भारत के सुपुर्द किया गया था और पश्चिम की नदियों सिंधु, चिनाब व झेलम पर नियंत्रण की जिम्मेदारी पाक को सौंपी गई थी। इसके तहत भारत के ऊपरी हिस्से में बहने वाली इन छह नदियों का 80.52 यानी 167.2 अरब घन मीटर पानी पाकिस्तान को हर साल दिया जाता है। जबकि भारत के हिस्से में महज 19.48 प्रतिशत पानी ही शेष रह जाता है।

नदियों की ऊपरी धारा (भारत में बहने वाला पानी) के जल-बंटवारे में उदारता की ऐसी अनूठी मिसाल दुनिया के किसी भी अन्य जल-समझौते में देखने में नहीं आई है। इसलिए अमेरिकी सीनेट की विदेशी मामलों से संबंधित समिति ने 2011 में दावा किया था कि यह संधि दुनिया की सफलतम संधियों में से एक है। लेकिन यह संधि केवल इसलिए सफल है, क्योंकि भारत संधियों की शर्तों को निभाने के प्रति उदार एवं प्रतिबद्ध बना हुआ था। जबकि जम्मू-कश्मीर को हर साल इस संधि के पालन में करीब 60 हजार करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ता है। भारत की भूमि पर इन नदियों का अकूत जल भंडार होने के बावजूद इस संधि के चलते इस राज्य को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। पाकिस्तान की 2.6 करोड़ एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई इन्हीं नदियों के जल से होती है। पाक के बड़े भू-भाग की 21 करोड़ से ज्यादा जनसंख्या की जल की जरूरतें इन्हीं नदियों पर निर्भर हैं। पिछले एक साल से सिंधु का पानी रोक दिए जाने से पाकिस्तान में खेती को बड़ा नुकसान हो रहा है।

दरअसल सिंधु-संधि के तहत उत्तर से दक्षिण को बांटने वाली एक रेखा सुनिश्चित की गई है। इसके तहत सिंधु क्षेत्र में आने वाली तीन नदियां सिंधु, चिनाब और झेलम पूरी तरह पाकिस्तान को उपहार में दे दी गई हैं। इसके उलट भारतीय संप्रभुता क्षेत्र में आने वाली व्यास, रावी व सतलज नदियों के बचे हुए हिस्से में ही जल सीमित रह गया है। इस लिहाज से यह संधि दुनिया की ऐसी इकलौती अंतर्देशीय जल संधि है, जिसमें सीमित संप्रभुता का सिद्धांत लागू होता है और संधि की असमान शर्तों के चलते ऊपरी जलधारा वाला देश नीचे की ओर प्रवाहित होने वाली जलधारा वाले देश पाकिस्तान के लिए अपने हितों की न केवल अनदेखी करता है, वरन बलिदान कर देता है। इतनी बेजोड़ और पाक हितकारी संधि होने के बावजूद पाक ने भारत की उदार शालीनता का उत्तर पूरे जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में आतंकी हमलों के रूप में देता रहा है। आतंकवाद को बहाना बनाकर छद्म युद्ध तीन दशक से लड़ रहा है। जबकि सभी हमले पाक सेना की करतूत हैं। दरअसल छद्म युद्ध में लागत तो कम आती ही है, हमलाबर देश पाकिस्तान वैश्विक मंचों पर इस बहाने रक्षात्मक भी हो जाता है कि इन हमलों में उसका नहीं, आतंकवादियों का हाथ है। बावजूद हैरानी इस बात पर है कि इस संधि को तोड़ने की हिम्मत न तो 1965 में भारत-पाक युद्ध के बाद दिखाई गई और न ही 1971 में। हालांकि 1971 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान को दो टुकड़ों में विभाजित कर नए राष्ट्र बांग्लादेश को अस्तित्व में लाने की बड़ी कूट व रणनीतिक सफलता हासिल की थी। कारगिल युद्ध के समय भी इस संधि को तोड़ने से चुके हैं।

दरअसल पाकिस्तान की प्रकृति में ही अहसानफरोशी शुमार है। इसीलिए भारत ने जब झेलम की सहायक नदी किशनगंगा पर बनने वाली 'किशन गंगा जल विद्युत परियोजना' की बुनियाद रखी तो पाकिस्तान ने बुनियाद रखते ही 'मध्यस्थता न्यायालय' में 2010 में ही आपत्ति दर्ज करा दी थी। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में किशनगंगा नदी पर 300 मेगावाट की जल विद्युत परियोजना प्रस्तावित है। हालांकि 20 दिसंबर 2013 को इसका फैसला भी हो गया। दुर्भाग्य कहलें या भारत द्वारा ठीक से अपने पक्ष की पैरवी नहीं करने के कारण यह निर्णय भारत के व्यापक हित साधे रखने में असफल रहा है। न्यायालय ने भारत को परियोजना निर्माण की अनुमति तो दे दी, लेकिन भारत को बाध्य किया गया कि वह 'रन ऑफ द रिवर' प्रणाली के तहत नदियों का प्रवाह निरंतर जारी रखे। फैसले के मुताबिक किशनगंगा नदी में पूरे साल हर समय 9 क्यूसेक मीटर प्रति सेकंड का न्यूनतम जल प्रवाह जारी रहेगा। हालांकि पाकिस्तान ने अपील में 100 क्यूसेक मीटर प्रति सेकेंड पानी के प्राकृतिक प्रवाह की मांग की थी, जिसे न्यायालय ने नहीं माना। पाकिस्तान ने सिंधु जल-समझौते का उल्लंघन मानते हुए भारत के खिलाफ यह अपील दायर की थी। इसके पहले पाकिस्तान ने बगलिहार जल विद्युत परियोजना पर भी आपत्ति दर्ज कराई थी। जिसे विश्व बैंक ने निरस्त कर दिया था।

दरअसल द्विपक्षीय वार्ता के बाद शिमला समझौते में स्पष्ट उल्लेख है कि पाकिस्तान अपनी जमीन से भारत के खिलाफ आतंकवाद को फैलाने की इजाजत नहीं देगा। किंतु पाकिस्तान इस समझौते के लागू होने के बाद से ही, इसका खुला उल्लंघन कर रहा है। लिहाजा पाकिस्तान को उसी की भाषा में जवाब देने के नजरिए से भारत को सिंधु जल-संधि को ठुकरा कर पानी को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की मांग लंबे समय से उठ रही थी। पुलवामा हमले के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पाकिस्तान पर दबाव बनाने के लिए पाकिस्तान की ओर बहने वाली नदियों का पानी रोकने की बात कही थी। भारत ने पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए हमले के बाद इस मांग को अंजाम तक पहुंचा दिया है। तय है, इस कूटनीतिक पहल से पाक की कमर टूट रही है। नदियों के प्रवाह को बाधित करना इसलिए भी अनुचित नहीं है, क्योंकि यह संधि भारत के अपने राज्य जम्मू-कश्मीर के नागरिकों के लिए न केवल औद्योगिक व कृशि उत्पादन हेतु पानी के दोहन में बाधा बनी हुई थी, बल्कि पेयजल के लिए नए संसाधन निर्माण में भी बाधा थी। इस संधि के चलते यहां की जनता को पानी के उपयोग के मौलिक अधिकार से भी वंचित होना पड़ रहा था। हैरानी की बात यह भी है कि यहां सत्तारूढ़ रहने वाली सरकारों और अलगाववादी जमातों ने इस बुनियादी मुद्दे को उछालकर पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश कभी नहीं की? इसलिए आतंक का माकूल जवाब देने के लिए भारत सरकार की इस कूटनीतिक पहल का असर अब पाकिस्तान में साफ दिखाई दे रहा है।

लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।
शब्दार्थ 49, श्रीराम कॉलोनी
शिवपुरी म.प्र.

# दवा के नाम पर मौत, इलाज के नाम पर भय कब तक?



**ललित गर्ग**

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी सेना, अर्थव्यवस्था, तकनीकी उपलब्धियों या ऊंची इमारतों से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से मापी जाती है कि वह अपने नागरिकों के जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति कितना संवेदनशील है। स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी देश की आत्मा होती है। अस्पताल केवल भवन नहीं होते, वे जीवन की उम्मीद के केंद्र होते हैं। डॉक्टर केवल पेशेवर व्यक्ति नहीं होता, वह मौत और जीवन के बीच खड़ा वह संवेदनशील रक्षक होता है, जिस पर मनुष्य सबसे अधिक विश्वास करता है। लेकिन जब यही स्वास्थ्य व्यवस्था भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़े, मुनाफाखोरी और अनैतिकता की गिरफ्त में आ जाए, तब समाज का विश्वास टूटने लगता है और चारों तरफ अंधेरा ही अंधेरा दिखाई देने लगता है। आज भारत में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी जो घटनाएं सामने आ रही हैं, विशेषकर मध्यप्रदेश और राजस्थान की घटनाओं ने इसी भयावह यथार्थ को उजागर किया है।

भारत आज विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 तक स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत, समृद्ध भारत और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए अनेक योजनाएं बनाई जा रही हैं। आर्थिक प्रगति, डिजिटल क्रांति, आधारभूत ढांचे का विस्तार, तकनीकी उन्नयन और वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा आशा जगाती है। लेकिन इसी बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ती धांधलियां, फर्जी डॉक्टरों की नियुक्तियां, नकली दवाओं का कारोबार, अस्पतालों में मुनाफाखोरी और चिकित्सा सेवाओं का व्यवसायीकरण इस विकास यात्रा पर गहरे प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं। यदि नागरिकों का जीवन ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो विकास के सारे दावे खोखले प्रतीत होंगे। मध्यप्रदेश के दमोह और जबलपुर के सरकारी अस्पतालों में फर्जी डॉक्टरों की नियुक्तियों का खुलासा किसी एक राज्य की प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की कमजोरी का प्रतीक है। इससे भी अधिक चिंताजनक मामला राजस्थान मेडिकल काउंसिल में सामने आया, जहां ऐसे लोगों को डॉक्टर के रूप में पंजीकृत कर दिया गया जिन्होंने न मेडिकल शिक्षा प्राप्त की और न ही आवश्यक इंटर्नशिप की। यह केवल कागजी अनियमितता नहीं, बल्कि लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने वाला गंभीर अपराध है। एक अयोग्य व्यक्ति जब डॉक्टर बनकर मरीजों के सामने बैठता है, तब वह इलाज नहीं करता, बल्कि मानव जीवन पर प्रयोग करता है, उसके कारण जिंदगी मौत में बदल जाती है।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि ऐसे लोग व्यवस्था में प्रवेश कैसे कर जाते हैं? क्या कोई व्यक्ति अकेले इतना बड़ा फर्जीवाड़ा कर सकता है? निश्चित रूप से नहीं। इसके पीछे सत्यापन तंत्र की विफलता, विभागीय मिलीभगत और संस्थागत भ्रष्टाचार की परतें मौजूद होती हैं। जब मेडिकल काउंसिल, अस्पताल प्रशासन और परीक्षा एवं पंजीयन संस्थाओं की भूमिका संदेह के घेरे में आ जाए, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि बीमारी केवल व्यक्ति में नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था में फैल चुकी है। आज चिकित्सा क्षेत्र का संकट केवल फर्जी डॉक्टरों तक सीमित नहीं है। निजी अस्पतालों में मुनाफाखोरी ने स्वास्थ्य सेवा के मानवीय स्वरूप को गंभीर क्षति पहुंचाई है। मरीज की विवशता को आर्थिक अवसर में बदल देने की प्रवृत्ति बढ़ी है। अनेक मामलों में अनावश्यक जांचें कराना, जरूरत न होने पर मरीजों को आईसीयू में भर्ती करना, वेंटिलेटर पर रखना, अत्यधिक बिल बनाना और उपचार को लंबा खींचना आम शिकायतें बन चुकी हैं। मरीज अस्पताल में इलाज के लिए जाता है, लेकिन कई बार आर्थिक और मानसिक शोषण का शिकार होकर लौटता है। चिकित्सा सेवा का मूल उद्देश्य पीड़ा दूर करना था, लेकिन कई स्थानों पर वह व्यापार और लाभ कमाने का माध्यम बन गई है।

सरकारी अस्पतालों की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। गरीब और जरूरतमंद नागरिकों के लिए बने इन संस्थानों में संसाधनों की कमी, कर्मचारियों की लापरवाही, भ्रष्टाचार और बिचौलियों की दखलअंदाजी ने व्यवस्था को कमजोर किया है। कई बार मुफ्त दवाएं मरीजों तक नहीं पहुंचतीं, मशीनें अनुपयोगी पड़ी रहती हैं, जांचों में देरी होती है और मरीज अस्पतालों के चक्कर लगाते-लगाते टूट जाता है। गरीब व्यक्ति के लिए बीमारी केवल शारीरिक पीड़ा नहीं रहती, बल्कि आर्थिक और मानसिक संकट भी बन जाती है। आज एक और गंभीर संकट सामने आया है-डॉक्टर बनने की अंधी दौड़ और शॉर्टकट संस्कृति। नीट जैसी परीक्षाओं में धांधलियों ने पहले ही देश को झकझोर दिया है। यदि प्रवेश प्रक्रिया ही संदिग्ध हो जाए और उसके बाद फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टर व्यवस्था में प्रवेश करने लगें, तो यह पूरे चिकित्सा तंत्र की विश्वसनीयता को समाप्त कर देगा। डॉक्टर बनने के पीछे वर्षों की कठिन पढ़ाई, प्रशिक्षण, अनुशासन और संवेदनशीलता की साधना होती है। लेकिन यदि इस प्रक्रिया को धन, भ्रष्टाचार और जालसाजी से बदल दिया जाएगा तो परिणाम केवल भयावह ही होंगे। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक विश्वास का संकट भी है। जब नागरिक डॉक्टर की योग्यता पर संदेह करने लगें, अस्पतालों में भय के साथ प्रवेश करें और दवा खरीदते समय उसकी प्रामाणिकता को लेकर आशंकित रहें, तब यह किसी भी राष्ट्र के लिए खतरनाक संकेत है। स्वास्थ्य व्यवस्था में विश्वास टूटना समाज की आत्मा पर चोट पहुंचाने जैसा है। दुनिया के विकसित देशों में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े अपराधों को अत्यंत गंभीर माना जाता है। वहां फर्जी चिकित्सकों को केवल नौकरी से नहीं हटाया जाता, बल्कि आजीवन प्रतिबंध, भारी आर्थिक दंड और आपराधिक मुकदमों का सामना करना पड़ता है। कई देशों में डॉक्टरों के पंजीकरण और प्रमाणपत्रों का नियमित सत्यापन होता है तथा डिजिटल निगरानी व्यवस्था इतनी मजबूत होती है कि फर्जीवाड़े की संभावना बहुत कम रह जाती है। इसके विपरीत भारत में कई बार जांच प्रक्रिया लंबी, जटिल और धीमी होती है। वर्षों तक जांच चलती रहती है और दोषी बच निकलते हैं। यह व्यवस्था अपराधियों में भय नहीं, बल्कि निर्भीकता पैदा करती है। अब समय केवल चिंता व्यक्त करने या औपचारिक आश्वासनों का नहीं, बल्कि निर्णायक और कठोर कदम उठाने का है। देश के प्रत्येक पंजीकृत डॉक्टर का लाइव डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाना चाहिए, जहां कोई भी नागरिक एक क्लिक पर डॉक्टर की योग्यता, पंजीकरण संख्या, मेडिकल कॉलेज और सेवा विवरण की पुष्टि कर सके। मेडिकल काउंसिलों को केवल कागजी संस्थाएं नहीं, बल्कि सक्रिय निगरानी तंत्र बनाना होगा। अस्पतालों का नियमित निरीक्षण हो, डॉक्टरों के दस्तावेजों का रैंडम फिजिकल वेरिफिकेशन किया जाए और फर्जीवाड़ा पकड़े जाने पर केवल फर्जी डॉक्टर ही नहीं, बल्कि उसके दस्तावेज पास करने वाले अधिकारी और सत्यापन करने वाले कर्मचारी भी सह-आरोपी बनाए जाएं। जब तक जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक व्यवस्था नहीं सुधरेगी।

इसके साथ ही चिकित्सा शिक्षा में नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को पुनर्स्थापित करना होगा। चिकित्सा केवल रोजगार नहीं, सेवा का क्षेत्र है। डॉक्टर का पहला धर्म लाभ कमाना नहीं, जीवन बचाना होना चाहिए। यदि चिकित्सा क्षेत्र से संवेदनाएं समाप्त हो जाएंगी तो मशीनें बचेंगी, मानवता नहीं। आज समाज एक गहरे भय और असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं, जब जीवन बचाने वाले ही जीवन के लिए खतरा बन जाएं, जब अस्पतालों में भरोसे की जगह डर और संदेह बैठ जाए, तब नागरिक कहां जाए? यह प्रश्न केवल मध्यप्रदेश और राजस्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश के सामने खड़ा है। यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की समस्या नहीं, बल्कि नैतिक पतन और सामाजिक विघटन का संकेत है।

वर्ष 2047 का विकसित भारत केवल आर्थिक समृद्धि से नहीं बनेगा। वह तभी बनेगा जब नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगे, जब अस्पताल आशा के केंद्र बनेंगे, जब दवा पर विश्वास होगा और जब डॉक्टर का नाम सुनते ही श्रद्धा और भरोसा जागेगा। सड़कें, उद्योग, तकनीक और पूंजी महत्वपूर्ण हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण मनुष्य का जीवन है। यदि जीवन ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो विकास का कोई भी सपना अधूरा रह जाएगा। मेडिकल जैसे पवित्र पेशे में घुस चुके भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़े और अनैतिकता के इस कैंसर का उपचार समय रहते करना होगा। यह केवल कानून का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र का प्रश्न है। यदि हमने समय रहते कठोर निर्णय नहीं लिए तो फर्जी चिकित्सकों, नकली दवाओं और मुनाफाखोरी का यह जाल समाज के विश्वास को पूरी तरह निगल जाएगा। विकसित भारत की यात्रा में स्वास्थ्य व्यवस्था की पारदर्शिता, शुचिता, जवाबदेही और मानवीयता सबसे बड़ी आवश्यकता है, क्योंकि जहां जीवन सुरक्षित नहीं, वहां विकास का कोई भी स्वप्न स्थायी नहीं हो सकता।

लेखक,पत्रकार एवं स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, दिल्ली-92

## न्यूज एक्सप्रेस

### फीनिक्स क्लब द्वारा स्कूल में बच्चों हेतु पंखे एवं शूज भेंट



**थानेसर/पंकज अरोड़ा :** सामाजिक संस्था फीनिक्स क्लब द्वारा गांव किशनपुरा के सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों हेतु पंखे एवं शूज भेंट किए गए। फीनिक्स क्लब के प्रधान कीर्ति खोसला ने बताया कि क्लब द्वारा वर्षभर सामाजिक, जनहित कार्य किए जाते हैं। इसी कड़ी में फिनिक्स क्लब द्वारा किशनपुरा के सरकारी स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों हेतु पंखे एवं शूज भेंट किए गए। इस अवसर पर सचिव दिनेश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष दिनेश अनेजा, गुरसेवक सिंह, तरुण ढींगरा, अश्वनी अरोड़ा, दीपक चिब, राजेश पोपली, अरुण गुप्ता, सुनील कालड़ा, देवेन भाटिया, अमन गर्ग आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय राकेश खुल्लर को दी श्रद्धांजलि

**चण्डीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वर्गीय राकेश खुल्लर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। स्वर्गीय राकेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर के बड़े भाई थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज स्वर्गीय राकेश खुल्लर के अंतिम संस्कार में पहुंचे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए परिवारजनों को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



### यमुना में गिरने वाले नालों की मैपिंग के लिए जोन-वाइज ड्रोन सर्वे होगा

**चण्डीगढ़ :** हरियाणा सरकार यमुना नदी में गिरने वाले सभी प्रमुख और छोटे नालों की मैपिंग के लिए जोन-वाइज ड्रोन सर्वे कराएगी। इसका उद्देश्य प्रदूषण हॉटस्पॉट की पहचान कर जल प्रवाह और जल गुणवत्ता की निगरानी को मजबूत करना है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदूषण नियंत्रण की व्यापक रणनीति की समीक्षा करते हुए एसटीपी, सीईटीपी और नालों के सुधार कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि यमुना की जल गुणवत्ता सुधार के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना 2028 तक लागू की जा रही है।



### सीएम विंडो शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें : उपायुक्त



**जींद :** उपायुक्त मोहम्मद इमरान रज़ा ने सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक में कहा कि सभी विभाग लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें और पेंडेंसी शून्य करने के लिए गंभीरता एवं जवाबदेही से कार्य करें। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण के बाद पोर्टल पर अपलोड की जाने वाली एटीआर तथ्यात्मक, स्पष्ट और दस्तावेजों सहित होनी चाहिए ताकि कार्य में पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि आमजन की छोटी से छोटी समस्या का भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए ताकि प्रशासन के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत हो।

### पुलिस-गौ तस्करों के बीच मुठभेड़, एक आरोपी घायल

**नूंह/सुरेन्द्र माथुर :** सीआईए नूंह और गौ तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में एक आरोपी घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने चार गोवंश मुक्त कराने के साथ एक ईको एम्बुलेंस, देसी कट्टा, कारतूस और अन्य सामान बरामद किया। पुलिस के अनुसार, नूंह-होडल रोड पर नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध ईको एम्बुलेंस को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन आरोपियों ने फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैरों में गोली लगी, जिसे पकड़ लिया गया और नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी हैं और मामले की जांच जारी है।



# पीपीपी में आय सत्यापन ग्राम सभाओं से कराएं : सैनी

**क्रिड विभाग के लंबित मामलों को एक माह में निपटाएं**



जगत क्रान्ति ⏭ राकेश गुप्ता

**चण्डीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में आय सत्यापन का कार्य ग्राम सभाओं के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, ताकि पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में नागरिक संसाधन सूचना विभाग (क्रिड) और सेवा विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने परिवार पहचान पत्र से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। क्रिड के आयुक्त एवं सचिव जे. गणेशन ने बताया कि कई परिवारों की आय का सत्यापन लंबित होने के कारण उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में गठित आय सत्यापन कमेटी में रिपोर्टों में अंतर आने से अंतिम निर्णय में कठिनाई हो रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि टीम लीडर और लोकल ऑपरेटर से प्राप्त आंकड़ों को संबंधित ग्राम सभा में प्रस्तुत किया जाए और ग्राम सभा द्वारा तय की गई आय को अंतिम माना जाए। उन्होंने यह भी कहा कि लंबित मामलों का निपटान एक माह के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कृषि से प्राप्त 5 लाख रुपये तक की वार्षिक आय होने पर भी किसी पात्र परिवार को उन योजनाओं से वंचित नहीं किया जाना चाहिए, जिनके लिए आय सीमा 1.80 लाख रुपये निर्धारित है। उन्होंने दयालु योजना में आधार लिंकिंग से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी और अतिरिक्त उपायुक्त की संयुक्त कमेटी बनाने के निर्देश दिए। साथ ही सीपीएलओ और एलसीएलओ की समस्याओं के समाधान के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित करने और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की भी स्वीकृति दी। बैठक में बताया गया कि हरियाणा में परिवार पहचान पत्र प्लेटफॉर्म के तहत 77 लाख से अधिक परिवारों और करीब 3 करोड़ सदस्यों का पंजीकरण किया जा चुका है तथा 50 से अधिक विभागों की 400 से ज्यादा योजनाएं इससे जुड़ी हुई हैं। जल्द ही पीपीपी 2.0 प्लेटफॉर्म और स्मार्ट कार्ड की सुविधा भी शुरू की जाएगी। बैठक में वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## रोहतक से शिमला सीधी बस सेवा शुरू



जगत क्रान्ति ⏭ संजीव चहल

**रोहतक :** हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक द्वारा शुरू की गई रोहतक से शिमला सीधी बस सेवा का मंगलवार को पूर्व विधायक मनीष ग्रोवर ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर रोडवेज विभाग के जीएम नवीन भी मौजूद रहे। बस सेवा शुरू होने से यात्रियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने इस पहल को जनहित में सराहनीय बताते हुए कहा कि यह सेवा रोहतक एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लोगों द्वारा शिमला के लिए सीधी बस सेवा की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया गया है। इससे यात्रियों को अब चंडीगढ़ या अन्य स्थानों पर बस बदलने की परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

उन्होंने बताया कि यह बस सेवा 19 मई 2026 से नियमित रूप से संचालित की जाएगी। बस प्रतिदिन सुबह 10:05 बजे रोहतक बस स्टैंड से रवाना होकर चंडीगढ़ और कालका होते हुए शिमला पहुंचेगी। वहीं शिमला से वापसी अगले दिन सुबह 7 बजे होगी। लगभग 373 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली इस बस का प्रति यात्री किराया 581 रुपये निर्धारित किया गया है। रोडवेज जीएम नवीन ने बताया कि यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बस का संचालन प्रतिदिन किया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसी जनहित सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।

## खरखौदा आईटीआई में रोजगार मेले से 170 युवाओं को मिला रोजगार

जगत क्रान्ति ⏭ खरखौदा

ट्रॉन्टैक इलेक्ट्रॉनिक कंपनी के जीएम हरप्रीत सिंह ने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को निजी क्षेत्र में बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम हैं। वे खरखौदा आईटीआई में आयोजित रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न कंपनियों से जुड़ने और अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने युवाओं से तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास पर ध्यान देने का आह्वान किया, ताकि बदलते औद्योगिक परिवेश में बेहतर अवसर हासिल किए जा सकें। खरखौदा आईटीआई में आयोजित इस रोजगार मेले में कुल 13 कंपनियों ने भाग लिया। मेले में 352 युवाओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से चयन प्रक्रिया के बाद 170 युवाओं को विभिन्न कंपनियों में नौकरी के लिए चुना गया। आईटीआई प्राचार्य संदीप कुमार अहलावत ने मेले के सफल आयोजन के लिए स्टाफ और भाग लेने वाली कंपनियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर शमशेर, धर्मप्रकाश, राजेंद्र नांदल सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



## एआई स्मार्ट विज़न चश्मों के साथ 26 दृष्टिबाधित लोगों को सशक्त बनाया

जगत क्रान्ति ⏭ नोएडा

अल्माअवेकनिंग फाउंडेशन ने डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के सहयोग से फाउंडेशन के इनेबल प्रोग्राम के तहत डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल में एक विशेष सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया है, जो प्रौद्योगिकी-आधारित सहायक समाधानों के माध्यम से विकलांग व्यक्तियों का समर्थन करता है। इस कार्यक्रम के तहत, 26 दृष्टिबाधित लाभार्थियों को एआई-सक्षम स्मार्ट विज़न चश्मे मिले हैं, जो उन्नत सहायक तकनीक के माध्यम से गतिशीलता, पढ़ने में सहायता, वस्तुओं की पहचान, नेविगेशन और स्वतंत्र जीवन जीने में मदद करते हैं।



इस कार्यक्रम में डॉ. अल्मा चोपड़ा अल्माअवेकनिंग फाउंडेशन की संस्थापक, मोटिवेशनल स्पीकर और लाइफ कोच), डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के अधिकारी और अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए। इस कार्यक्रम में लाभार्थियों के साथ बातचीत और एआई-सक्षम स्मार्ट विज़न ग्लासेज़ का लाइव प्रदर्शन भी हुआ। ये डिवाइस नेविगेशन सपोर्ट, पढ़ने में सहायता, चेहरे की पहचान, करेंसी की पहचान, कॉलिंग सपोर्ट, इमरजेंसी एसओएस, वॉइस असिस्टेंस और आस-पास की चीज़ों का पता लगाने जैसी सुविधाएँ देते हैं, जिससे दृष्टिबाधित लोग ज़्यादा आज़ादी, सुरक्षा और आत्मविश्वास के साथ जी पाते हैं।

अल्माअवेकनिंग फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह पहल फाउंडेशन के उस विज़न के अनुरूप है, जिसके तहत इसके पाँच स्तंभों के माध्यम से सार्थक सामाजिक प्रभाव पैदा किया जाता है और यह सुनिश्चित किया जाता है कि शारीरिक सीमाओं के कारण कोई भी व्यक्ति पीछे न रह जाए। डॉ. अल्मा चोपड़ा ने कहा, इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुलभता, समावेश और नवाचार को बढ़ावा देना है। इसके अलावा, डॉ. उमंग ने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद न केवल दृष्टि-सहायक उपकरण उपलब्ध कराना है, बल्कि ऐसे लाभार्थियों को गरिमा प्रदान करना भी है।

अल्माअवेकनिंग फाउंडेशन और डॉ. श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल, सुलभ नेत्र देखभाल और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में अपना योगदान जारी रखे हुए हैं, ये ऐसी पहलों का समर्थन करते हैं जो पूरे भारत में दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाती हैं।

यह पहल दोनों संगठनों की एक ऐसे समावेशी समाज के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जहाँ टेक्नोलॉजी गरिमा, आत्मविश्वास, सुलभता और समान अवसर का एक माध्यम बनती है। इस कार्यक्रम में डॉ. अल्मा चोपड़ा (अल्माअवेकनिंग फाउंडेशन) विशाल मसीह (सीओओ), अनिल वर्मा (एसोसिएट डायरेक्टर, अल्माअवेकनिंग फाउंडेशन), डॉ. उमंग (सीईओ एससीईएच), श्री शांतनु (सीओओ एससीईएच); डॉ. सोनिया श्रीवास्तव (प्रभारी, लो विजन क्लिनिक, एससीईएच) और डॉ. नसीम अख्तर (सीनियर फैकल्टी, लो विजन, एससीईएच) उपस्थित रहे।

## श्रीएसडी स्कूल में आयोजित टैलेंट शो में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

जगत क्रान्ति ⏭ अजय राजपूत

**पानीपत :** श्रीसनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए टैलेंट शो का आयोजन किया गया। उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना और उनमें आत्मविश्वास विकसित करना था। संचालन बजरंगबली सदन की इंचार्ज कविता शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीत, संगीत, नृत्य, कविता पाठ, भाषण, अभिनय एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रस्तुतियों ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या रेखा शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नए विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएं दीं और उन्हें शिक्षा के साथ-साथ अपनी प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन को सफल एवं प्रेरणादायक बताया। निर्णायक मंडल में गणित विभाग की अध्यापिका वरुण शर्मा और अंग्रेजी विभाग के अध्यापक विनीत शामिल रहे। नृत्य में मुस्कान, वादन में अमन प्रथम रहे, सृष्टि और भारती द्वितीय स्थान पर रहे, डेजी और वैशाली नृत्य में तीसरे स्थान पर रहे। चित्रकार में ऋषभ रावल राजश्री प्रथम, सक्षम और सोन द्वितीय, शिवांशु और इशू तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में साइंस विभाग के अध्यापक गौरव तथा संस्कृत विभाग के अध्यापक कारण राजेंद्र जैसवाल आदि का विशेष योगदान रहा।




## सीएम विंडो समीक्षा में जिला 70.04 स्कोर के साथ ग्रीन जोन में

**पानीपत/अजय राजपूत :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए सभी जिलों को समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निपटान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि जिला अब 70.04 स्कोर के साथ ग्रीन जोन में पहुंच चुका है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में प्रदर्शन और बेहतर किया जाएगा तथा शिकायतों का निस्तारण और तेज किया जाएगा। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाया जाए और समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं का भी समय पर समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## सुंदर कांड पाठ व हनुमान चालीसा का आयोजन

जगत क्रान्ति ⏭ एमके अरोड़ा

**गुरुग्राम :** साईबर सिटी के विभिन्न क्षेत्रों स्थित मंदिरों में मंगलवार को सुंदर कांड व हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में मंदिर समिति के पदाधिकारी, सदस्य व गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस दौरान मंदिरों के परिसर सुंदरकांड की चौपाइयों और हनुमान जी के जयकारों से गुंजायमान रहा। इसी क्रम में सैक्टर 9ए स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर परिसर में भी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर समिति के सदस्य व श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर समिति के प्रवक्ता का कहना है कि मंदिर परिसर में प्रत्येक मंगलवार को सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में साधक शामिल होते हैं। यह क्रम लगातार जारी है।

उनका कहना है कि सुंदरकांड का पाठ हनुमान जी को प्रसन्न करने और संकटों से मुक्ति पाने के लिए विशेष रूप से किया जाता है। सुंदरकांड का पाठ हनुमान जी की वीरता, बुद्धि और रामभक्ति को समर्पित है, जो जीवन में आत्मबल, आत्मविश्वास और सकारात्मकता बढ़ाता है। वहीं श्रद्धालुओं का कहना है कि व्यस्त दिनचर्या के बीच ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल समाज में सकारात्मक ऊर्जा और शांति का संचार करते हैं, बल्कि आपसी भाईचारे और मेल-मिलाप को भी बढ़ावा देते हैं। पाठ की समाप्ति के बाद महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने भाग लेकर पुण्य लाभ कमाया।

## अवैध खनन पर सख्ती, 9.17 लाख जुर्माना वसूला

**तावडू :** जिले में अवैध खनन के खिलाफप्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया है। उपायुक्त अखिल पिलानी ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में त्वरित व कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उपायुक्त ने जानकारी दी कि 21 अप्रैल से 19 मई तक चलाए गए विशेष अभियानों के दौरान अवैध खनन, ओवरलोडिंग, बिना ई-रवाना वाहन संचालन, बिना इंटरस्टेट ट्रांसपोर्ट पास तथा निर्धारित सीमा से अधिक स्टॉक रखने के मामलों में कुल 9 लाख 17 हजार 430 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

## मुख्य पृष्ठ का शेष

### अमेरिका ने...

रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने तथा एक प्रमुख रक्षा साझेदार की सुरक्षा क्षमता बढ़ाने में मदद करेगी। बयान में कहा गया कि भारत हिंद-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता, शांति और आर्थिक प्रगति के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बना हुआ है। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, प्रस्तावित सौदे से भारत की वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने की क्षमता मजबूत होगी, उसकी घरेलू सुरक्षा बेहतर होगी और क्षेत्रीय खतरों के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी।

भारत को इन उपकरणों और सेवाओं को अपनी सेना में शामिल करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। बयान में यह भी कहा गया कि इस उपकरण और सहायता की प्रस्तावित बिक्री से क्षेत्र में मौजूदा सैन्य संतुलन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इस सौदे के प्रमुख ठेकेदार बोइंग और लॉकहीड मार्टिन होंगे। बोइंग का मुख्यालय वर्जीनिया के आर्लिंगटन में और लॉकहीड मार्टिन का मुख्यालय फ्लोरिडा के ऑरलैंडो में स्थित है। इस प्रस्तावित बिक्री के परिणामस्वरूप अमेरिका की रक्षा तैयारियों पर कोई बुरा असर नहीं पड़ेगा।

### दो बहनों की...

स्थिति, डिजिटल एवं फोरेंसिक साक्ष्यों, पीड़ित परिवार द्वारा पूर्व में की गई शिकायतों पर कथित पुलिस निष्क्रियता तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही संबंधी विवरण मांगे हैं। साथ ही पीड़ित परिवार को उपलब्ध कराई जा रही कानूनी सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श, सुरक्षा एवं पुनर्वास सहायता तथा भविष्य में महिलाओं से जुड़े यौन अपराधों एवं ब्लैकमेल के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी मांगी गई है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि महिलाओं के विरुद्ध इस प्रकार के जघन्य अपराध को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### नीट-यूजी की...

कोर्स में दाखिले के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) आयोजित करती है। इस वर्ष 3 मई को नीट-यूजी 2026 की परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा में कथित अनियमितताओं और जांच एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर एनटीए ने परीक्षा को रद्द करते हुए 21 जून को दोबारा परीक्षा कराने का फैसला किया है। यह ऑफलाइन परीक्षा होगी, जिसमें 22 लाख से अधिक छात्रों के बैठने की उम्मीद है। इस दौरान छात्रों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। साथ ही केंद्र सरकार ने पूरे मामले की व्यापक जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है।

### भारत और...

स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि भारत और नॉर्डिक देशों ने पिछले कुछ वर्षों में असाधारण प्रगति की है। व्यापारिक संबंध मजबूत हुए हैं और निवेश संबंध काफी गहरे हुए हैं। आज के भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम यह है कि हमने अपने संबंधों को हरित प्रौद्योगिकी और नवाचार रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह साझेदारी नवाचार को व्यापकता और प्रतिभा के साथ जोड़ेगी, साथ ही स्थिरता, विश्वसनीय प्रौद्योगिकियों और मानवता के बेहतर भविष्य के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगी।

बैठक के बाद भारत और नॉर्डिक क्षेत्रों के बीच 8 मुद्दों पर सहमति बनी है। विदेश मंत्रालय के अनुसार बैठक में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संयुक्त पहल, नवीकरणीय ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा हुई। आर्कटिक क्षेत्र में शोध, जलवायु अध्ययन और पर्यावरण निगरानी में सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहन देने पर बल दिया गया। ब्लू इकोनॉमी के तहत समुद्री संसाधनों के सतत उपयोग, शिपिंग, मत्स्य पालन और समुद्री प्रौद्योगिकी में साझेदारी बढ़ाने की बात कही गई। सम्मेलन में छात्रों, शोधकर्ताओं और कुशल पेशेवरों की आवाजाही आसान बनाने तथा प्रतिभा के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने पर भी सहमति बनी। रक्षा क्षेत्र में भारत और नॉर्डिक देशों के बीच औद्योगिक सहयोग, संयुक्त विनिर्माण और रक्षा प्रौद्योगिकी साझेदारी को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

### पहला सुखोई-30...

डिवीजन में किया जा रहा है। इन विमानों की आपूर्ति से भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमता बढ़ेगी और देश की रक्षा तैयारियां मजबूत होंगी।

एचएएल की नासिक डिवीजन ने भारत में रूसी डिजाइन वाले जेट विमानों के लाइसेंस प्राप्त उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि निर्माण के शुरुआती चरण और आपूर्ति श्रृंखला का समायोजन पहले ही शुरू हो चुका है। एचएएलदेश के रक्षा बलों के लिए सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के इस अंतिम जत्थे की सुचारू डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए अपनी असेंबली समय-सीमा को सक्रिय रूप से व्यवस्थित कर रहा है। वर्तमान में सुखोई-30 वायु सेना के मुख्य हवाई बेड़े में सबसे अधिक संख्या वाला लड़ाकू विमान है।

### जम्मू-कटरा रेलखंड...

उल्लेखनीय सुधार होगा। रेल मंत्रालय ने बताया कि यह रेलखंड कठिन भूभाग, प्रतिकूल भूवैज्ञानिक परिस्थितियों और मौसम की चरम घटनाओं के कारण लंबे समय से इंजीनियरिंग और परिचालन चुनौतियों का सामना करता रहा है। इसके बावजूद भारतीय रेलवे ने समय पर काम पूरा कर और मजबूत बुनियादी ढांचा विकसित करके इन चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है।

रेलवे के अनुसार, नई सुरक्षा और पुनर्वास परियोजना लागू होने के बाद यह मार्ग पहले से अधिक मजबूत और सुरक्षित बनेगा, जिससे हर वर्ष यात्रा करने वाले लाखों श्रद्धालुओं और यात्रियों को अधिक सुरक्षित एवं भरोसेमंद रेल सेवा मिल सकेगी।

### विज्ञान और नवाचार...

अपशिष्ट को काम में लाने योग्य सामग्रियों में परिवर्तित करने जैसे क्षेत्रों में संयुक्त रूप से अनुसंधान और नवाचार कार्यक्रमों के माध्यम से अपशिष्ट बनने से रोकने और दीर्घकालिक व्यवस्था में परिवर्तन पर केंद्रित है। इस परियोजना के लिए सीएसआईआर की ओर से लगभग 341 लाख रुपये का वित्तीय सहयोग दिया जा रहा है। इस सहयोग में संयुक्त अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं, भूभौतिकीय सर्वेक्षण योजना, डेटा विश्लेषण और मॉडलिंग, तकनीकी परामर्श सहायता और वैज्ञानिक कार्यक्रमों एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन शामिल होगा।

### ई-फार्मेसी...

में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय, गृह मंत्रालय को चिट्ठी लिखी लेकिन किसी ने भी संस्था की बातों पर गौर नहीं किया। राजीव ने बताया कि ई-फार्मेसी और इंस्टेंट डिलीवरी ऐप्स गलत या फर्जी प्रिस्क्रिप्शन पर भी दवाइयां दे रहे हैं। इनके संचालन के लिए पारंपरिक मेडिकल स्टोर की तरह सख्त नियम बनाए जाने चाहिए।

**केन फिन होम्स लिमिटेड**

Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality

कैन फिन होम्स लिमिटेड शोरूम नंबर 4, प्रथम तल, प्रेम नगर, पुरानी दिल्ली रोड, अम्बाला, हरियाणा 134003 फोन : 0171-2550560, मो. : 7625079214 ई-मेल: ambala@canfinhomes.com, CIN: L85110KA198PLC008699

[नियम 9(1) के परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका **भौतिक** कब्जा **केन फिन होम्स लिमिटेड, अम्बाला शाखा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, **श्री अमित देवगन पुत्र सतपाल और श्रीमती नीलम पत्नी श्री सतपाल (उधारकर्ता)** से केन फिन होम्स लिमिटेड की **19.05.2026** तक बकाया राशि **रु. 27,97,338/-** (रुपए सत्ताईस लाख सत्तानबे हजार तीन सौ अड़तीस मात्र) उस पर आगे ब्याज एवं अन्य प्रभारों इत्यादि की वसूली के लिए दिनांक **10.06.2026** को ई-नीलामी द्वारा **"जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहाँ है"** आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य **रु. 23,30,000/-** (रुपए तेईस लाख तीस हजार मात्र) तथा धरोहर राशि जमा **रु. 2,33,000/-** (रुपए दो लाख तैंतीस हजार मात्र) होगी।

**संपत्ति का विवरण**

पुराने PPID -386C571U8 और नए PPID 1KGAEPV1 पर मकान, गांव मुंडा माजरा चौधरी कॉलोनी आजाद नगर यमुनानगर तहसील जगाधरी जिला यमुनानगर में है। खसरा नंबर 55, हदबस्त नंबर 413, खेवट नंबर 40, खतौनी नंबर 43, एरिया 76.66 वर्ग गज ट्रांसफर डीड नंबर 8769 तारीख 29/03/2023 के अनुसार। चौहद्दी निम्न प्रकार हैं:
उत्तर: भुजा 19 जि और श्री अनिल, दक्षिण: भुजा 21 जि और रोड, पूर्व: भुजा 35 जि और सतनाम सिंह, पश्चिम: भुजा 34 फुट और नल्हा, ट्रांसफर डीड 8769 तारीख 29/03/2023 के अनुसार।
**ज्ञात भार:** शून्य
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तें **केन फिन होम्स लिमिटेड** की आधिकारिक वेबसाइट **(https://www.canfinhomes.com/SearchAuction.aspx)** में उपलब्ध कराई गई है।
ई-नीलामी में भाग लेने के लिए लिंक **www.auctionbazaar.com** देखें।

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी,
केन फिन होम्स लिमिटेड

तिथि : 19.05.2026
स्थान : अम्बाला

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अरूण भाटिया द्वारा जगत क्रान्ति प्रिन्टर्स, प्लॉट नंबर 16 ब्लॉक ए, सेक्टर 7, नोएडा जिला गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर प्लॉट नंबर 525/13 ओम नगर, नजदीक नई सब्जी मण्डी जीन्द (हरियाणा) 126102 से प्रकाशित किया। सम्पादक : अरूण भाटिया RNI No. 34038/79 (सभी विवादों का न्याय अधिकार क्षेत्र जीन्द होगा)। दूरभाष : (विज्ञापन : 9813037377) (न्यूज रूम : 9671055503) पीआईबी एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेवारी संवाददाता की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह से उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। जगत क्रान्ति के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी भी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेवार भी नहीं हैं।

# सरकार की नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**राज्यपाल व राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

**जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी (ब्यूरो)**



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी भिवानी द्वारा भाजपा सरकार की जनविरोधी और युवा-विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी व शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी के नेतृत्व में लघु सचिवालय पर रोष प्रदर्शन किया गया। ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी व शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने कहा कि आज का यह विशाल हुजूम इस बात का गवाह है कि हरियाणा की जनता अब इस तानाशाही और धोखेबाज़ सरकार से पूरी तरह तंग आ चुकी है।

उन्होंने कहा कि तेल और घरेलू सामान के दाम आसमान छू रहे हैं। सरकार टैक्स वसूलने में मस्त है और आम आदमी का बजट पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है। नीट जैसी बड़ी और प्रतिष्ठित परीक्षाओं के पेपर बार-बार लीक होना महज इत्तेफाक नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य का सौदा है। पेपर लीक माफिया को सत्ता का पूरा संरक्षण है। हरियाणा में बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। डिग्रियां हाथ में लेकर युवा दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं और सरकार केवल झूठे आंकड़ों का खेल खेल रही है।

हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) की नौकरियों में प्रदेश के होनहार युवाओं का हक मारकर बाहरी राज्यों के लोगों को पिछले दरवाजे से नौकरियां बांटी जा रही हैं। यह हमारे बच्चों के साथ सरासर अन्याय है। उन्होंने कहा कि जिस प्रदेश का नौजवान खून-पसीना बहाकर दिन-रात पढ़ाई करता है, आज उसे अपने ही राज्य में पराया बना दिया गया है। प्रदर्शन के बाद राज्यपाल और राष्ट्रपति के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को एक त ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि सरकार ने तुरंत पेट्रोल-डीजल के दाम कम नहीं किए, पेपर लीक पर रोक नहीं लगाई और एचपीएससी की भर्तियों में हरियाणा के युवाओं को पहला हक देने की नीति लागू नहीं की, तो कांग्रेस इस आंदोलन को ब्लॉक और गांव स्तर पर ले जाकर इसे एक बहुत बड़ा जनआंदोलन बनाएगी। इस अवसर पर पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी, कमल सिंह प्रधान, कुलवंत कोंटिया, अजय वैद्य, ईश्वर शर्मा प्रधान, सत्यजीत पिलानिया, नरेश तंवर जीएम, मनजीत लांगन, विजेंद्र सिवाच सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला समन्वयक एफएलएन पहुंचे मॉडल संस्कृति स्कूल नरवाना

**क्लास रेडिनेस प्रोग्राम की गतिविधियों का गहन निरीक्षण**

**जगत क्रान्ति ⏭ जीन्द**



जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने खंड नरवाना के मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 1 से 5 तक सभी कक्षाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा संचालित क्लास रेडिनेस प्रोग्राम की गतिविधियों का गहन अध्ययन किया। निरीक्षण के दौरान राजेश वशिष्ठ ने पाया कि विद्यालय में सभी कक्षाओं को प्रिंट रिच वातावरण के रूप में अत्यंत आकर्षक और शैक्षणिक रूप से समृद्ध बनाया गया है। बच्चों का कोना, शिक्षक का कोना तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई शिक्षण सहायक सामग्री विशेष रूप से सराहनीय रही। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं की स्किल पास बुक का अवलोकन कर बच्चों के लर्निंग लेवल का आकलन भी किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने शैक्षणिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सीखने की रुचि और सक्रियता का परिचय दिया। मुख्य शिक्षक सुरेन्द्र ने जिला समन्वयक के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनके सहयोग से विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। शिक्षिका सरिता एवं रेखा ने भी बताया कि राजेश वशिष्ठ के प्रेरणादायी मार्गदर्शन से विद्यालय में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण विकसित हुआ है, जिससे बच्चे आनंदपूर्वक सीख रहे हैं और शिक्षक पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। राजेश वशिष्ठ ने सभी शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए क्लास रेडिनेस प्रोग्राम के अंतर्गत चल रही खेल-आधारित शिक्षण पद्धति को प्रभावशाली बताया और भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य जारी रखने का आह्वान किया।

# जिला कारागार में कानूनी हेल्प डेस्क शुरू : सीजेएम



**झज्जर :** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर के चेयरमैन जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार यादव के कुशल मार्गदर्शन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर के सचिव एवं सीजेएम विशाल के आदेशनुसार जिला कारागार झज्जर में मुलाकातियों के लिए हेल्प डेस्क शुरू किया गया है सीजेएम विशाल ने बताया कि जिला कारागार में बंद बंदियों से मुलाकात हेतु मुलाकात करने वालों की परेशानियों को मध्य नजर रखते हुए एक हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है यहां पर एक पैरा लीगल वालंटियर को नियुक्त किया गया है जिसे निर्देश दिया गया है कि कोई भी वरिष्ठ नागरिक व महिला मुलाकाती को मुलाकात करने में परेशानी न आए। इसमें अतिरिक्त उपस्थित पैरा लीगल वालंटियर से कारागार में बंद बंदी के विचाराधीन केस के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है। सीजेएम विशाल ने बताया कि हेल्प डेस्क पर सुबह 08.30 बजे से 01.30 बजे तक जानकारी प्राप्त कर सकते है अन्य जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर के हेल्पलाइन नंबर 01251-252013 पर किसी भी कार्य दिवस को सुबह 9.30 बजे से सांय 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

# सुपवा में सिखाया जा रहा फिल्मों के सेट निर्माण का हुनर

**जगत क्रान्ति ⏭ संजीव चहल**



**रोहतक :** दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा), रोहतक में फिल्म एवं टेलीविजन के छात्रों के लिए इन दिनों फिल्म सेट निर्माण की विशेष वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। इस वर्कशॉप का संचालन बॉलीवुड के अनुभवी प्रोडक्शन डिजाइनर राहुल बाला कर रहे हैं। वर्कशॉप के दौरान राहुल बाला छात्रों को फिल्म सेट तैयार करने की पूरी प्रक्रिया से अवगत करा रहे हैं। इसमें निर्देशक के विजन के अनुसार ब्लूप्रिंट तैयार करना, सेट की संरचना तय करना और हर छोटे-बड़े डिटेल जैसे दरवाजों की डिजाइन, रंगों का संयोजन, दीवारों की बनावट आदि शामिल हैं।

फैकल्टी सदस्य महेश टीपी के अनुसार राहुल बाला ने एफटीआईआई पुणे और कॉलेज ऑफ आर्ट दिल्ली से प्रशिक्षण प्राप्त किया है। वे कई फिल्म और वेब प्रोजेक्ट्स से जुड़े रहे हैं, जिनमें चमकीला, वेब सीरीज अखाड़ा और जीना अभी बाकी है जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। उन्होंने छात्र फिल्म दूरबीन का सह-निर्माण और शूट भी किया था, जिसे एनडीएफएफ 2021 में सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी पुरस्कार मिला था। कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने कहा कि फिल्मों की भव्यता केवल कलाकारों या लोकेशन की वजह से नहीं होती, बल्कि इसके पीछे प्रोडक्शन डिजाइन और आर्ट डायरेक्शन की महीनों की मेहनत होती है। उन्होंने कहा कि सेट डिजाइनिंग एक तकनीकी और रचनात्मक प्रक्रिया है, जो फिल्म को वास्तविक और प्रभावशाली बनाती है।

# महंगाई पर नहीं जनता पर रोक लगा पीएम स्वयं कर रहे विदेश यात्रा : जितेन्द्र भोलू

**हर दिन हो रही पेट्रोल डीजल के दामों में वृद्धि**

**जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी (ब्यूरो)**



जब से प्रदेश व देश में भाजपा ने सत्ता संभाली है तब से बेरोजगारी, भ्रष्टाचारी, महंगाई, गुंडागर्दी कम होने की बाजए बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार प्रदेश व देश का विकास न करवा कर देश को धर्म के नाम पर बांटने का कार्य कर रही है। यह बात छात्र संघर्ष समिति के सदस्य जितेन्द्र भोलू ने आए दिन बढ़ रही महंगाई पर चिंता व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महंगाई पर रोक लगाने की बजाए देश की जनता पर रोक लगा रहे हैं कि वे वाहनों का कम प्रयोग करें, सोना चांदी न खरीदें, खर्चा कम करें जबकि वे स्वयं जनता के पैसों से विदेशों की यात्रा कर रहे हैं। अपनी तथा अपने मंत्री मंडल व निजी सहयोगियों की सुविधाओं को बढ़ाने में लगे हुए हैं। आए दिन पेट्रोल-डीजल व गैस के दामों में बढ़ोतरी हो रही है। हर सरकारी विभाग को निजी कंपनियों के हाथों में सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब देश व प्रदेश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियां से तंग आ चुकी है तथा आने वाले लोकसभा चुनावों व विधानसभा चुनावों में सत्ता से बाहर करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि जो जनता सत्ता की गद्दी पर बैठा सकती है वह समय आने उखाड़ फैकना भी जानती है।

# भाजपा सरकार परीक्षा व्यवस्था संभालने में विफल : सैलजा

**जगत क्रान्ति ⏭ चण्डीगढ़**



सांसद कुमारी सैलजा ने भाजपा सरकार पर युवाओं के साथ अन्याय और भेदभाव करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। सिरसा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने की घटनाओं ने साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार देश की परीक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि लाखों युवाओं का भविष्य दांव पर लगा हुआ है, लेकिन सरकार अपनी जिम्मेदारी तय करने के बजाय विफलताओं को छिपाने में लगी है। सैलजा ने कहा कि हर बार छोटे स्तर पर कार्रवाई दिखाकर सरकार जवाबदेही से नहीं बच सकती। उन्होंने केंद्र सरकार से बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार उपलब्ध करवाने की मांग की।

इस दौरान उन्होंने बवानीखेड़ा में गरीब परिवारों के घर उजाड़े जाने की घटना को अमानवीय बताते हुए प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और सरकार से माफी की मांग की। सांसद ने हरियाणा में बढ़ते कैंसर मामलों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वे कई बार लोकसभा में यह मुद्दा उठा चुकी हैं, लेकिन सरकार इस गंभीर समस्या पर ठोस कदम नहीं उठा रही। सैलजा ने कहा कि सिरसा सहित हरियाणा के कई हिस्सों से कैंसर पीड़ित लगातार सामने आ रहे हैं और सरकार को इस दिशा में व्यापक सर्वे व प्रभावी उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अवसर पर कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। शुभांक-3-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-1-5-9

## काकुरो पहेली - 3885



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 3884 का हल



## लॉफिंग जौन्स

रमन अपने दोस्त नरेश से बोला- क्या बात है, आजकल तुम्हारी प्रेमिका अक्सर चुप-चुप ही रहती है? तुमने उसे डाँटा क्या?

नरेश- नहीं यार! मेरी क्या मजाल है जो मैं उस डाँट सकूँ। दरअसल हुआ यूँ कि एक दिन हम दोनों फोटो खिंचवा रहे थे, तो फोटोग्राफर ने मेरी प्रेमिका से कहा 'जब आप चुप रहती हैं, तो एकदम कैटरीना की तरह दिखती है।'

एक भीड़ भरी खचाखच बस में एक युवती को जोर से धक्का लगा। युवती झल्लाई और पीछे खड़े युवक को चिल्ला कर बोली, जान वर हो क्या?

युवक ने रोमांटिक अंदाज में जवाब दिया- जान तो आप हैं, मैं तो बस आपका ही वर हूँ।

एक बार स्वीमिंग पुल के किनारे कपड़े रखे थे और वहाँ एक कागज का पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मेरे कपड़े मत चुराना- बॉक्सिंग चैंपियन रमन।

जब वह तैर कर बाहर निकला, तो देखा वहाँ से उसके कपड़े गायब थे और एक पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मुझे पकड़ने की कोशिश मत करना- मैराथन चैंपियन चमन।

## फिल्म वर्ग पहेली- 3885



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब ना माना दिल' गीत वाली फिल्म-३
२. कुलभूषण, जावेद, शबाना, नंदिता दास की एक फिल्म-३
३. 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की फिल्म-४
५. अमिताभ, वहीदा, जीनत की एक फिल्म-३
६. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
९. अर्जुन रामपाल, जायेदखान, अमीषा की 'उड़ उड़ उड़ उड़ जाये' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका पाल की फिल्म-२
११. 'छुपाना भी नहीं आता' गीत वाली फिल्म-४
१२. अजय देवगन, करिश्मा कपूर की फिल्म-४
१३. जीतेंद्र, कमल सदाना, आयशा, दिव्या की 'तेरी मुहब्बत नें दिल में' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
१६. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१९. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की फिल्म-३
२०. राजकपूर मीनाकुमारी की 'ऐ चांद जहां वो जाये' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जैक एण्ड जिल' गीत वाली अजय, उर्मिला की फिल्म-३
२२. 'मैंने प्यार किया' में नायक कौन था-४
२३. 'ऑखों में नींदें ना दिल में' गीत वाली संजयदत्त, मनीषा की फिल्म-३
२७. फिल्म 'नीलकमल' के संगीतकार कौन थे-२
२८. 'दिलवालों के दिल का करार लूटने' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अनिल, अक्षय, मनोज, करीना, शमिता की फिल्म-३
४. 'भंवरे ने खिलाया फूल' गीत वाली ऋषिकपूर, पद्मिनी की फिल्म-४
७. फिरोजखान, संजय, मनीषा की 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय, अमृता राव की फिल्म-३
१०. राजेंद्रकुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
१२. 'ऐ सनम इतना बता' गीत वाली जैकी, मिथुन, जूही, दिव्या की फिल्म-४
१५. नाना, शाहरूख, संजय कपूर, करिश्मा की 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१६. 'एहसान तेरा होगा मुझ पर' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा बानो की फिल्म-३
१७. 'बागबान' में अमिताभ की पत्नी ?-२
१८. 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली देव आनंद, माला सिन्हा की फिल्म-२
१९. ऋषिकपूर, कमल हासन, डिम्पल की 'मारिया ओ मारिया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आते जाते हुए' गीत वाली अमिताभ, शशिकपूर, राखी, परवीन की फिल्म-२
२१. राजकुमार, धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज हमने दिल' गीत वाली नसीर, अतुलअग्निहोत्री, पूजाभट्ट की फिल्म-२
२४. राहुलराय, पूजा भट्ट की 'जो प्यार कर गये' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'साल के बारा महीने' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२६. संजीवकुमार, शर्मिला की १९७४ की कृष्णन पंजु निर्देशित एक फिल्म-४
२९. 'पति पत्नी और वो' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
३०. 'क्या चीज है मुहब्बत' गीत वाली सुनील शेट्टी, दिव्या की फिल्म-४

**फिल्म वर्ग पहेली- 3884**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बा | रू | द | | र | | का | ला | पा | नी |
| बु | | ग | व | ण | ग | ज | | प | |
| ल | की | र | | भू | | ल | क्ष्य | | ह |
| | म | | दा | मि | नी | | | खे | ल |
| जी | त | | मा | | य | ती | म | | च |
| वा | | कु | द | र | त | | हा | सि | ल |
| | मि | ली | | ज | | जी | न | त | |
| जीं | स | | सु | नी | ल | | | म | न |
| | मे | ला | | गं | | | जा | | सी |
| नू | री | | अं | धा | का | नू | न | | ब |

## सूडोकु -3885

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3884 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली -3885



**बाएँ से दाएँ**

1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**

1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

**शब्द पहेली -3884 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ह | का | रि | ता | | अ | चा | न | क |
| हा | र | | य | | ना | वि | क | | त | र |
| थ | | त | र | जु | मा | | ल | ता | | दा |
| मा | कू | ल | | | र | थ | | क | वि | ता |
| र | | घ | | फ | ना | | खा | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | रा | ज | म | ह | ल |
| | थ | | त | | मो | ह | | ह | | प |
| क | ना | त | | रा | ह | | | क | पा | ल |
| र | | ना | प | | त | म | क | ना | | पा |
| ता | ना | | ली | ड | र | | थ | | का | ना |
| र | च | यि | ता | | मा | ख | न | चो | र | |

## न्यूज एक्सप्रेस

### 'टीबी मुक्त भारत अभियान' को मिली रफ्तार, पोषण वाहन रवाना

**चण्डीगढ़ :** हरियाणा में टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देते हुए पंचकुला से बाल टीबी मरीजों के लिए विशेष पोषण सहायता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा के महानिदेशक डॉ. मनीष बंसल ने बताया कि निक्षय मित्र पहल के तहत 0 से 18 वर्ष के 70 बाल टीबी मरीजों को छह महीने तक पोषण आहार उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें पंचकुला, अंबाला और यमुनानगर के मरीज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि टीबी के उपचार में पोषण और नियमित दवा सेवन अत्यंत आवश्यक है। नागरिकों से भी इस जनभागीदारी अभियान से जुड़कर मरीजों को गोद लेने की अपील की गई।

### जनगणना के मकान सूचीकरण में सहयोग की अपील

**रोहतक/संजीव :** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना 2027 के प्रथम चरण में चल रहे मकान सूचीकरण कार्य में प्रगणकों का पूरा सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि यह कार्य इस बार पहली बार डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें मकानों की स्थिति, परिवारों की संख्या, पेयजल, शौचालय, रसोई ईंधन सहित विभिन्न जानकारियां मौके पर ही ऐप के माध्यम से दर्ज की जा रही हैं। यह कार्य 30 मई तक जारी रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही भविष्य की विकास योजनाएं तैयार की जाती हैं, इसलिए सटीक डेटा देना अत्यंत आवश्यक है।

### माडौदी गांव बनेगा मॉडल गांव : गुप्ता



**रोहतक/संजीव :** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा गांव माडौदी को मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत किसानों को उनकी आय बढ़ाने के लिए सहायक व्यवसाय अपनाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग द्वारा अब तक 18 गांवों में किसान जागरूकता शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें बागवानी फसलों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई है। किसानों को नए बाग लगाने और विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि इन प्रयासों का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

### ईंधन बचत, ऊर्जा संरक्षण व पर्यावरण सुरक्षा पर हुई बैठक



**थानेसर :** बालह प्रबंधक जीवन मौदगिल के निर्देशन में प्रधानाचार्या चेतना वशिष्ठ की उपस्थिति में सहकर्मियों एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ईंधन बचत, ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा पर चर्चा की गई। मौदगिल ने कहा कि बढ़ती ईंधन खपत और प्रदूषण गंभीर समस्या है, जिस पर समय रहते ध्यान देना आवश्यक है, अन्यथा आने वाली पीढ़ियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। बैठक में अनावश्यक बिजली उपयोग कम करने और वाहन का सीमित प्रयोग करने का निर्णय लिया गया। साथ ही वृक्षारोपण, वर्षा जल संचयन और जागरूकता फैलाने पर जोर देते हुए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की अपील की गई।

### श्रीमद्भागवत कथा से मिटते हैं पाप व आसक्तियां : कौशिक



**थानेसर/पंकज :** जय मां दुर्गा-जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा गुरुदेव नगर 7-बी में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन भक्ति के महत्व और गोकर्ण-धुंधकारी प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा व्यास पं. विकास कौशिक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के पापों और आसक्तियों को नष्ट कर उसे मोक्ष की ओर ले जाता है। उन्होंने बताया कि सच्ची भक्ति से जीवन के सभी संशय समाप्त होते हैं और परम आनंद की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर साध्वी कौशिकी ने पुरुषोत्तम मास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दीपदान और धार्मिक ग्रंथों के पाठ को कल्याणकारी बताया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### करनाल मंडल के नए आईजीपी अशोक कुमार ने संभाला कार्यभार

**पानीपत/अजय :** करनाल मंडल कार्यालय में मंगलवार को नवनियुक्त पुलिस



महानिरीक्षक (आईजीपी) अशोक कुमार ने विधिवत रूप से कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान निवर्तमान एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण को भावभीनी विदाई भी दी गई। आईजीपी अशोक कुमार ने कहा कि अपराध नियंत्रण, नशे के नेटवर्क पर कार्रवाई और आमजन की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने अवैध हथियारों और रंगदारी जैसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शिकायतों के समयबद्ध निपटारे पर भी जोर दिया।

# प्रदेश में पर्यटन को बड़ा बढ़ावा देने की कवायद तेज

- **30 को छह ऐतिहासिक स्थलों पर होगी हैरिटेज एंड सिटी वॉक**
- **डॉ. अरविंद शर्मा ने पोस्टर लॉन्च कर युवाओं का किया आह्वान**

जगत क्रान्ति ⏭ राकेश गुप्ता



**चण्डीगढ़ :** हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और युवाओं को सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के उद्देश्य से 30 मई 2026 को दूसरी हैरिटेज एंड सिटी वॉक का आयोजन किया जाएगा। चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने इस कार्यक्रम का पोस्टर और ब्रोशर लॉन्च किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा पर्यटन निगम की आओ चलें अपनी विरासत के साथ मुहिम के तहत सुबह 6 बजे से 8 बजे तक प्रदेश के छह प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों पर यह वॉक आयोजित होगी।

डॉ. शर्मा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों और महिलाओं को हरियाणा की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत से जोड़ना है, ताकि वे अपनी जड़ों को बेहतर तरीके से समझ सकें। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विरासत स्थलों के संरक्षण और पर्यटन विकास पर गंभीरता से कार्य कर रही है, जिसके लिए 100 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च की जा रही है।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए प्रतिभागी क्यूआर कोड और वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं, जबकि मौके पर भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। प्रति व्यक्ति 500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसमें जलपान, टोपी और अन्य सुविधाएं शामिल होंगी। प्रत्येक स्थल पर हैरिटेज गाइड भी उपलब्ध रहेंगे, जो प्रतिभागियों को संबंधित स्थानों के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देंगे।

इस बार वॉक के लिए छह प्रमुख स्थलों का चयन किया गया है पिंजौर (यादवेंद्र गार्डन, भीमा देवी मंदिर संग्रहालय आदि), मोरनी (मोरनी किला), कुरुक्षेत्र (ज्योतिसर, विराट स्वरूप, महाभारत अनुभव केंद्र), सूरजकुंड (जलाशय से असोला-भाटी वन्यजीव अभयारण्य), रेवाड़ी (सैंडपाइपर परिसर से बड़ा तालाब) और बल्लभगढ़ (राजा नाहर सिंह महल से रानी की छतरी)।

मंत्री ने कहा कि महाभारत अनुभव केंद्र जैसी पहल युवाओं को भारतीय इतिहास और संस्कृति को आधुनिक तकनीक के माध्यम से समझने का अवसर देती है। उन्होंने बताया कि भविष्य में हर माह इस तरह की वॉक आयोजित करने की योजना है ताकि अधिक से अधिक लोग अपनी विरासत से जुड़ सकें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार पिंजौर, कालका और तीतरताल जैसे क्षेत्रों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित कर रही है, साथ ही डेस्टिनेशन वेडिंग को बढ़ावा देने के लिए मानेसर, पिंजौर और खरखौदा में आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

## राजकीय कन्या स्कूल सिंघाना का परिणाम रहा शानदार



जगत क्रान्ति ⏭ महाबीर मित्तल

**सफीदों :** सफीदों उपमंडल के गांव सिंघाना स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 10वीं व 12वीं का परिणाम शानदार रहा है। इस सफलता पर विद्यालय में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच सुरेन्द्र राणा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि संजीव कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या स्नेहलता ने की, जबकि मंच संचालन सुरेन्द्र प्रताप ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। इस अवसर पर अतिथियों ने मेधावी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्राचार्या स्नेहलता ने बताया कि 10वीं कक्षा में छात्रा तन्नु ने 478 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।

इसके साथ ही 10वीं कक्षा में कुल 21 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं 12वीं कक्षा के परिणाम में कॉमर्स संकाय में छात्रा आंचल ने 489 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा 12वीं कक्षा में कुल 10 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। वहीं आर्ट्स संकाय में छात्रा तमन्ना ने 437 अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और शिक्षा के माध्यम से समाज में नई दिशा दे रही हैं।

## जनता की समस्याओं का निवारण करना ही मेरा दायित्व : जगमोहन आनंद

जगत क्रान्ति ⏭ एम एस निर्मल



**करनाल :** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना न केवल उनका दायित्व है, बल्कि यह उनका कर्तव्य भी बनता है। जब भी समय मिलता है, वे लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनकर उनका समाधान करने का प्रयास करते हैं। विधायक ने मंगलवार को चंडीगढ़ विधानसभा की कमेटी में भाग लेने से पूर्व अपने कार्यालय में आम जनता की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे जनसेवा की भावना से जनसुनवाई कार्यक्रम विशेष रूप से संचालित कर रहे हैं, ताकि आम जनता से सीधे संपर्क में रह सकें। इससे लोगों का सरकार के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि हलके के लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए किसी भी समय उनसे संपर्क कर सकते हैं। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनका सीधा लाभ प्रदेश के हर वर्ग को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा चुनाव के दौरान संकल्प पत्र में किये गये वादों को सरकार द्वारा पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग के हित, किसानों की खुशहाली और क्षेत्र की समृद्धि सुनिश्चित करना है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

## योग से शरीर निरोग और कई शक्तियां प्रदान करता

**⏭ 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू**

जगत क्रान्ति ⏭ एम एस निर्मल



**करनाल :** करनाल जिले में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.सतपाल ने बताया कि जिले के 6 ब्लॉकों घरौण्डा, निसिंग, इन्द्री, नीलोखेड़ी और करनाल में चल रहे इस प्रशिक्षण के दूसरे दिन शिक्षा विभाग के 240 पीटीआई व डीपीई, आयुष विभाग के 108 अधिकारियों व कर्मचारियों सहित कुल 364 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयुष करनाल के ब्लॉक इंचार्ज डॉक्टर नितिन रोहिल्ला के कुशल नेतृत्व में आज करनाल के अटल पार्क में आयोजित शिविर में योग विशेषज्ञ डॉ.अमित पुंज ने वैदिक प्रार्थना के साथ सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। डॉ अमित ने आज के अभ्यास के दौरान बताया कि शिक्षकों और छात्रों के लिए योग के चमत्कारी लाभ विद्यालयों में पीटीआई, डीपीई और शिक्षकों को योग से जोड़ना बेहद दूरदर्शी कदम है, क्योंकि एक स्वस्थ शिक्षक ही एक ऊर्जावान छात्र का निर्माण कर सकता है। उन्होंने बताया कि छात्रों के लिए योग के लाभएकाग्रता और स्मरण शक्ति में वृद्धि करता है। जिससे छात्रों की याददाश्त और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है। इसके साथ ही तनाव और परीक्षा के डर से मुक्ति, पढ़ाई के बढ़ते दबाव और परीक्षा के मानसिक तनाव को कम करने में ध्यान बेहद कारगर है। उन्होंने बताया कि लगातार डेस्क पर बैठने से बच्चों की पीठ और गर्दन में अकड़न आ जाती है।

## सीधी बिजाई और संतुलित उर्वरक पर किया जागरूक

जगत क्रान्ति ⏭ एमएस निर्मल



**करनाल :** कृषि विज्ञान केंद्र उचानी के सहयोग से गांव रायसन में धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) और रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य, जल संरक्षण और आधुनिक खेती तकनीकों के बारे में जानकारी दी। डॉ. महा सिंह ने धान की सीधी बिजाई के फायदे बताए, जबकि डॉ. किरण कुमारी ने मृदा एवं जल परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. विजय कुमार कौशिक ने कहा कि आवश्यकता अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करने से लागत घटती है और उत्पादन बेहतर होता है। उन्होंने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ सब्जी, औषधीय पौधों और डेयरी जैसे स्वरोजगार अपनाने के लिए भी प्रेरित किया।

## डीएलएसए सचिव ने जिला सैनिक बोर्ड स्थित विधिक सहायता क्लिनिक का किया निरीक्षण

जगत क्रान्ति ⏭ एमके अरोड़ा



**गुरुग्राम :** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार एवं नरेंद्र सूरा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम के मार्गदर्शन में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम निशा द्वारा जिला सैनिक बोर्ड, गुरुग्राम स्थित विधिक सहायता क्लिनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निशा ने विधिक सहायता क्लिनिक में उपलब्ध सेवाओं और कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने केंद्र पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की तथा अभिलेखों के रख-रखाव, निशुल्क विधिक सेवाओं की उपलब्धता और पूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों एवं उनके परिवारजनों को दी जा रही विधिक जानकारी संबंधी व्यवस्था की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि विधिक सहायता क्लिनिक सशस्त्र बलों से जुड़े लोगों को आसान और निःशुल्क विधिक सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों तक विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत मिलने वाली योजनाओं और सेवाओं की जानकारी अधिक से अधिक पहुंचाई जाए। इसके अलावा जिला सैनिक बोर्ड के अधिकारियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुरुग्राम के साथ समन्वय बनाकर पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम और आउटरीच गतिविधियां आयोजित करने के लिए प्रेरित किया गया। यह निरीक्षण जरूरतमंद लोगों तक प्रभावी विधिक सेवाएं पहुंचाने और विधिक सहायता व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से किया गया।

## पटवारी को 15 हजार रूपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा

जगत क्रान्ति ⏭ एम एस निर्मल



**करनाल :** एंटी करप्शन ब्यूरो रिश्वतखोरों के खिलाफ कड़ा रूख अपना कर भ्रष्टाचारियों को जेल में डालने का काम किया है। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने असंध में पटवारी विजय को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पकड़े गए रिश्वतखोर पटवारी के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम आगामी कार्रवाई में जुट गई। एंट्री करप्शन ब्यूरो की टीम के जांच अधिकारी निर्मल सिंह ने बताया कि पटवारी विजय असंध तहसील में पटवारी है।

उन्होंने भूमि की जमाबंदी को ठीक करने की एवज में 15 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की, जिसके बाद एंटी करप्शन की टीम द्वारा एक टीम गठित करके शिकायतकर्ता को पाउडर लगाकर 15 हजार रुपए दिए थे, जिसके बाद टीम ने पटवारी को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया है। उन्होंने बताया कि पटवारी ने 15 हजार रुपए की मांग की थी, जिसे रंगे हाथों रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया है। जांच अधिकारी ने बताया फिलहाल मामले में एक ही पटवारी शामिल होने की बात सामने आ रही है। पकड़े गए आरोपी को कोर्ट में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा और रिश्वत के खेल में कौन-कौन शामिल उनका पता भी लगाया जाएगा।

## विधायक आपके द्वार टीम ने लोगों की सुनी समस्याएं किया समाधान



जगत क्रान्ति ⏭ सुरेश निरंकारी

**समालखा :** विधायक मनमोहन भड़ाना के निर्देश पर टीम विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत समालखा विधान सभा के गाँव जालपाड पहुँची। विधायक प्रतिनिधि विजय शेखर व शारिक ने मौके पर गाँव वासियों द्वारा जो भी समस्या बताई गई उनका मौके पर ही समाधान कराया गया। वह अन्य शिकायतों का उच्च अधिकारियों को दूरभाष द्वारा अवगत कराया गया। विधायक भड़ाना द्वारा 1 वर्ष में जो भी कार्य कराए गए उनका मौके पर देखा व सभी ग्राम वासियों को उक्त कार्य से अवगत कराया। इस दौरान सरपंच जो कार्य कराए गए वह गाँव जालपाड़ मे पार्क की चारदिवारी करने हेतु, 5 लाख रुपये का निर्माण कार्य कराया गया। गाँव जालपाड मे शमशान घाट मे गेट,चार दिवारी व हैंडपंप के लिए 11 लाख रुपये, गाँव जालपाड मे तालाब की सफ़ाई के लिए 8 लाख रुपये के कार्य गाँव जालपाड़ मे कम्युनिटी सेंटर के निर्माण के लिए 20 लाख रुपये के कार्य कराये गए।

## फार्मेसी की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं हुईं शुरू



**⏭ परीक्षा केंद्र में आठ कॉलेजों में 300+ विद्यार्थी हुए शामिल**

जगत क्रान्ति ⏭ सोनीपत

पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, रोहतक की ओर से संचालित बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी.फार्मेसी) पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई। पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ, कामी रोड परिसर में स्थित पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बनाए गए परीक्षा केंद्र में सोनीपत के आठ कॉलेजों के 300 से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा संचालन प्रक्रिया में शामिल यूनिवर्सिटी व कॉलेज की टीमों ने नकल रहित परीक्षा संचालन के लिए सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली थी।

पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने कैंपस में मौजूद सुविधाओं को देखते हुए एक बार फिर से परीक्षार्थियों के लिए यहां परीक्षा केंद्र बनाया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन के मार्गदर्शन में हमारी टीम सेमेस्टर परीक्षाओं के सफल आयोजन को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की तरफ से पहुंची टीम ने भी यहां परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध बेहतर माहौल व सुविधाओं को देखते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि नकल रहित परीक्षा संचालन को लेकर परीक्षा केंद्र में पुख्ता व्यवस्था

## पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा और अडिग स्तंभ : कोमल सैनी

**⏭ आर्य कॉलेज में देवर्षि नारद जयंती पर पत्रकार संगोष्ठी का आयोजन**

जगत क्रान्ति ⏭ अजय राजपूत






**पानीपत :** आर्य कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग तथा विश्व संवाद केंद्र हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सेमिनार हॉल में आदि पत्रकार देवर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में पत्रकार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति नरेंद्र चौहान ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में महापौर कोमल सैनी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश चौधरी (उपनिदेशक अभियोजन) और मुख्य वक्ता विक्रांत (सह प्रांत प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि महापौर कोमल सैनी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा और अडिग स्तंभ है, जिसकी जिम्मेदारियां वर्तमान समय में और अधिक बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता समाज और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समाज सर्वोपरि है, इस भावना के साथ पत्रकारिता की जानी चाहिए और नकारात्मकता से बचना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि राजेश चौधरी ने कहा कि पत्रकारिता एक निर्भीक जीवनशैली है, जो समाज को जागरूक और कर्तव्यनिष्ठ बनाने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के लिए कानून की जानकारी होना भी आवश्यक है, ताकि वे अपने दायित्वों का सही निर्वहन कर सकें।

मुख्य वक्ता विक्रांत ने देवर्षि नारद को आदि पत्रकार बताते हुए कहा कि उनकी पत्रकारिता लोककल्याण और समाजहित के लिए समर्पित थी। उन्होंने बताया कि आज उदंत मार्तंड की 200वीं वर्षगांठ भी है, जिसमें देवर्षि नारद की महिमा का उल्लेख मिलता है। उन्होंने कोविड काल का उल्लेख करते हुए कहा कि पत्रकारों ने उस कठिन समय में भी सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में आर्य कॉलेज के जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण ने वर्तमान समय में पत्रकारिता की चुनौतियों पर विचार रखे। सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दीपक शर्मा ने कहा कि अतिउत्साह और बिना तथ्यों की पुष्टि के समाचार प्रकाशित करना पत्रकारिता के लिए घातक है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मुकेश टंडन, कुलवंत सिंह, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी दीपक पाराशर सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में जिले के पत्रकार, विद्यार्थी, आर्य कॉलेज प्रबंधन के सदस्य तथा विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**अभियांत्रिकी कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं. 10 of 2026; दिनांक: 15-05-2026।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.:** SRDENGHY-07-2026। **कार्य का नाम एवं स्थान:** न्यू गुवाहाटी लोको शेड में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स के लिए निरीक्षण कक्षों में परिवर्तित करने हेतु मौजूदा सुविधाओं का वृद्धि। निविदा मूल्य: ₹13,55,06,248.89; धरोहर राशि: ₹27,10,100.00। **ई-निविदाएं** 16-06-2026 को 13.00 बजे **बंद होंगी** और 16-06-2026 को 13.00 बजे **खुलेंगी।** विवरण के लिए www.ireps.gov.in पर पधारें।

वरिष्ठ मंडल अभियंता/गुवाहाटी, मालीगांव

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**जंग मरम्मत कार्य**

**निविदा सं. IMF-MP-PLG-NBQS-592 दिनांक 16-05-2026।** भारत के राष्ट्रपति की ओर से और तरफ से निम्नलिखित कार्यों के लिए "ई-टेंडरिंग" प्रणाली के माध्यम से कार्य की निविदा आमंत्रित किया गया है: **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के न्यू बंगाईगाँवस्थित सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप में स्टेनलेस स्टील वैगनों का जंग मरम्मत कार्य। **कार्य का अनुमानित खर्च:** ₹39,61,726.20/-। **बोली सुरक्षा जमा:** ₹79,200/- **ई-निविदा बंद होगी 08-06-2026** तारीख के **15.00** बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा प्रपत्रों के साथ विस्तृत विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी।

**सीडब्ल्यूएम, सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, न्यू बंगाईगाँव**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में



# ये हैं जेईई मेन परीक्षा क्रैक करने के लिए जरूरी टिप्स

**जेईई मेन एग्जाम की डेट नजदीक आ रही है। इस परीक्षा का पहला सेशन फरवरी के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा, जिसमें लाखों उम्मीदवार अपनी काबिलियत को आजमाएंगे। देश के टॉप इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए होने वाली इस परीक्षा को देश की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है। अगर आप भी इस परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो आपको यहां पर हम जेईई मेंस की प्रिपरेशन प्लानिंग के बारे में पूरी जानकारी और टिप्स देंगे।**

## सिलेबस को समझ कर बनाएं प्लान

जेईई मेन की तैयारी के लिए छात्रों को प्रभावी प्लान बनाने की जरूरत पड़ेगी और इसमें मदद करेंगा परीक्षा का सिलेबस। सबसे पहले सिलेबस को समझे और इसके आसान और कठिन विषयों को ध्यान में रखकर अपनी प्रिपरेशन प्लानिंग बनाएं। अपनी क्षमता और स्पीड के आधार पर, तीनों विषयों को शामिल करते हुए एक डेली प्रिपरेशन प्लान बनाएं। इसका नियमित रूप से पालन भी करें।

## बेहतर टाइम टेबल बनाएं

इस परीक्षा की तैयारी के लिए सही टाइम टेबल होना बहुत जरूरी है। टाइम टेबल को अपने परीक्षा पैटर्न को ध्यान में रखकर बनाएं। इस परीक्षा में उम्मीदवारों को 90 प्रश्नों में से 75 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। प्रत्येक पेपर की अवधि 3 घंटे है। प्रत्येक विषय में 20 एमसीक्यू और 10 न्यूमेरिकल प्रश्न होंगे, जिनमें से 5 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। एमसीक्यू के लिए, प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा। वहीं, न्यूमेरिकल प्रश्नों में सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाएंगे और इस खंड में कोई निगेटिव मार्किंग नहीं है।

## मौजूदा टॉपिक को पूरा करें

इस परीक्षा के पहले अटेम्ट के लिए अब दो माह से कम समय बचा है। इसलिए तैयारी में आपको पूरा जोर लगाना पड़ेगा। अब समय आ गया है कि इस परीक्षा के प्रमुख टॉपिक को आप पूरा कर लें। उसके बाद दूसरे टॉपिक को शुरू करें। यह तरीका आगे चलकर आपके लिए महत्वपूर्ण पहलू साबित होगा, क्योंकि जेईई मेन की तैयारी के अंतिम चरण के दौरान, उम्मीदवारों को अधिक जोर नहीं लगाना पड़ेगा।

## फ्लैश कार्ड तैयार करें

इस परीक्षा की तैयारी के लिए शॉर्ट नोट्स बनाना बेहद महत्वपूर्ण है। फ्लैशकार्ड और शॉर्ट नोट्स तैयार करने का उद्देश्य मुख्य परीक्षा के आयोजन में जब एक सप्ताह का समय बचा हो, उस समय अधिक से अधिक समय को बचाकर इनसे तैयारी कर सकें। इनसे उम्मीदवार जल्दी से इन शॉर्ट नोट्स और फ्लैश नोट्स के माध्यम से पढ़ाई कर सकेंगे और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को दोहरा सकेंगे।

## सैंपल पेपर्स की प्रैक्टिस करें

जेईई मेंस परीक्षा की तैयारी के लिए लगातार सैंपल पेपर और प्रश्न पत्रों को हल करें। जेईई मेन प्रश्न पत्र को हल करने का उद्देश्य उम्मीदवारों को उनकी तैयारी के स्तर को जानने में सक्षम बनाना है। इससे, उम्मीदवार यह पता लगाने में सक्षम होंगे कि वे हर विषय में प्रत्येक प्रश्न को हल करने में कितना समय ले रहे हैं। साथ ही क्या वे अपने समय का उचित प्रबंधन कर पा रहे हैं या नहीं, यह समझ भी उनमें आएगी। जितना अधिक वे प्रश्नों को हल करेंगे, उन्हें पता चल जाएगा कि वे कौन से क्षेत्र हैं जिनमें उन्हें अधिक काम करना होगा ताकि परीक्षा के दिन कोई कठिनाई न आए। वे अपनी कमियों को दूर कर अपनी प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं।

## लगातार मॉक टेस्ट दें

अब सभी परीक्षा के लिए मॉक टेस्ट बेहद जरूरी हो गया है। यह हमें परीक्षा से पहले असपल परीक्षा का एहसास कराता है। अगर आप जेईई मेन की तैयारी कर रहे हैं, तो प्रतिदिन एक मॉक टेस्ट जरूर देने की कोशिश करें। इससे जेईई मेन प्रवेश परीक्षा के दिन उम्मीदवारों को किसी तरह के प्रेशर का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## रिवीजन जरूर करें

सभी परीक्षा के लिए रिवीजन बहुत ही जरूरी है। इसके बिना परीक्षा को क्रैक नहीं कर सकते। इसलिए, उम्मीदवारों को समय रहते जो कुछ पढ़ा है उसे अच्छी तरह से दोहरा लेना चाहिए। इससे टॉपिक को याद करने में काफी मदद मिलेगी। आप जो भी टॉपिक पढ़े उसका हर सप्ताह रिवीजन भी करें। इससे आपको याद करते में मदद मिलेगी।





# डेंटल हाइजीनिस्ट बनकर संवारें अपना कॅरियर

डेंटल हाइजीनिस्ट एक दंत पेशेवर है जो मौखिक स्वास्थ्य में माहिर है। इनका मुख्य काम आमतौर पर मौखिक स्वच्छता और देखभाल में तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करना होता है। दंत चिकित्सक और डेंटल हाइजिनिस्ट मरीजों की मौखिक स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए एक साथ काम करते हैं। शरीर के अन्य भागों की तरह ही दांत भी मनुष्य के शरीर का एक अहम हिस्सा हैं। आमतौर पर ओरल हेल्थ का ख्याल रखना बेहद ही जरूरी माना जाता है और लोग इसका ख्याल रखते भी हैं। हालांकि दांतों व ओरल हेल्थ से संबंधित कई बार लोगों को कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है और ऐसे में एक पेशेवर की जरूरत पड़ती है। वैसे जब ओरल हेल्थ को लेकर डॉक्टर का ख्याल आता है तो हम सभी डेंटिस्ट के पास जाना पसंद करते हैं। लेकिन अब, दंत चिकित्सा तेजी से बदल रही है, कई अवसरों और चुनौतियों का निर्माण कर रही है। दंत चिकित्सकों के रूप में मुख्य कॅरियर के अलावा, दंत चिकित्सा सहायक, डेंटल हाइजीन के क्षेत्र में भी आप कॅरियर के अवसर तलाश सकते हैं। तो चलिए आज हम जानते हैं कि डेंटल हाईजीनिस्ट बनकर आप अपना कॅरियर कैसे संवार सकते हैं–

## क्या होता है काम

कॅरियर एक्सपर्ट बताते हैं कि डेंटल हाइजीनिस्ट एक दंत पेशेवर है जो मौखिक स्वास्थ्य में माहिर है। इनका मुख्य काम आमतौर पर मौखिक स्वच्छता और देखभाल में तकनीकों पर ध्यान केंद्रित करना होता है। दंत चिकित्सक और डेंटल हाइजिनिस्ट मरीजों की मौखिक स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए एक साथ काम करते हैं। डेंटल हाइजिनिस्ट अमूमन डेंटिस्ट को मरीजों के दांतों की देखभाल करने और अच्छे मौखिक स्वास्थ्य को मेंटेन रखने में रोगियों को शिक्षित करने में सहायता करते हैं। डेंटल हाइजीनिस्ट के कुछ अधिक विशिष्ट कर्तव्यों में दांतों से टार्टर और प्लाक को हटाना, दांतों की सुरक्षा के लिए फ्लोराइड या सीलेंट लगाना, एक्स–रे लेना और उचित मौखिक स्वच्छता पर मरीजों को शिक्षित करना शामिल है। हाइजीनिस्ट मरीजों को अपने दांतों की देखभाल के बारे में बात करने में समय बिताते हैं। वे लोगों को उन प्रभावों के बारे में शिक्षित करते हैं जो उनके आहार और जीवन शैली का उनके दांतों पर प्रभाव डालते हैं। साथ ही वे दांतों को स्वस्थ रखने के लिए तकनीकों और आदतों के बारे में बताते हैं।

## शैक्षिक योग्यता

डेंटल हाइजीनिस्ट कोर्स को कई डेंटल कॉलेजों में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स के रूप में पेश किया जाता है। जो छात्र डेंटल हाइजीनिस्ट का कोर्स करना चाहते हैं, उन्हें 12वीं की परीक्षा भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान विषय में पास करना अनिवार्य है।

## व्यक्तिगत योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, डेंटल हाइजीनिस्ट की आंखों की रोशनी, सुनने और संचार कौशल अच्छा होना चाहिए। किसी भी अन्य चिकित्सा क्षेत्र के साथ, उन्हें दूसरों की मदद करने की तीव्र इच्छा होनी चाहिए, और दंत चिकित्सकों के निर्देशों का बारीकी से पालन करने में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा, अच्छा पारस्परिक कौशल, धैर्य, परिश्रम और उच्च स्तर की सटीकता एक अच्छा हाइजीनिस्ट होने के लिए आवश्यक कौशल हैं। एक टीम के रूप में काम करने की क्षमता भी इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक है।

## संभावनाएं ही संभावनाएं

दंत चिकित्सा के क्षेत्र में बतौर डेंटल हाइजीनिस्ट बनकर भी आप एक अच्छा कॅरियर देख सकते हैं। एक डेंटल हाईजीनिस्ट अस्पताल से लेकर कम्युनिटी डेंटल सर्विस के रूप में काम कर सकते हैं। इसके अलावा वे पीरियोडोंटिक्स या बाल चिकित्सा दंत चिकित्सा में भी काम कर सकते हैं। डेंटल हाईजीनिस्ट डेंटल हॉस्पिटल, आर्म्ड फोर्स, पब्लिक हेल्थ सेक्टर व प्राइवेट रूप से भी प्रैक्टिस कर सकते हैं।

## आमदनी

डेंटल हाईजीनिस्ट की आमदनी उनकी शिक्षा, अनुभव व स्थान के आधार पर भिन्न होती है। एक डेंटल हाईजीनिस्ट की आमदनी घंटे, दिन, सैलरी या कमिशन बेस पर हो सकती है। हालांकि इस क्षेत्र में एक फ्रेशर प्रति माह आठ से दस हजार रूपए वेतन प्राप्त कर सकता है।

### प्रमुख संस्थान

- भारत इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली
- भारत यूनिवर्सिटी, चेन्नई
- जया पैरामेडिकल कॉलेज एंड एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, हरियाणा
- लक्ष्मी बाई इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल, पटियाला



# कृषि का अध्ययन करने के बाद एक सफल उद्यमी कैसे बनें

**उद्यमिता और कृषि बिलकुल एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। कृषि एक उद्योग है, जो दुनिया भर में है और धरती की पूरी आबादी को प्रभावित करता है। और यह सही है कि कृषि उद्यमी की हमेशा जरूरत रहेगी। उद्यमिता आजकल हर जगह पाई जा सकती है। हर पेशे में एक उद्यमी क्षेत्र होता है। उस विशेष क्षेत्र में कृषि निश्चित रूप से बहुत अहम भूमिका निभाता है। उद्यमिता और कृषि बिलकुल एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। कृषि एक उद्योग है, जो दुनिया भर में है और धरती की पूरी आबादी को प्रभावित करता है। और यह सही है कि कृषि उद्यमी की हमेशा जरूरत रहेगी।**

उद्यमिता क्षेत्र के किसान आजकल अपने खेतों को व्यवसाय मानते हैं और वे उन्हें ऐसा ही मानेंगे। वे जोखिम लेने के लिए तैयार हैं, वे नई और इनोवेटिव तकनीकों का इस्तेमाल करेंगे और सामान्य तौर पर वे अपनी सामर्थ्य के हिसाब से सब कुछ करेंगे जो उन विचारों के साथ आएंगे जो उनके लाभ को अधिकतम करेंगे, उनके प्रयास को कम करेंगे और उनके व्यवसाय को बढ़ाएंगे। आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए उद्यमियों की भूमिका को मान्यता देते हुए विश्वविद्यालय और कॉलेज स्तर में कई पाठ्य कार्यक्रमों ने छात्रों के उद्यमिता कौशल को विकसित करने के लिए एक विषय के रूप में उद्यमिता को शामिल किया है। हालांकि, मौजूदा समय में नौकरियों को भरने के लिए कॉलेज में इस विषय का अध्ययन करने वाले पर्याप्त छात्र नहीं हैं। और इसके परिणामस्वरूप सफल कृषि व्यवसाय चलाने के अनुभव वाले कम लोग ही होंगे।

## कृषि–उद्यमी बनने के लिए जरूरी कदम

**प्रक्रिया का पहला चरण**– यदि उद्यमिता की अवधारणा के साथ खुद को परिचित करना है तो आपको यह समझने की आवश्यकता है कि उद्यमशीलता क्या है और यह आपके खेत को कैसे लाभ पहुंचा सकती है।

**दूसरा कदम**– कृषि की दुनिया के सभी नए नए विचारों के बारे में सीखना है। नई सामग्रियों और उर्वरकों से लेकर नई मशीनों और प्रौद्योगिकियों तक। इससे आपको अपने खेत को एक वास्तविक बड़े व्यवसाय के रूप में कल्पना करने में और उन सभी छोटी छोटी चीजों को व्यवस्थित करने में, जो आपको याद आ रही हैं, काफी मदद मिलेगी।

**तीसरा कदम**– एक साझेदारी बनाना है। एक उद्यमी के रूप में सफल होने के लिए ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिनकी आपको आवश्यकता होगी और आपको उन चीजों को प्रदान करने के लिए किसी की आवश्यकता भी संभवत: हो सकती है। उन लोगों के साथ सही साझेदारी बनाएं, जो आपके सपने और सफलता की महत्वाकांक्षा को साझा करते हैं।

**चौथा कदम**– कृषि के क्षेत्र में 'धमाकेदार' के साथ अपना नया 'स्टार्ट–अप' व्यवसाय शुरू करना है। आपको एक बहुत मजबूत और ठोस व्यवसाय योजना की आवश्यकता है। आपको कुछ जोखिम भी उठाने पड़ सकते हैं। यह जानना कि आप किस उद्देश्य से काम कर रहे हैं, सही व्यवसाय योजना बनाना बहुत कठिन काम नहीं है।

आपके लिए यह याद रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि साझेदारी आपके कृषि व्यवसाय के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यदि आप वास्तव में सफल उद्यमी बनना चाहते हैं तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप जो भी सहायता प्राप्त कर सकते हैं, उसका ठीक से उपयोग करेंगे।



# कैसे बनाएं अभिलेखीय विज्ञान में कॅरियर

प्रत्येक स्थान का इतिहास हजारों पांडुलिपियों, अभिलेखों, शिलालेखों, दस्तावेजों आदि में अंतर्निहति है, इन अद्वितीय अभिलेखों को वैज्ञानिक रूप से संरक्षित और अभिलेखीय अभिलेख या आर्काइवल रिकॉर्ड्स कहा जाता है, जो किसी विशेष क्षेत्र और समाज के इतिहास को समझने में मदद करते हैं। आमतौर पर लोग म्यूजियम, आर्काइव्स और लाइब्रेरी को लेकर भ्रमित हो जाते हैं, क्योंकि ये सभी सांस्कृतिक संस्थाएं हैं, जो सांस्कृतिक विरासत के संग्रह और संरक्षण से संबंधित हैं। यह तीनों ही इतिहास को संरक्षित रखने में मदद करते हैं, लेकिन फिर भी इनमें अंतर है। जहां, संग्रहालय ऐतिहासिक कलाकृतियों और वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं, वहीं पुस्तकालय में प्रकाशित पुस्तकों, पत्रिकाओं आदि को रखा जाता है, जबकि आर्काइव्स अभिलेखों पर ध्यान केंद्रित करने में माहिर हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बताते हैं कि अभिलेखीय विज्ञान में कॅरियर कैसे बनाएं–

## क्या होता है काम

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक व्यक्ति जो अभिलेखागार में काम करता है, उसे पेशेवर रूप से एक अभिलेखागार या आर्काइवल के रूप में जाना जाता है। अभिलेखागार ऐतिहासिक रिकॉर्ड संग्रह का प्रबंधन करने के लिए मानकों का पालन करते हैं। वे उन अभिलेखों का मूल्यांकन, संग्रह, आयोजन, संरक्षण और रखरखाव करते हैं, जिनके पास अतीत की विश्वसनीय यादों के रूप में स्थायी मूल्य होते हैं। वे ऐसे लोग हैं जो राष्ट्रीय और स्थानीय अभिलेखागार, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों, व्यवसायों, आदि में दस्तावेजीकरण के लिए जिम्मेदार हैं, वे कानूनी, वित्तीय और प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए रिकॉर्ड को संरक्षित और सुलभ बनाते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

कॅरियर एक्सपर्ट के अनुसार, अधिकांश कॉलेज और विश्वविद्यालय सूचना विज्ञान के साथ एक सहायक विषय के रूप में अभिलेखीय विज्ञान पढ़ाते हैं। वहीं, भारत में कुछ संस्थान ऐसे भी हैं, जो अभिलेखीय विज्ञान में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं जैसे कि अभिलेखागार में पीजी प्रमाणपत्र, अभिलेखागार अध्ययन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, अभिलेखागार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, अभिलेखागार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और अभिलेखागार और प्रबंधन और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा आदि।

## व्यक्तिगत गुण

कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक आर्काइविस्ट में बेहतर कम्युनिकेशन स्किन के अलावा एनालिटकल एंड रिसर्च स्किल्स, प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स और आर्गेनाइजेशनल एबिलिटी होना बेहद जरूरी है। उन्हें धैर्य रखने के अलावा

**कॅरियर एक्सपर्ट कहते हैं कि एक व्यक्ति जो अभिलेखागार में काम करता है, उसे पेशेवर रूप से एक अभिलेखागार या आर्काइवल के रूप में जाना जाता है। अभिलेखागार ऐतिहासिक रिकॉर्ड संग्रह का प्रबंधन करने के लिए मानकों का पालन करते हैं।**

सटीक, पूरी तरह से समझने और क्या जानकारी रखने के बारे में अच्छे निर्णय लेने में सक्षम होने की आवश्यकता है। उन्हें एक सुव्यवस्थित और व्यवस्थित तरीके से काम करना चाहिए, जानकारी को निजी रखने और दबाव में अच्छी तरह से काम करने में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा, एक आर्काइविस्ट को कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का भी सही तरह से इस्तेमाल करना आना चाहिए।

## संभावनाएं

आर्काइविस्ट विभिन्न संगठनों जैसे संग्रहालयों, सरकारी एजेंसियों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों, औद्योगिक और वाणिज्यिक फर्मों, ऐतिहासिक सोसाइटी, निगमों और अन्य कई संस्था में काम कर सकते हैं। वहीं, सरकारी क्षेत्रों में रोजगार की तलाश करने वालों को संघ लोक सेवा आयोग या कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं को पास करना होगा। भारत के राष्ट्रीय अभिलेखागार, संस्कृति मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय, जो राष्ट्र के सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों और अभिलेखागार का प्रबंधन करता है, अपनी विभिन्न इकाइयों में योग्य उम्मीदवारों को नौकरी के विभिन्न अवसर प्रदान करता है।

इस क्षेत्र में एक फ्रेशर शुरुआती वेतन 10000 रुपये से लेकर 15000 रुपये प्रति माह तक कमा सकता है। अनुभवी और योग्य पेशेवर प्रति माह लगभग 20,000 रुपये का वेतन प्राप्त कर सकते हैं। वहीं अनुभव बढ़ने के साथ–साथ आपकी आमदनी भी बढ़ती है।

## प्रमुख संस्थान

- नेशनल आर्काइव्स ऑफ इंडिया, नई दिल्ली
- पटना यूनिवर्सिटी, पटना
- महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी, अजमेर
- द गांधीग्राम रूरल इंस्टीट्यूट, तमिलनाडु



# बैठकों में सड़क समस्या का जरूर हो समाधान : सीएम सैनी

**⏭ म्हारी सड़क एप पर प्राप्त एक बड़ी शिकायत की जरूर करें समीक्षा**

जगत क्रान्ति ⏭ राकेश गुप्ता



**चण्डीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित होने वाली जनपरिवाद बैठकों तथा उपायुक्तों द्वारा ली जाने वाली मासिक समीक्षा बैठक में म्हारी सड़क एप पर प्राप्त कम से कम एक बड़ी शिकायत की अनिवार्य रूप से समीक्षा की जाए। शिकायतों के समाधान करने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को सचिवालय में म्हारी सड़क एप से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उन्होंने कहा कि हरियाणा के आरटीओ कार्यालयों में टैक्सी पासिंग के लिए आने वाले चालकों के मोबाइल में भी यह एप डाउनलोड करवाया जाए, ताकि वे प्रदेश की सड़कों की स्थिति से संबंधित जानकारी सीधे सरकार और विभागों तक पहुंचा सकें। बैठक में जानकारी दी गई कि हरियाणा के विभिन्न विभागों की हुई मैपिंग के तहत अब तक कुल 1,43,065 सड़कों, जिनकी लंबाई लगभग 63,389 किलोमीटर है, की मैपिंग म्हारी सड़क एप पर की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने सड़कों की जियो-टैगिंग का कार्य तेजी और सटीकता के साथ पूरा करने के निर्देश भी दिए। अधिकारियों के अनुसार एप के माध्यम से अब तक 31,939 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों से एप पर प्राप्त शिकायतों और उनके समाधान के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने म्हारी सड़क एप और मुख्यमंत्री कार्यालय से भेजी गई सड़क संबंधी शिकायतों पर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि डीएलपी (डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड) के तहत कोई ठेकेदार सड़क की मरम्मत नहीं करता है, तो उसकी बैंक गारंटी जब्त की जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि म्हारी सड़क एप पर आने वाली शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर तुरंत किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों में टेंडर प्रक्रिया में अक्सर अधिक समय लग जाता है, इसलिए अब शॉर्ट-टाइम टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने हरियाणा के अंतरराज्यीय बॉर्डर क्षेत्रों की सड़कों की विशेष देखभाल, मरम्मत और निर्माण कार्यों पर भी ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए।

## न्यूज एक्सप्रेस

### प्रभु धर्म की स्थापना के लिए साकार रूप धारण करते : सुश्री श्रेया भारती

**अम्बाला :** गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी के दिव्य मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा दशहरा ग्राउंड, रामबाग, अंबाला कैंट में भव्य श्री राम कथा का आयोजन



किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा व्यास साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी ने कथा के दूसरे दिन रामचरित्रमानस की महिमा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि रामचरित्रमानस की रचना कितने ही वर्षों पूर्व ऋषियों की गहन तपस्या एवं धुनी स्थापना के जिस सन्देश को वह धारण किये हुए है वह हर युग काल और देश की सीमाओं से परे है। वर्तमान युग की समस्त समस्याओं का निवारण प्रस्तुत करता है। संसार में नाना प्रकार के रोग, शोक, जन्म, मृत्यु इत्यादि में पड़े काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार में जीवन के महत्व को खो चुके मानव को सन्मार्ग पर लाने के लिए प्रभु अवतरण होते हैं। उपद्रव को शांत करने, निर्धन से अनुरूप हो कार्य को सम्पन्न करने हेतु जन्म लेते हैं। साध्वी श्रेया भारती ने प्रभु श्री राम के दिव्य चरित्र के बारे में बताते हुए कहा कि प्रभु धर्म की स्थापना के लिए साकार रूप धारण करते हैं। और इसमें हम सभी को उनका साथ देना चाहिए। सौभाग्यशाली होते हैं वे आत्माएं जिन्हें ये सुअवसर मिलता है। कथा का समापन प्रभु की पावन आरती से किया गया। कथा सुनने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा।

### राजकीय स्कूल मखंड में विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**उचाना :** राजकीय उच्च विद्यालय मखंड में दसवीं कक्षा का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया। गांव में शोभायात्रा से पहले मेरिट प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया। अध्यक्षता दर्शना देवी ने की। दर्शना देवी ने प्रत्येक छात्र को 500-500 रुपए प्रोत्साहन राशि के तौर पर देकर सम्मानित किया। इंचार्ज जसवीर सिंह ने भी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। शिक्षक सुभाष चंद्र ने विद्यार्थियों को 11वीं, 12वीं में कौन से विषय लेने चाहिए इस विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। शीशपाल शास्त्री ने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार, संघर्ष और सफलता के बारे में बताया ताकि भविष्य में भी विद्यार्थी निरंतर सफलता प्राप्त करें। विद्यालय में 48 विद्यार्थियों में से 10 मेरिट, 21 प्रथम श्रेणी में विद्यार्थियों ने स्थान पाया। इस मौके पर सतीश कुमार, जय किशन, कुलदीप सिंह, राजेश, सुबेर सिंह, भगवान, सुमित्रा, सुभाष, शांति देवी, सुदेश, रामचंद्र, राकेश, चांदवीर मौजूद रहे।

### कपिल मुनि सरोवर में कूदी दो सगी बहनें, दोनों की मौत

**कैथल (हि.स.) :** जिले के कलायत क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। प्राचीन कपिल मुनि मंदिर के सरोवर में कूदकर दो सगी बहनों ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घर में मामूली कहासुनी के चलते लड़कियों ने यह कदम उठाया। काफी देर तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद दोनों को अचेत अवस्था में बाहर निकाला गया, लेकिन जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक बहनों की पहचान 21 वर्षीय पलक और 19 वर्षीय परमजीत के रूप में हुई है, जो रेलवे रोड स्थित सीता नगर की रहने वाली थीं। उनके पिता रविंद्र कुमार प्राइवेट टैक्सी चालक हैं और माता गृहिणी हैं। परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है। इनमें से दो लड़कियों ने आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह घर में किसी मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद दोनों बहनें सुबह पांच बजे घर से निकल गईं और कपिलमुनि मंदिर के सरोवर पर पहुंच गई। इसके तुरंत बाद उन्होंने स्थानीय लोगों और प्रशासन को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही श्री कपिल मुनि तीर्थ कमेटी के प्रधान राजू कौशिक, युवा राजबीर रहबारी सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और सरोवर में रेस्क्यू अभियान शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद दोनों को अचेत अवस्था में बाहर निकाला गया और तुरंत कलायत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां से उन्हें कैथल में जिला अस्पताल भिजवाया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुभाष चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों बहनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने वृद्ध आश्रम का किया निरीक्षण



जगत क्रान्ति ⏭ बीडी अग्रवाल

**रेवाड़ी :** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार डॉ. रेनू सोलखे, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी ने मंगलवार को वृद्ध आश्रम रेवाड़ी का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में डॉ. रेनू सोलखे ने वृद्धजनों की जरूरी सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धजनों को मिलने वाले भोजन व अन्य जरूरी सुविधाओं की जांच की तथा उनको और बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने के लिए भी कहा। इस दौरान डॉ. रेनू सोलखे ने वृद्ध महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया तथा साफ सफाई पर भी ध्यान देने को कहा। डॉ. रेनू सोलखे ने बताया कि वृद्ध व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से तो कमजोर होता ही है तथा उसकी सबसे बड़ी पीड़ा उसका अकेलापन होती है, इसलिए वृद्धजनों को समाज से अलग थलग न करें बल्कि उनको समाज का हिस्सा माने तथा उनको अहसास दिलाए की हम सब उनके साथ है वो अकेले नहीं हैं। उन्होंने सभी उपस्थित स्टाफ मेंबर को उचित दिशा निर्देश दिए ताकि वे बुजुर्गों का अच्छे से ख्याल रखें। दूसरी ओर, हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार डॉ. रेनू सोलखे, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी ने मंगलवार को स्थानीय पुलिस लाइन में सेफ हाउस का दौरा किया।

### गंगा दशहरा का पर्व 25 को, गंगा स्नान का विशेष महत्व

**गुरुग्राम/एमके अरोड़ा :** गंगा दशहरा का पर्व हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस साल यह पर्व ज्येष्ठ अधिक मास में आगामी 25 मई को मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि आरंभ 25 मई की प्रातः 4 बजक 30 मिनट पर होगा, जिसका समापन अगले दिन यानि कि 26 मई की प्रातः 5 बजकर 10 मिनट पर होगा। इसलिए उदयातिथि के अनुसार गंगा दशहरा 25 मई को मनाया जाएगा। इस दिन हरिद्वार, वाराणसी, ऋषिकेश और प्रयागराज जैसे तीर्थ स्थलों पर गंगा स्नान का विशेष महत्व है। यदि गंगा तट पर जाना संभव न हो, तो घर पर ही नहाने के पानी में थोड़ा गंगाजल मिलाकर स्नान किया जाता है। शाम के समय गंगा घाटों पर भव्य गंगा आरती की जाती है और नदियों में दीप प्रवाहित (दीपदान) किए जाते हैं, जो देखने में अत्यंत अलौकिक लगता है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा

जगत क्रान्ति ⏭ जींद (हि.स.)

एडीजे फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म व धमकी मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष का कठोर कारावास व 70 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार अलेवा थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपनी पत्नी के साथ मजदूरी करने गया हुआ था। घर में उसकी 14 वर्षीय बेटी अकेली थी। उनके पड़ोसी तरसेम, रिश्ते में दादा ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने तथा घटना के बारे में किसी को बताने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। जब उसकी बेटी के हालात बिगड़े तो उन्होंने बेटी से पूछताछ की तो उसने तरसेम की करतूत के बारे में बताया।

महिला थाना पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर तरसेम के खिलाफ दुष्कर्म करने, छह पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। मंगलवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा की अदालत ने तरसेम को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष का कठोर कारावास व 70 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

पुलिस प्रवक्ता राजेश ने कहा कि जींद पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## जन सेवा संस्थान अनाथ एवं वृद्ध आश्रम में मेडिकल जांच शिविर का आयोजन

जगत क्रान्ति ⏭ अजय राजपूत



**पानीपत :** अनाथ एवं वृद्ध आश्रम में मंगलवार को लीनस क्लब पानीपत ग्रेटर ने हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जिसमें मैक्स हॉस्पिटल के डॉ. आंचल एवं बालाजी मल्टी स्पेशलिटी से डॉ. राजीव एवं उनकी टीम के सहयोग से आश्रम में रह रहे 194 में से 190 व्यक्तियों का मेडिकल चेकअप किया। साथ ही उनको दवाई आदि निःशुल्क वितरित की। दांतों और स्वास्थ्य की जांच के लोगों के चेहरे पर खुशी नजर आई। जनसेवा संस्थान के प्रधान सतीश गोयल ने बताया कि अभी आश्रम में 194 व्यक्ति यहां पर रह रहे हैं, जिन्हें आश्रम में आने के बाद सभी प्रकार की सुविधाएं निशुल्क रखी गई हैं। इसमें भोजन, दवाई, आवास आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी लोगों की सेवा बहुत ही स्वच्छता से की जाती है। हर बिरादरी के लोग यहां पर रह रहे हैं।

उप प्रधान राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि आश्रम में प्रतिदिन चार समय भोजन, चाय, दूध आदि की व्यवस्था की जाती है। इन लोगों की सेवा कर मन को सुकून मिलता है। मीडिया प्रभारी सुरेश काबरा ने बताया कि आश्रम में स्वच्छता व भोजन बनाने, उनके सोने-बैठने की व्यवस्था भी उचित तरीके से की जाती है। उन्होंने पानीपत वासियों से अपील की है कि नर सेवा ही नारायण सेवा है, के मद्देनजर वे अपने जन्मदिन, विवाह सालगिरह या माता-पिता की पुण्यतिथि पर ऐसे जरूरतमंदों लोगों को भोजन प्रसाद खिलाकर उनकी दुआएं लेकर पुण्य के भागीदार बन सकते हैं। इस दौरान सचिव ईश्वर अग्रवाल, हरिमोहन गुप्ता, विनोद जिंदल, सदानंद अग्रवाल, वीणा गोयल, नीलम अग्रवाल, सुनीता गोयल, कालिंदी, किरण, मंजू गोयल, उर्वशी गोयल आदि मौजूद रहे।


श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भगत सिंह रोड़, हाँसी

(संस्था श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय)

10वीं कक्षा का सत्र 2025-26 का शानदार परीक्षा परिणाम

कक्षा - 10 कुल छात्राएं - 37 बोर्ड मैरिट - 23


रूहानी सुपुत्री श्री राजेश कुमार 480/500


जानवी सुपुत्री श्री अजीत 478/500


कीर्ति सुपुत्री श्री जय भगवान 477/500


जानवी सुपुत्री श्री संजीव कुमार 476/500


डिम्पी सुपुत्री श्री अजय कुमार 463/500


कोमल सुपुत्री श्री कृष्ण कुमार 458/500


हिना सुपुत्री श्री राजकुमार 455/500


प्रतिज्ञा सुपुत्री श्री जीतू कुमार 455/500


परी सुपुत्री श्री पंकज 455/500


कशिश सुपुत्री श्री कुलदीप कुमार 447/500


प्रियंका सुपुत्री श्री रामनिवास 442/500


पायल सुपुत्री श्री कृष्ण कुमार 437/500


संगीता सुपुत्री श्री शंकर 428/500


महिमा सुपुत्री श्री संजय 414/500


राशि सुपुत्री श्री विक्रांत 403/500


बेबो सुपुत्री श्री प्रवीन बंसल 401/500

10वीं में विषयवार अधिकतम अंक
विज्ञान -100
ड्राईंग - 100
संस्कृत - 99
शारीरिक शिक्षा - 99
अंग्रेजी - 98
हिन्दी - 98
सामाजिक विज्ञान - 95
गणित - 94

12वीं कक्षा का सत्र 2025-26 का शानदार परीक्षा परिणाम

12वीं आर्ट्स कुल छात्राएं - 38 बोर्ड मैरिट - 20
12वीं कॉमर्स कुल छात्राएं - 08 बोर्ड मैरिट - 04
12वीं साईंस कुल छात्राएं - 18 बोर्ड मैरिट - 02


चाहत सुपुत्री श्री सुनील कुमार 477/500 (आर्ट्स)


काकूल सैनी सुपुत्री श्री मोनू 463/500 (आर्ट्स)


ज्ञायत्री सुपुत्री श्री राकेश कुमार 455/500 (आर्ट्स)


पयमिनी सुपुत्री श्री सूरजमल 408/500 (साईंस)


रितु सुपुत्री श्री महेन्द्र कुमार 407/500 (कामर्स)


सारिका सुपुत्री श्री मुकेश 405/500 (साईंस)


रुहानिका सुपुत्री श्री मनीराम 405/500 (कामर्स)


कीर्ति सुपुत्री श्री रामकेश 404/500 (कामर्स)


डोली सुपुत्री श्री विकास 388/500 (साईंस)

12वीं में विषयवार अधिकतम अंक
अंग्रेजी - 98, हिन्दी - 95, ललित कला - 99
संस्कृत - 98 शारीरिक शिक्षा - 97, गणित - 86
राजनीति शास्त्र - 98, अर्थशास्त्र - 85, इतिहास - 90
अकाउंटैंसी - 89, बिजनेस स्टडीज - 93, फिजिक्स - 88
कैमिस्ट्री - 82, बायोलोजी - 88, कम्प्यूटर साईंस - 98

इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए सभी छात्राएँ, अभिभावकगण व अध्यापकगण बधाई के पात्र हैं।

श्री सज्जन कुमार गोयल - संरक्षक
प्रीतम कुमार गोयल - अध्यक्ष
श्री नकुल कुमार अग्रवाल - महामंत्री
श्री ईश्वर कुमार गोयल - उपप्रबन्धक
श्री लक्ष्मीकांत गोयल - कोषाध्यक्ष
श्री रजत कुमार अग्रवाल - प्रबन्धक
श्रीमती रेनू बंसल - प्राचार्य